वर्ष-31, अंक- 216, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शनिवार
24 मई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेले को लेकर सीएम ने की उच्चस्तरीय बैठक

# श्रावणी मेले से झारखंड को देश दुनिया में मिली है अलग पहचान



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बाबा बैद्यनाथ धाम में 11 जुलाई से लगने वाले विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेले को लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम-बासुकीनाथ तीर्थ क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं वरीय अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। राजधानी रांची के एटीआई सभागार में आयोजित इस उच्चस्तरीय बैठक में इस वर्ष 11 जुलाई से लगने वाले श्रावणी मेले की तैयारियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रावणी मेला में देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा एवं सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। श्रावणी मेला हमारी आस्था का बड़ा केंद्र है। श्रावणी मेले के कारण झारखंड को देश-दुनिया में एक अलग पहचान मिली है। हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा नगरी आते हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष इस विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले का आयोजन काफी बेहतर तरीके से किया जा रहा है। इस वर्ष भी करीब 50 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में वे यहां से बेहतर अनुभव लेकर जाएं, इसके लिए श्रावणी मेला में नई कड़ी जोड़ते हुए इसे और भव्य रूप देने की दिशा में आगे बढ़ें, इसके लिए जो भी जरूरतें होंगी, सरकार की ओर से मुहैया कराई जाएंगी।



### विभागीय समन्वय से मेले को भव्य रूप देने पर जोर

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में हुई इस उच्चस्तरीय बैठक में जहां विभागों के बीच समन्वय पर जोर दिया गया, वहीं श्रावणी मेला को भव्य रूप देने की बात कही गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रावणी मेला में सुरक्षा, साफ-सफाई, विश्राम, पेयजल, बिजली, पानी, शौचालय, स्नानघर, यातायात और स्वास्थ्य से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ होनी चाहिए। इसके लिए सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर तैयारियों को अंतिम रूप दें, साथ ही रैयतों से बात कर श्रावणी

शेष पेज 11 पर

## सीएम हेमंत सोरेन पहुंचे दिल्ली, नीति आयोग की बैठक में होंगे शामिल

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार 24 मई को नीति आयोग शासी निकाय की बैठक में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची से नई दिल्ली पहुंच चुके हैं। इस बैठक में नगर विकास विभाग द्वारा विकसित भारत 2047 के तहत रोडमैप पेश किया जाएगा। नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री के अलावे झारखंड सरकार के कई आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। नीति आयोग कि इस बैठक में झारखंड सरकार की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में नगर विकास विभाग विकसित भारत 2047 के अंतर्गत राज्य का रोडमैप प्रस्तुत करेगा। इस बैठक में राज्य सरकार के द्वारा एक्शन टेकेन रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाएगी। पिछली बैठक के दौरान मुद्रा ऋण योजना और पीएम स्वनिधि योजना पर चर्चा हुई थी। इसके तहत समाज के ऐसे लोग जो हासिए पर हैं और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की पहल को लेकर सरकार के द्वारा उठाए गए कदम से संबंधित रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाएगी। राज्य सरकार के द्वारा तैयार रिपोर्ट के अनुसार, झारखंड में 6278 जरूरतमंद लोगों को 55.33 करोड1 रुपए की मुद्रा ऋण वितरित किए गए हैं।

शेष पेज 11 पर

# हजारीबाग में अवैध कोयला खदान में घुसा पानी, 3 मजदूरों की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के केरेडारी थाना क्षेत्र के कंडाबेर एवं बरियातू सीमावर्ती क्षेत्र स्थित खावा नदी के किनारे अवैध कोयले की खदान में नदी का पानी घुस गया। इसमें फंसे तीन मजदूरों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार, प्रशासन ने मजदूरों को निकालने के लिये एनटीपीसी से मदद की गुहार लगाई है। इस पर एनटीपीसी ने अवैध कोयला खदान में तीन बड़े-बड़े मोटर पंप उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

**सीओ ने क्या बताया :** अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल ने बताया कि घटना की सूचना सुबह मिली। घटनास्थल पर पहुंच कर निरीक्षण किया। इसके बाद एनटीपीसी के अधिकारियों को फोन कर कंपनी से तीन पानी पंप मशीन मंगाया गया है। तीनों मशीन से खदान का पानी सुखाने का प्रयास किया जा रहा है।

**थाना प्रभारी ने क्या कहा :** वहीं, केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार ने कहा कि उन्हें अवैध कोयला उत्खनन की जानकारी नहीं थी। जंगल में कोयले का अवैध खदान चलता है,इसकी जानकारी पहली बार हुई। मामले की जांच की जा रही है। अवैध कार्य में संलिप्त लोगों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

» हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र के कंडाबेर और बरियातू सीमावर्ती खावा नदी के किनारे की अवैध कोयला खदान

» भारी बारिश के कारण नदी का पानी अवैध कोयला खदान में घुस गया, जिससे तीन मजदूर फंस गए और उनकी मौत हो गई





### कैसे हुई घटना

केरेडारी कंडावेर के खावा नदी के किनारे कोयला का अवैध उत्खनन कई माह से बड़े पैमाने पर किया जा रह था। 21 मई की दोपहर तीन बजे अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश को देखते हुए कोयले का अवैध उत्खनन करनेवाले तीन लोग खदान के अंदर रखे गए पानी मशीन को निकालने पहुंचे थे। इसी बीच तेज बारिश होने के कारण नदी पानी को रोकने के लिए बनाए गए मेढ़ को तोड़ते खदान में घुस गई। इस हादसे में तीनों मजदूर खदान में ही फंस गए और उनकी मौत हो गयी।

### मृतकों की हुई पहचान

खदान में फंसने वाले मजदूरों में कंडाबेर गांव निवासी रीतलाल साव के 45 वर्षीय पुत्र प्रमोद साव, शंभू साव के 25 वर्षीय पुत्र उमेश कुमार और बदरुद्दीन मियां के 25 वर्षीय पुत्र नौशाद आलम शामिल हैं। इनमें से प्रमोद साव और उमेश साव खदान संचालक है। तीनों की मौत की खबर से इलाके में मातम फैल गया है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

# ब्राउन शूगर बेचने वाले चार ड्रग्स पैडलर गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता





**रांची।** राजधानी रांची की पुलिस ने ड्रग्स बेचने वाले चार पैडलर को गिफ्तार किया है। इनमें सासाराम गैंग के दो सदस्य भी शामिल है। इसमें एक लड़की भी शामिल है। दो पैडलर को पुरानी रांची के नूर नगर और सुखदेवनगर थानाक्षेत्र के बिड़ला मैदान से गिरफ्तार किया है। डीआईजी सह एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी है। इस कार्रवाई में पहली छापेमारी कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में नूर नगर में हुई। पुलिस की टीम ने मकान मालिक अहसन जुनैद के घर पर उनकी मौजूदगी में सेजल खान के कमरे में छापेमारी की। उसके कमरे में सूरज कुमार नाम का एक लड़का भी मौजूद था। उसकी पहचान बिहार के रोहतास में मौजूद करहगर थाना के बड़की खरारी गांव निवासी के रुप में हुई है। दोनों के पास से 110 ग्राम ब्राउन शूगर और साढ़े चार लाख रु। बरामद हुए हैं। दोनों ने पुलिस को बताया है कि उनके बीच प्रेम प्रसंग है और वे लंबे समय से सासाराम से ब्राउन शुगर लाकर रांची में बेचते आ रहे हैं।

शेष पेज 11 पर

# 12 साल के बच्चे की गला रेतकर बेरहमी से हत्या, आम तोड़ने गया था मासूम

- आरोपी की पत्नी हथियार लेकर पीड़ित के घर आई और घंटों तक नाचकर हंगामा किया
- ग्रामीणों को भी मारने की कोशिश की, पर हथियार के डर से कोई उसे रोक नहीं सका

नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जुगीदारू गांव के बांधाटोला में आपसी रंजिश में 12 वर्षीय बच्चे की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक अर्जुन बानसिंह जुगीदारू गांव निवासी सिकुर बानसिंह का बेटा था। घटना गुरुवार दिन के करीब 3 बजे की बताई जा रही है। देर शाम घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस गांव पहुंची और घटना स्थल से शव उठाकर सदर अस्पताल लाई। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी चंद्रमोहन बानसिंह को गिरफ्तार का लिया है। मृतक उत्क्रमित मध्य विद्यालय कबरागुटु में कक्षा सात में पढ़ता था।

शेष पेज 11 पर

### आंधी के बाद आम चुनने गए भाई-बहन पर हमला

मृतक के पिता सिकुर बानसिंह ने बताया कि गुरुवार को दिन में आंधी-पानी आया था। उस समय उनका बेटा और बेटी घर से कुछ दूर स्थित पेड़ से गिरा आम चुनने गए थे। वहां पर दोनों भाई-बहन पेड़ से गिरा आम चुन रहे थे। इसी दौरान गांव के अर्जुन बानसिंह वहां आया। उनके बच्चे को पकड़ा और गला रेत कर हत्या कर दी। वारदात देखकर उसकी छोटी बहन भाग कर घर आई और अपनी मां को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही उसकी मां आम पेड़ के नीचे गई तो बेटे को आम पेड़ के नीचे लहूलुहान पाया। आरोपी ने उसकी बेटी को भी जान मारने के लिए कुछ दूर तक दौड़ाया था। वह गुरुवार को लगिया बाजार स जी खरीदने गया था। पत्नी ने फोन कर घटना की जानकारी दी।

**आज / कल**





# पीएम मोदी आज मुख्यमंत्रियों के साथ करेंगे अहम बैठक

उदय चंद्र सिंह

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शनिवार को देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करने जा रहे हैं। यह बैठक नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की होगी, जिसका फोकस 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को लेकर एक साझा और व्यावहारिक रोडमैप तैयार करना है। यह बैठक उस समय हो रही है जब देश 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद उत्साह और राष्ट्रीय गौरव के भाव में है। इस उच्च स्तरीय बैठक का प्रमुख उद्देश्य भारत की आज़ादी के 100 वर्ष पूरे होने तक देश को एक विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र बनाने की दिशा में रणनीति तय करना है। 'विकसित भारत@2047' की अवधारणा के अंतर्गत राज्यों को आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी दृष्टि से सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार उनके साथ मिलकर काम करना चाहती है।

शेष पेज 11 पर



- विपक्ष शासित मुख्यमंत्रियों की भागीदारी पर रहेगी नजर

### विपक्ष शासित राज्यों की भूमिका पर नजर

इस बैठक में विपक्षी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति पर विशेष निगाह रहेगी। पिछले वर्षों में देखा गया है कि कुछ विपक्षी मुख्यमंत्री इन बैठकों से दूरी बना चुके हैं, लेकिन इस बार की बैठक 'ऑपरेशन सिंदूर' की राष्ट्रीय भावना और 2047 के विजन को देखते हुए और भी अहम हो गई है। केंद्र सरकार को उम्मीद है कि सभी राज्य, चाहे किसी भी राजनीतिक विचारधारा से हों, 'विकसित भारत' के लक्ष्य में सहभागी बनेंगे। नीति आयोग का मानना है कि भारत के समग्र विकास के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की भागीदारी अनिवार्य है। इसीलिए यह बैठक राज्यों को उनके विकास लक्ष्यों को केंद्र की प्राथमिकताओं से जोड़ने का प्रयास है। इस प्रक्रिया में शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, कृषि, महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास जैसे मुद्दों पर राज्यों की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां तय की जाएंगी।

शेष पेज 11 पर

# लोकसभा स्पीकर ओम बिरला कल झारखंड में

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 25 मई को झारखंड आ रहे हैं। बतौर लोकसभा स्पीकर पहली बार उनका झारखंड आगमन हो रहा है। वह रांची और जमशेदपुर के कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। जमशेदपुर में जहां वे सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्लेटिनम जुबली समारोह में शामिल होंगे, वहीं रांची में विभिन्न समूहों द्वारा नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उसमें वह शिरकत करेंगे।

**सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स का है प्लेटिनम जुबली समारोह :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का 25 मई यानी रविवार की सुबह 9:10 बजे रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर आगमन होगा। इसके बाद सुबह 9:20 बजे वे बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। दोपहर 12:15 बजे से दोपहर 2 बजे तक जमशेदपुर के लोयोला स्कूल के फैसी सभागार में सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्लेटिनम जुबली समारोह में शामिल होंगे।

**रांची में होगा नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम :** जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से दोपहर 3:15 बजे वे रांची के लिए लौटेंगे। रांची में शाम 5:45 बजे से 7:40 बजे तक डंगराटोली के स्वर्णभूमि सभागार में विभिन्न समूहों द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।



- रांची और जमशेदपुर के कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**इंडिया**

# देश में शिष्टाचार बनता भ्रष्टाचार और निंदन की मुलायम सजा



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

देश में भ्रष्टाचार अब समाचार नहीं बल्कि शिष्टाचार की श्रेणी में है और कभी सादा जीवन उच्च विचार के आदर्श वाक्य को जीवन का मूलमंत्र मानने वाले भारत में भ्रष्टाचारियों का जिस तरह सम्मान और ग्राह्यता बढ़ी है वह निश्चित रूप से चिंता की बात है। इसके पीछे के कारणों को समझने के लिए हमें समझना पड़ेगा कि हम भ्रष्ट क्यों हैं ? देश का आम आदमी दो तरह से भ्रष्ट है एक करप्ट बाई चॉइस और दूसरा करप्ट बाई फ़ोर्स यानी भ्रष्ट जानबूझकर बना है ताकि दूसरे के हिस्से का लाभ भी उसे मिल सके और और दूसरा उसे मजबूर किया गया है कि वह भ्रष्ट बने क्योंकि पूरा भ्रष्ट तंत्र उसे परेशान कर रहा है। राज्य सरकार ने खलारी के पूर्व सीओ रवि किशोर राम को निंदन की सजा दी उन पर आरोप था कि उन्होंने बुकबुका ग्राम में 1.59 एकड़ जमीन का फर्जी तरीके से बलदेव महतो के नाम रसीद काटने में मदद की जो जमीन बिहार सरकार के नाम दर्ज है। पूर्व राज्यपाल सैयद अहमद द्वारा लागू कराए 2012 में हुए संशोधन के अनुसार निंदन की सजा को और मुलायम कर तीन साल से समेट कर एक साल कर दिया गया । जमशेदपुर के पूर्व सहायक निबंधक सहयोग समितियां मनोज कुमार पर वित्तीय अनियमितता करने का आरोप है।यह लघु दंड है। यह सजा पाने वाले अफसर और कर्मचारी का प्रमोशन और इंक्रीमेंट का लाभ नहीं मिलता। उनकी वेतन वृद्धि रोक दी जाती है। समझा जा सकता है कि करोड़ों की फेराफेरी में कोई मामला कभी पकड़ा भी गया तो कुछ हजार की वेतनवृद्धि रोकने से क्या होगा। यहां प्रासंगिक है कि फांसी की सजा का विरोध करने वाले कथित बुद्धिजीवी सुप्रीम कोर्ट से फांसी की सजा पाए अफजल गुरु और सजायफ्ता कुछ कुख्यात लोगों के लिए आधी रात में सुप्रीम कोर्ट खुलवाने को आतुर हो जाते हैं पर देश की जड़ों को खोखला करता भ्रष्टाचार उनके लिए मुद्दा नहीं जबकि पडोसी ईरान,यूएई जैसे देशों में सजा चोरी छिपे नहीं चौराहे पर तत्काल दी जाती जाती है और वहां हमारी



तरह 5 करोड़ मुकद्दमे लंबित नहीं हैं इसलिए भ्रष्टाचार या अपराध करने वाले की रूह कांप जाती है जबकि रंगे हाथ रिश्वत लेते पकड़े गए सरकारी कर्मचारी कुछ महीनों में छूटकर फिर पूरी बेशर्मी से नौकरी करते हुए रिटायर तक हो जाते हैं और मामला चलता रहता है । इन्हें संरक्षण देने का काम जातीय-धार्मिक आधार पर राजनीति करने वाले कुछ भ्रष्ट नेता करते हैं जिनका गठजोड़ भ्रष्ट अधिकारियों से लेकर अपराधियों के तंत्र से होता है । वर्षों या आरोपी अधिकारियों के रिटायर होने या मृत्यु तक अभिजोजन की स्वीकृति नहीं देने का इतिहास था पर अभी झारखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया है जब पहली बार भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने प्रधान सचिव स्तर के अधिकारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इससे पहले दरोगा, सिपाही, अंचलाधिकारी (सीओ), राजस्व कर्मचारी और बीडीओ स्तर के अधिकारियों को गिरफ्तारियां होती रही है। लेकिन अब एसीबी ने अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए प्रधान सचिव और ज्वाइंट कमिश्नर रैंक के अधिकारियों को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया है।पूर्व सीएम,मंत्री तक झारखंड में जेल गए पर अभी सात आईएएस अधिकारियों की चर्चा हो रही है जिनमें सजल चक्रवर्ती चारा घोटाले में सीबीआई द्वारा जेल भेजे गए पहले आईएएस अधिकारी थे। डॉ। प्रदीप कुमार को दवा घोटाले मामले में सीबीआई ने जेल भेजा था। स्वास्थ्य विभाग में अनियमितताओं में सियाराम प्रसाद सिन्हा को भी सीबीआई ने जेल भेजा था।छवि रंजन को जमीन घोटाला के दो अलग-अलग मामलों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इन्हें जेल भेजा। यह मामले भू-अधिग्रहण और सरकारी जमीन की हेराफेरी से संबंधित थे।पूजा सिंघल को मनरेगा घोटाले में ईडी ने इन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा था। यह मामला ग्रामीण विकास योजनाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी से जुड़ा था जो अब जमानत पर बाहर आकर पूर्ववत काम कर रहीं हैं ।आईएएस अधिकारी और पलामू के पूर्व बंदोबस्त पदाधिकारी अनिल कुमार को भी भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जाना पड़ा था। यह मामला शिक्षा विभाग में हुई अवैध नियुक्ति की फाइल गायब करने से जुड़ा था। झारखंड एसीबी ने बीते 20 मई को शराब घोटाले मामले में प्रधान सचिव विनय चौबे को गिरफ्तार कर जेल भेजा है जो अभी रिम्स में इलाजरत हैं। देश के अनेक राज्यों में बड़े अधिकारियों या नेताओं को गिरफ्तार तो किया जाता है पर सजा दिलाना टेढ़ी खीर है । कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के 2023 के आंकड़ों के अनुसार, लोक सेवकों से जुड़े भ्रष्टाचार के 118 से अधिक मामलों में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों से जुड़े छह मामले हैं, जो केंद्र और राज्य सरकारों से अभियोजन की मंजूरी का इंतजार कर रहे थे। झारखंड में कानून बनने वाले विधानसभा में ही कई बार अवैध नियुक्तियां करने का मामला जांच के बाद जांच पर ही लटका हुआ है। समय की मांग है कि भ्रष्ट लोगों को सजा होते दिखाया जाए न कि गिरफ्तारी या निंदन।

**भारतीय सैनिकों की शौर्य गाथा**

# पूरी दुनिया भारतीय सैनिकों की वीरता का गुणगान कर रही है





डॉ. जंग बहादुर पाण्डेय
पूर्व अध्यक्ष हिंदी विभाग, रांची विश्वविद्यालय रांची

भारतीय सैनिकों ने हाल ही में पहलगाम में हुए हमले का मुंह तोड़ जबाब ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दिया और अपनी शक्ति और शौर्य का प्रदर्शन किया। पूरी दुनिया भारतीय सैनिकों की वीरता का गुणगान कर रही है। इसीलिए राष्ट्र कवि दिनकर ने अपनी लेखनी से भारत मां के उन वीर सपूतों की गुण गाथा लिखने और उनको नमन करने का विनम्र अनुरोध किया हैः-

कलम आज उनकी जय बोल !
जला अस्थियां बारी बारी,
छिटकाई जिसने चिनगारी,
जो चढ़ गये पुष्प वेदी पर,
लिये बिना गर्दन का मोल।
कलम आज उनकी जय बोल

सचमुच जो व्यक्ति देश के लिए अपने प्राणों को सूली के तख्ते पर चढ़ा देता है,उसे देश भगवान की तरह पूजता है,उसकी आरती उतारता है,उसकी गाथाओं का पाठ करता है तथा उसकी स्मृति को ताजा रखने के लिए उत्सव मनाता हैः-

शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले।
वतन पे मारनेवालों का यहु बांटी निशान होगा।
जय जवान जय जय विज्ञान।

## 26 से 30 तक आई चेकअप कैंप का आयोजन

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के पहल से लेंस कार्ट फाउन्डेशन दिल्ली द्वारा लातेहार प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर 26 से 30 तक आई चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप सुबह आठ बजे से शुरू होगा। कैंप सदर प्रखंड के सांसग पंचायत में 26 को, नावागढ़ पंचायत में 27 को, पांडेयपुरा पंचायत में 28 को, परसही पंचायत में 29 को, मोंगर पंचायत में 30 मई को आयोजित की जाएगी।

# ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराया

### 3700 मे 250 चापानल हैं खराब



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद क्षेत्रों में इस भीषण गर्मी में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है। पेयजल व स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता राजेश सिंह ने बताया कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में करीब 3700 चापाकल लगाये गए हैं, जिसमें 250 चापाकल खराब पड़े हैं। उसको चिन्हित कर मरम्मत का कार्य कराया जा रहा। समाजिक कार्यकर्ता व वार्ड नौ के निवर्तमान वार्ड पार्षद नजीर अहमद ने बताया कि हुसैनाबाद शहर में जल मिशन योजना के तहत अनुमंडल मुख्यालय के सिटी सह नगर पंचायत क्षेत्र के गुलबाग स्टेडियम के पास स्थापित जलमीनार शुरूआत से ही डेड पड़ा है। कुर्मी टोला, नदी पर हरिजन टोला, मोहम्मदाबाद सहित कई जगहों का जलमीनार खराब हो गया है, परंतु नगर पंचायत के द्वारा इसे अबतक ठीक नहीं किया गया हैं। जबकि सभी छह माह व एक साल से खराब पड़ा है। इससे आसपास के घरों में पानी का घोर संकट उत्पन्न होने लगा है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है। जिससे पेयजल संकट गहराने लगा हैं। गर्मी में परेशानी और बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद सिटी के 16 वार्डों में जल मिशन योजना के तहत करीब 35 जलमीनार लगाया गया था, जिसमें आधे से अधिक विभागीय देखरेख के अभाव में खराब है। वहीं देवरी सोन नदी में भी स्थाई समाधान नहीं होने के कारण प्रत्येक वर्ष जलस्तर नीचे चले जाने से शहर में होने वाली जलापूर्ति भी बाधित हो जाती हैं। शहर में पानी सफ्लाई नियमित नहीं हो रही हैं। कई चापाकल भी जवाब देने लगा है। वहीं हैदरनगर रोड में, संगत मुहल्ला, मंदिर के पास चापानल खराब है। अधिकांश वाहन टैक्सी स्टैंड में न लगाकर जपला छतरपुर मुख्य सड़क के किनारे ही लगते है, जिससे होटलों में ही जाकर यात्री पानी पीते हैं, दुकानदार भी बिना कुछ खाये पानी देने से मना कर देते हैं। उधर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी टीके हंस ने बताया कि शहर में खराब पड़े जलमीनार व खराब चापाकल की मरम्मत की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्राथमिकता के आधार पर चापाकल बनाने का कार्य भी किया जा रहा है।

## दूसरे दिन भी फर्जी चिकित्सालय की हुई जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** विभागीय निर्देश पर शहरी क्षेत्र में दूसरे दिन शुक्रवार को भी फर्जी चिकित्सालय की जांच की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद व पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बिहार सीमा के समीप मेन रोड पर स्थित आयुष हास्पिटल की जांच किया। जांच टीम ने उपस्थित कर्मियों से कागजात तथा चिकित्सक के बारे में पूछताछ किया। बाद में हास्पिटल संचालक सर्जन डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार ने हास्पिटल संबंधित कागजात जांच टीम को दिखाया। बीडीओ ने बताया कि फर्जी चिकित्सालय के खिलाफ जांच जारी रहेगी। इस अवसर पर बीपीएम संजय कुमार सिंह, एस आई सतीश कुमार गुप्ता, सुनील कुमार सहित कई पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

## नगर पंचायत क्षेत्र में वूमन फॉर ट्री योजना अभियान की शुरूआत की गयी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को नगर पंचायत के द्वारा अमृत योजना अंतर्गत संचालित होने वाले वुमन फॉर ट्री योजना की शुरूआत की गयी। इस अभियान का औपचारिक शुभारंभ हुसैनाबाद नपं की नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा,नगर मिशन प्रबंधक राकेश सिंह,नपं कर्मी धीरज कुमार,आशीष सिंह,आदिल आलम और शहर स्तर के स्वयं सहायता समूहों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में पंच सरोवर मंदिर पार्क व जेपी चौक स्थित छठ पोखरा पर किया गया। भारत सरकार की ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ पहल से प्रेरित होकर, इस लिंग-समावेशी कार्यक्रम का उद्देश्य शहरी हरित स्थानों को मजबूत करना और वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण में स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), विशेष रूप से महिलाओं को सक्रिय रूप से शामिल करना है। नपं के पदाधिकारियों ने शहर स्तर के स्वयं सहायता समूह के महिला स्वयंसेवको को तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान उपयोग के लिए अभियान किट का वितरण किया। स्वयं सहायता समूहों के पदाधिकारियों और सदस्यों को संबोधित करते हुए नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा ने कहा कि वृक्षारोपण की पहल से महिलाओं को विविध आर्थिक अवसर मिल सकते हैं। उदाहरण के लिए, महिलाएं नर्सरी की स्थापना, पौधे लगाने और रखरखाव की गतिविधियों में शामिल होकर आय अर्जित कर सकती हैं और रोजगार के अवसर पैदा कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं को इन अवसरों तक पहुंच मिलती है, तो इसका व्यापक प्रभाव पड़ता है, जिसका पूरे समुदाय और अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण से महिलाओं को सामाजिक रूप से भी सशक्त बनाया जा सकता है। महिलाएं समुदाय-आधारित पहलों, जैसे कृषि वानिकी तकनीक, नर्सरी प्रबंधन और व्यवसाय विकास में भाग लेकर मूल्यवान कौशल और ज्ञान प्राप्त कर सकती हैं। ये कौशल उनके आत्मविश्वास को बढ़ा सकते हैं और उन्हें सामुदायिक नेतृत्व की भूमिका निभाने में सक्षम बना सकते हैं। उन्होंने आगे कहा की महिलाएँ वृक्ष नर्सरी स्थापित करने और उनका प्रबंधन करने, पेड़ लगाने और उनकी वृद्धि की निगरानी करने के लिए मिलकर काम कर सकती हैं। यह सहयोगात्मक प्रयास महिलाओं को चुनौतियों का सामना करने और सामूहिक रूप से अपने अधिकारों की वकालत करने के लिए सशक्त बना सकता है।

## 30 घंटा बाद भूख हड़ताल खत्म



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय निवासी अनिल राम ने अपने जमीन विवाद को लेकर 30 घंटे से प्रखंड परिसर में भूख हड़ताल पर बैठे थे। बताते चले की खाता संख्या 4, प्लॉट संख्या 940 (नया खाता 49, प्लॉट 1383, रकबा 10 डिसमिल) की जमीन को लेकर चल रहे विवाद पर जब चिनीयां अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव ने भरोसा दिलाया कि जांच के बाद पुराने केवाला धारक के पक्ष में दाखिल-खारिज किया जाएगा, तब जाकर शुक्रवार की शाम 4 बजे अनशन समाप्त हुआ। अनिल राम ने बताया कि उक्त जमीन की रजिस्ट्री वर्ष 1999 में गोरक्षण प्रसाद द्वारा कोरईल राम, भिखूराम व लखराज राम के नाम की गई थी, लेकिन दाखिल-खारिज नहीं हो सका था। 2011 में गोरक्षण प्रसाद ने उसी जमीन को अन्य लोगों को बेच दिया, जिससे विवाद गहरा गया। अंचलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को समझते हुए आश्वासन दिया कि उचित जांच के बाद पुराने केवाला धारकों के नाम दाखिल-खारिज किया जाएगा। साथ ही बाद में किए गए दाखिल-खारिज को रद्द कर दिया गया है। अंचला अधिकारी ने एक महीने के अंदर ऑनलाइन रसीद और दाखिल-खारिज की प्रक्रिया पूरी करने का भरोसा दिया। अंचलाधिकारी के जूस पिलाने के साथ ही अनिल राम का अनशन समाप्त हुआ। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुबोध कुमार, अंचल निरीक्षक विनय कुमार, राजस्व कर्मचारी विनोद कुमार दुबे, प्रखंड नाजिर नुमान अंसारी, जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, पंचायत सेवक आनंद कुमार, ग्रामीण कृष्णा राम, लखन राज राम, दयाराम, पिंटू राम, पूर्व बिडीसी संगीता देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। यह मामला दिखाता है कि जब जनता अपनी बात पर अडिग होती है, तो प्रशासन को भी कदम उठाने पड़ते हैं।

## अंतर स्कूली कबड्डी खेल प्रतियोगिता का फाइनल मैच आयोजित, छात्रों को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहर के अमन चैन मुहल्ला स्थित समता स्कूल परिसर में अंतर स्कूली कबड्डी खेल प्रतियोगिता का फाइनल कबड्डी मैच आयोजित की गई। जिसमें समता स्कूल के छात्र एवं छात्राएं, सक्सेस स्कूल के छात्र एवं छात्राएं को डे बोर्डिंग प्लेयर के साथ खेलाया गया। जिसमें डे बोर्डिंग प्लेयर प्रथम स्थान तथा सक्सेस स्कूल दूसरे स्थान पर तथा समता स्कूल के बच्चे तृतीय स्थान पर रहे। लेकिन सभी कोटि के छात्र एवं छात्राओं को मेडल पहनाकर निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार , मनोज शर्मा, एवं राहुल चौहान के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर समता स्कूल के निदेशक सह प्रधानाचार्य डॉ. अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी रहता है, क्योंकि खेलकूद से हमारे शारीरिक और मानसिक विकास होता है। निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी बच्चों के लिये आवश्यक है, क्योंकि इससे शारीरिक व मानसिक विकास होता है। इस मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षक विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल, प्रियंका देवी, दशरथ कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, सानिया खातून, प्रियंका देवी, सुभाष कुमार शकुंतला देवी, बबिता देवी,, रीना देवी, उम्म जहरा, मुकेश कुमार, नंदू प्रजापति, अनूप पांडेय एवं परिचारिका विमला कुंवर सहित कई छात्र- छात्राएं भी उपस्थित थे।

## बालू घाट पर अपराधिक तत्वों का प्रभाव



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड क्षेत्र में सरकारी योजनाओं के विकास कार्य में गति लाने को लेकर जिला प्रशासन ने परता पंचायत स्थित सोन नदी के तटवती बालू घाट से बालू उठाव की अनुमति प्रदान की है। इसके लिये प्रति ट्रैक्टर 100 रुपये भुगतान चालान के माध्यम किया जाना है। बताया जाता है कि वर्ष 2017 से ही परता पंचायत में बालू उठाव के लिये सरकार की बनी नियमावली के तहत इस घाट से बालू उठाव कराने की अनुमति संबधित मुखिया कमल कुमार पासवान को मिली। उन्होंने कहा कि रात के अंधेरे में चार वर्ष पूर्व इस अनुमति की आड़ में बालू माफिया व इनके तथा कथित अपराधिक तत्व की रोटी नहीं सेंके जाने से वर्तमान में अर्नगल आरोप बालू की कालाबाजारी किये जाने के प्रति लगायी जाती ही नहीं रही है। बल्कि सरकारी योजनाओं व निजी आवास निर्माण कार्य को बाधित करने का षडयंत्र रचने में दिन रात लगे हैं। वरीय पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने कहा कि इस पंचायत के कई प्रतिनिधि भी पूर्व से अपराधिक प्रवृति सहित उनके गठजोड़ में रहे हैं। उनकी इस कार्य में कोई हाथ नहीं मिलने से इनकी जेब गर्म होना बंद होने से विक्षिप्तावस्था में चले गये हैं। उन्होंने कहा कि इसी पंचायत में पूरी रात बालू का खनन माफिया कबरा कला, कबरा खुर्द व परता से वर्ष 2022 तक करते रहे हैं। दूसरी बार पंचायत चुनाव होने के बाद सरकारी नियमावली के तहत कार्य शुरू किया जाना इन्हें नागवार गुजर रहा है। उक्त प्रवृति के लोग तो पुरानी आदत के मुताबिक अपने कार्यकाल के तहत बालू खनन कराना चाहते हैं। जिस पर रोक लगाये जाने से वर्तमान प्रतिनिधियों पर कालाबाजारी करने का आरोप मढ़ा जा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से दुष्प्रचार से बचकर निष्पक्ष बालू चोर गिरोह, लूटेरा को चिन्हित कर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ वर्तमान प्रतिनिधियों के अपराधिक इतिहास भी खंगालने की मांग के साथ कहा है कि वर्ष 2017 से 2022 मार्च तक बालू उठाव से पंचायत निधि में कितना राशि संग्रह किया गया, इसे सार्वजनिक करने की मांग की है। उन्होंने दावा के साथ कहा कि यदि पंचायत निधि में इस अवधि का पैसा यदि जमा होगा तो स्वयं पंचायत समिति सदस्य पद से इस्तीफा देने को तैयार हैं।

# रेल यात्रियों की परेशानी का अंत नहीं फुट ओवरब्रिज बनती है आश्रय स्थल

**नवीन मेल संवादाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन का अमृत भारत योजना के तहत आधुनिकीकरण, सौंदर्यीकरण और विकास किया गया। मगर धूप और बारिश से बचाव के लिए अब तक पर्याप्त संख्या में शेड निर्माण का काम फाइनल नहीं किया गया है। जबकि वृहदाकार शेड निर्माण का काम शुरू किया गया था। तब उम्मीद जताई गई थी कि चालू मौसम में ही धूप के बाद बारिश से बचाव की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी। मगर, इस कार्य के प्रति शिथिलता बरतने की वजह से चालू मौसम में इस सुविधा का लाभ मिलना मुश्किल नजर आती है। ऐसी स्थिति में रेल यात्रियों की परेशानी का अंत होता नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर तीखी धूप से बचाव के लिए पुरानी फुट ओवरब्रिज के नीचे ही ट्रेन की प्रतिक्षा को लेकर आश्रय लेनी पड़ती है। यात्रियों का कहना है कि अमृत भारत योजना के तहत उनकी सुविधा को विकसित करने के मामले में रवैया उपेक्षापूर्ण है। न तो पर्याप्त शेड बन सका है, न ही शीतल पेयजल और शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। फुट ओवरब्रिज का निर्माण भी धीमी रफ्तार से चल रहा है। नया फुट ओवरब्रिज नहीं तैयार किए जाने के कारण स्टेशन से अन्य प्लेटफॉर्म पर पहुंचने के लिए जोखिम और परेशानी उठानी पड़ती है।



### सुविधा अबतक उपलब्ध नहीं

बताया जाता है कि स्थानीय स्टेशन आसपास के अलावा गढ़वा जिले के साथ ही बिहार राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र के कई गांवों का रेलहेड है। जहां से ट्रेन की सुविधा उपलब्ध होती है। बड़ी संख्या में लोग इस स्टेशन से इस सुविधा का लाभ उठाकर महानगरों में इलाज, रोजगार, व्यापार और धार्मिक प्रयोजन के लिए सफर करते हैं। इससे इस स्टेशन को भारी राजस्व की प्राप्ति होती है। इसके बावजूद बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। इसका लोगों को मलाल है।

## छत से गिरकर युवक की मौत

**खरौंधी।** खरौंधी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिसरी पंचायत के लोहसियान टोला निवासी कन्हाई सिंह (35 वर्ष) की मौत गुरुवार रात्रि को छत से गिरने के कारण हो गई। जानकारी के अनुसार कन्हाई सिंह रोज की तरह खाना खाने के बाद रात्रि में घर की छत पर सोने गया था। परंतु देर रात वह अचानक छत से नीचे गिर गया। परिजनों को जब घटना की जानकारी हुई, तो आनन-फानन में उसे भवनाथपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों का मानना है कि कन्हाई सिंह संभवतः नींद में करवट लेते समय असंतुलित होकर छत से गिर गया।

## पुलिया निर्माण अधूरा रहने से आवागमन में ग्रामीणों को रही परेशानी


**रंका।** प्रखंड के तमगे पंचायत के जोलंगा सतबहिनी नाले पर 6 माह से पुलिया निर्माण का अधूरा छोड़ देने से ग्रामीणों को आवागमन में हो रही काफी समस्या। ग्रामीणों ने बताया कि तमगे पंचायत के जोलंगा के सतबहिनी नाले पर एक छोटा पुलिया का निर्माण ठेकेदार द्वारा किया जा रहा था। सात माह से इस नाले पर ठेकेदार द्वारा पुलिया का निर्माण अधूरा छोड़ देने से इस रास्ते जाने वाले राहगीर व घर जाने वाले ग्रामीणों को काफी समस्या उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस रोड से होते हुए लोग तमगे, कुद्रुम, कश्मार, रामकंडा, बाहारा आदि गांव में जाते हैं, परंतु ठेकेदार द्वारा इस सतबहिनी नाले पर पुलिया निर्माण का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। पुलिया के बगल में एक गड्ढा भी कर दिया गया है, जिससे चार पहिया वहान भी इस गड्ढे में फंस जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि अभी तो किसी प्रकार से लोग पैदल पार हो जाते हैं, परंतु बरसात के मौसम में और काफी समस्या उत्पन्न होगी। इस संबंध में तमगे पंचायत के मुखिया रिंकी देवी ने बताया कि ग्रामीणों काफी समय से इस पुलिया की समस्या को लेकर उनके पास आते रहे हैं। ठेकेदार राहुल से उनका पक्ष जाने का प्रयास किया गया। मोबाइल पर संपर्क करने के दौरान नंबर हमेशा इंगेज बताया। उन्होंने कॉल बैक नहीं किया।

## मगध कोल परियोजना के संवेदकों ने की बैठक, लिए निर्णय

**बालूमाथ।** मगध संघमित्रा कोल परियोजना के विस्थापित संवेदकों ने गुरुवार को बैठक कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। अध्यक्षता राजेन्द्र प्रसाद व संचालन रामविलास साव ने किया। बैठक में विस्थापित गांव के दर्जनों संवेदकों ने भाग लिया। निविदा में प्रतिस्पर्धा पर रोक लगाने का सर्वसम्मति से निर्णय लेने पर विचार विमर्श किया गया। स्थानीय संवेदकों को अधिक से अधिक निविदा में भागीदारी हो इस विषय पर भी बैठक में चर्चा की गई। सभी संवेदकों के द्वारा आपसी तालमेल के आधार पर संगठित तथा एकजुट रहने की बात कही गई है। अगली बैठक 25 मई को प्रातः 10:00 बजे से चमातू वर्कशॉप में आयोजित की जाएगी । संवेदकों के लिए दो ग्रुप निर्मित किया जाएगा, जिसमें 50 लाख तक के निविदा के लिए एक ग्रुप तथा 50 लाख से ऊपर के निविदा के लिए अलग ग्रुप का निर्माण किया जाएगा। बैठक में संवेदकों को उपस्थित अनिवार्य है। साथ हीं निर्णय लिया गया कि बाहरी संवेदकों का बहिष्कार किया जाएगा,आगे की रणनीति बनाने के लिए आगामी बैठक 25 मई को होगी जिसमें व्यापक प्रचार प्रसार कर सभी संवेदको को एकजुट किया जाएगा। मौके पर सीताराम साव, रामविलास साव, शंकर सिंह, रतन साहू, मंजूर आलम, मो. मेराजुद्दीन, हेमंत कुमार यादव, आदित्य साव, अनिल साव, मदन कुमार, योगेश्वर प्रसाद साहू, हुलास साव, शिवनारायण साव, अनिरुद्ध साहू, विजय यादव, रंजीत कुमार, मुकेश यादव, नरेश यादव के साथ दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### दो छोटे-छोटे पत्थरों पर टिकी हजारों टन वजनी चट्टान बना आकर्षण का केंद्र

## लकड़ही पहाड़ी पर अवस्थित अजूबे चट्टान को संरक्षित करने में अनदेखी से मायूस



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** लकड़ही पहाड़ी पर अवस्थित दो छोटे-छोटे पत्थरों पर टीकी हजारों टन वजनी चट्टान के संरक्षण में अनदेखी से लोग मायूस हैं। जबकि वर्षों से यह लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र और कौतूहल का विषय बना हुआ है। आर्कियोलॉजिस्ट और एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची में इतिहास के सहायक प्रोफेसर डॉ. अभिषेक कुमार (जपला) का कहना है कि यह चट्टान डोलोमेन मेगालिथ का एक रूप है। उन्होंने कहा कि प्रकृति प्रदत्त ऐसे धरोहरों को संरक्षित करने से मानव और जानवर दोनों का जीवन खुशहाल होगा। इससे वनों का भी विकास होगा। उन्होंने कहा कि प्रकृति प्रदत्त ऐसे अजूबे धरोहर और हजारों साल पुराने कई चट्टान इस राज्य में हैं। इनमें एक यह भी है। जिसका संरक्षण जरूरी है। उन्होंने इसके सूर्खियों में बन रहने के बावजूद इसे संरक्षित नहीं करने पर चिंता जाहिर की है। ग्रामीण रामजन्म राम, गुड्डू पासवान और युवा समाजसेवी सुशील कुमार मेहता ने कहा कि उत्तर कोयल परियोजना के भीमबराज और अन्य कार्यों को लेकर इस पहाड़ी से पत्थरों की तोड़ाई के दौरान इसे भी डायनामाइट लगाकर तोड़ने की कोशिश की गई थी। मगर, थोड़ा दरकने भर की वजह से यह आज भी बचा हुआ है। फिर भी इसकी खुबियों के बावजूद इसे संरक्षित करने की दिशा में पहल नहीं की जा सकी। अब जबकि ऐतिहासिक भीमचूल्हा का विकास करते हुए इसे पर्यटक स्थल का रूप दिया जा चुका है। इसे और विकसित करने को लेकर डीपीआर तैयार किया जा रहा है, ऐसे में इस प्राकृतिक धरोहर को भी संरक्षित कर कुदरत के इस करिश्मा को संजोकर टूरिज्म कोरिडोर में शामिल करने से पर्यटन संवर्धन की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। इसके अलावा इसमें इस क्षेत्र के अन्य कई प्रकृति प्रदत्त धरोहरों को पर्यटन के दृष्टिकोण से सैलानियों के लिए कौतूहल और आकर्षण का केंद्र बनाया जा सकता है।

## नाइट क्रिकेट सीपीएल 15वां सीजन का उद्घाटन

**छतरपुर।** हाई स्कूल के स्टेडियम में छतरपुर क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित नाइट क्रिकेट सीपीएल 15वां सीजन के मुख्य अतिथि पूर्व सासंद भाजपा नेता मनोज कुमार,डीएसपी अवध कुमार यादव, लाल बिहारी यादव,महिला थाना प्रभारी मुन्नी कुमारी,सुमन गुप्ता ने संजुक्त रूप से दिप प्रज्जवलित कर क्रिकेट का शुरुवात किया। अतिथियों ने मैदान में द वारियर खाटिन टीम और अलीपुर के खेलाड़ियों से परिचय किया। पहला मैच द वारियर खाटिन टीम अलीपुर के बीच खेला गया। द वारियर खाटिन ने अलीपुर टीम को हराया। दूसरा मैच मनहु टीम और बगैया टीम के बीच खेला गया। बगैया टीम ने जीत हासिल किया। खेल प्रारंभ से पहले राष्ट्रीय गान के साथ शुरुआत की गई। उसके बाद छतरपुर क्रिकेट क्लब के पूर्व कमिश्नर बुचुन सिंह के आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। मौके परअध्यक्ष शोलडी सिंह,सचिव रितेश चंद्रा, उपाध्यक्ष रजनीश,उप सचिव राहुल कुमार,राहुल राय,मोनू सिंह, कमिश्नर सिंटू सिंह, जितेंद्र कुमार,टिंकू ठाकुर समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

## अच्छी खरीफ सीजन नहीं होने को लेकर किसान चिंतित



**नवीन मेल संवादाता**

**मोहम्मदगंज।** रोहिणी नक्षत्र से किसानी का मुर्हूत शुरू हो जाता है। बिचड़ा डालने का काम कमोबेश शुरू कर दिया जाता है। किसानों का कहना है कि नक्षत्र का अब भले ही मायने नहीं रह गए हों। मगर, परंपरागत रूप से खेती-किसानी को लेकर किसान वर्षा नक्षत्र के आरंभ से पहले ही हलबैल को तैयार कर लेते थे। तब प्रकृति भी मेहरबान रहती थी। वजह हरियाली बरकरार रहती थी। नक्षत्र के हिसाब बारिश होती थी। आर्द्रा नक्षत्र में झमाझम बारिश के बीच खेती बाड़ी में एक अलग आनंद की अनुभूति होती थी। धनरोपनी के गीतों और हंसी ठिठोली से वातावरण गुलजार रहता था। व्यापक क्षेत्र धान, मक्का, अरहर, तील, बाजरा, सांवा, कोदो, मडुआ, बोदी, बराई और खीरा की खेती से हरा भरा नजर आता था। अब कुल मिलाकर धान उत्पादन के सिवाय अन्य किसी भी परंपरागत किस्म के अनाज की पैदावार को लेकर किसान गंभीर नजर नहीं आते हैं। यही वजह है कि कई किस्में विलुप्त हो गई, बताई जाती हैं। किसान रामजन्म राम का कहना है कि हरियाली को दोहन होने की वजह से पर्यावरण संरक्षण चिंता का विषय बन गई है। यही वजह है कि नक्षत्र अनुसार बारिश और खेती दोनों पर ही ग्रहण लग गया है। मौसम पूवार्नुमान बस स्थितियों से अवगत कराने का माध्यम बन गया है। अभी मृगशिरा नक्षत्र को तपना चाहिए था। तब आर्द्रा नक्षत्र में अच्छी बरसात होती। मगर, मौसम का मिजाज देख इस साल भी खरीफ फसलों की अच्छी पैदावार की उम्मीद नहीं की जा सकती है। अभी तापमान में गिरावट इसे लेकर शुभ संकेत नहीं है। ऐसी ही स्थिति से खासकर, पलामू के संदर्भ में अतिवृष्टि, अनावृष्टि और छायावृष्टि भौगोलिक कारण बन गई है।

## पेयजल की समस्या को लेकर व्यवसायी संघ ने आयुक्त से की मुलाकात



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवसायी संघ, डाल्टनगंज का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को संघ के संरक्षक गणेश गोस्वामी के नेतृत्व में आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र से शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने शहर में व्याप्त पेयजल संकट और स्वच्छता से जुड़ी गंभीर समस्याओं पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्त से अनुरोध किया कि भीषण गर्मी में नगरवासियों को स्वच्छ पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और शहर में नियमित सफाई अभियान चलाया जाए। मुलाकात के दौरान संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, महासचिव अनुपम तुलस्यान एवं सचिव मनोज पहाड़िया उपस्थित थे।

# सड़क के बीच हो रही पार्किंग वसूली से जाम, विरोध करने पर बदसलूकी

### पहचान पत्र जारी करने का निर्णय अधर में, अवैध वसूली पर रोक नहीं

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में पार्किंग शुल्क वसूली व्यवस्था अब यातायात के लिए सिरदर्द बनती जा रही है। टेंपो स्टैंड की जगह अब सड़क के बीचों-बीच ऑटो और पिकअप चालकों से जबरन शुल्क वसूला जा रहा है, जिससे रोजाना जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। ऑटो चालकों का कहना है कि पार्किंग वसूली करने वाले अधिकतर युवक कम उम्र के होते हैं और विरोध करने पर बदसलूकी पर उतर आते हैं। चूंकि उनके पास कोई पहचान पत्र नहीं होता, इसलिए इनकी पहचान भी मुश्किल होती है। पुलिस के पास कई बार शिकायतें पहुंची हैं जिनमें



मारपीट और नशे में वसूली करने के आरोप लगाए गए हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पिछले दिनों एक ई-रिक्शा चालक से मारपीट की घटना सामने आने के बावजूद दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। रेड़मा रांची रोड और पांकी रोड में खासतौर से ऑटो और पिकअप चालकों से बीच सड़क में जबरन शुल्क वसूला जा रहा है।

गौरतलब है कि सितंबर 2024 में हुई एक बैठक में ऑटो चालक संघ ने इस मुद्दे को उठाया था, जिसके बाद पार्किंग वसूली करने वालों के लिए पहचान पत्र जारी करने का निर्णय लिया गया था। साथ ही सड़क पर अवैध वसूली रोकने और शुल्क वसूली का समय निर्धारित करने पर भी सहमति बनी थी। लेकिन अब तक न तो पहचान पत्र जारी हुए हैं और न ही नियमों पर अमल किया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने कहा कि पहले भी बीच सड़क वसूली करने वालों पर कार्रवाई की गई थी। अब नगर आयुक्त से चर्चा कर गाइडलाइन के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### राजा मेदनीराय तीरंदाज एकेडमी की बैठक संपन्न

## पारंपरिक कला के पुनरुत्थान व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन पर बनी सहमति

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नीलांबर-पीतांबर और राजा मेदनीराय की विरासत को सहेजने तथा पारंपरिक कला-कौशल को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से राजा मेदनीराय तीरंदाज एकेडमी की बैठक दाऊद केरकेट्टा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कई प्रस्तावों पर सहमति बनी और एकेडमी की कमिटी का गठन किया गया। इसमें अविनाश देव को मुख्य संरक्षक, संतोष कुमार को कराटे प्रशिक्षक सह संरक्षक, बालकिशुन उरांव को अध्यक्ष, सतीश कुमार को महासचिव, दाऊद केरकेट्टा कोषाध्यक्ष, धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी और सलोमी टोपनो को उपाध्यक्ष, शंखनाथ सिंह चेरो को सचिव, राजु कुमार प्रजापति को संगठन सचिव तथा अनिल गुडियों को उप-कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा बलराम उरांव, राम रतन मेहता, बिलंगना किंडो, गणेश रवि, बसंत हेम्ब्रम, रवींद्र भुईयां, मुंद्रिका सिंह, कुंवारी डोढराय, जगनारायण मेहता, परवेज आलम, चंद्रधन महतो, वृज नंदन सिंह, पुनिया टोप्पो, प्रदीप कुमार सिन्हा सहित 21 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति गठित की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि तीरंदाजी और कराटे का प्रशिक्षण चलानी किला शाहपुर परिसर में संचालित किया जाएगा तथा नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों से 100 मासिक शुल्क लिया जाएगा। उद्घाटन समारोह के अवसर पर तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जिसमें राज्यपाल, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, स्थानीय सांसद, विधायक एवं कुछ बॉलीवुड कलाकारों की उपस्थिति की संभावना जताई गई है। आयोजन में पलामू के खेलप्रेमी, सामाजिक, राजनीतिक और प्रशासनिक पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। राजा मेदनीराय एजुकेशनल ट्रस्ट के तत्वावधान में यह एकेडमी संचालित की जाएगी और झारखंड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित होगा।

# शादी के पांचवें दिन नवविवाहिता की संदिग्ध मौत से मचा हड़कंप

### परिजनों ने पति समेत छह लोगों पर हत्या व दहेज प्रताड़ना का लगाया आरोप

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शादी जैसे पवित्र बंधन के पांच दिन बाद ही पलामू जिले के नावाजयपुर थाना क्षेत्र के धंगरडीहा गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत ने दो परिवारों को मातम में डुबो दिया। मृतका की पहचान ऋषिका सिन्हा उर्फ मीणा के रूप में हुई है, जो पेशे से कंप्यूटर सॉफ्टवेयर इंजीनियर थीं और दिल्ली में कार्यरत थीं। जानकारी के अनुसार, धंगरडीहा निवासी अलख निरंजन प्रसाद के पुत्र अनुज कुमार सिन्हा, जो जबलपुर गन फैक्ट्री में सरकारी नौकरी करते हैं, की शादी 17 मई को आलमगंज, पटना की ऋषिका सिन्हा से हुई थी।

शादी के बाद 18 मई को बारात



फाइल फोटो

वापस लौटी थी। लेकिन 22 मई की रात करीब 10 बजे ऋषिका का शव घर के कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे लटकता मिला। शुक्रवार को घटना की सूचना मृतका के मायके पक्ष को दी गई। मृतका के पिता महेंद्र प्रसाद ने इसे हत्या करार देते हुए पति अनुज कुमार सिन्हा, ससुर अलख निरंजन प्रसाद, सास सरस्वती देवी और चार जेठ—अविनाल, अनुप, आनंद और अनुराग कुमार सिन्हा पर हत्या और दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि विवाह के समय उपहार स्वरूप पांच लाख रुपये के सामान दिए गए थे, फिर भी ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग की जा रही थी और बेटी को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था।

सूचना पर नावाजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडे पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे, शव को फंदे से उतारा गया और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका के पिता की शिकायत पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है, आगे की कार्रवाई साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी।

## शीलापट्ट पर अंकित स्वतंत्रता सेनानियों के नामों में त्रुटि सुधार की मांग, नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर आयुक्त आवास के समीप, महिला कॉलेज के सामने स्थित शीलापट्ट पर अंकित स्वतंत्रता सेनानियों के नामों में त्रुटियों को लेकर शुक्रवार को स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों ने नगर आयुक्त जावेद से मुलाकात की। इस दौरान परिजनों ने एक लिखित ज्ञापन सौंपकर नामों में सुधार की मांग की। मुलाकात करने वालों में स्वर्गीय यदुवंश सहाय के पौत्र सुधीर सहाय, स्वर्गीय वेद प्रकाश के पुत्र प्रेम प्रकाश, स्वर्गीय नंदकिशोर प्रसाद वर्मा के पौत्र विवेक वर्मा और पौत्रवधू शर्मिला वर्मा शामिल थे। बताया गया कि इन त्रुटियों की ओर पलामू निवासी और अमर उजाला, दिल्ली के पत्रकार प्रभात मिश्रा 'सुमन' ने ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने 'पलामू के क्रांतिकारी' नामक पुस्तक लिखी



है, जिसमें जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान का विस्तृत वर्णन किया गया है। नगर आयुक्त जावेद सर ने परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा, ₹मैं उस स्थल की सफाई का कार्य करवा रहा हूं। शीघ्र ही वह स्थान सुंदर स्वरूप में दिखाई देगा। उन्होंने ज्ञापन का अवलोकन कर यथाशीघ्र त्रुटियों को सुधारने की प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रेम प्रकाश, विवेक वर्मा, सुधीर सहाय, शर्मिला वर्मा, मयूरेश द्विवेदी और लक्ष्य श्रेष्ठ भी उपस्थित थे।

### प्रखंड अध्यक्षों की बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश

## पलामू जिला कांग्रेस कमिटी की संविधान बचाओ रैली की तैयारी तेज

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में सभी प्रखंड अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन कार्यालय प्रभारी जितेंद्र कमलापुरी ने किया। बैठक में 1 जून को प्रस्तावित संविधान बचाओ रैली की सफलता पर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने बताया कि रैली सुबह 11 बजे टाउन हॉल से प्रारंभ होगी। रैली की सफलता के लिए जिला पदाधिकारियों और सभी प्रखंड अध्यक्षों को जिम्मेदारियां बांटी गईं और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि इस रैली के माध्यम से केंद्र सरकार को स्पष्ट संदेश दिया जाएगा कि संविधान से




छेड़छाड़ कांग्रेस कतई स्वीकार नहीं करेगी।

साथ ही जल्द जाति जनगणना कराने की मांग को भी जोर दिया जाएगा। कांग्रेसजन एकजुट होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। बैठक में नवल किशोर पाठक, गिरजा राम, अवध बिहारी सिंह, मिट्ठू खान, अजय साहू, हैदर खान, प्रमोद यादव, ललित सिंह, अखिलेश चौधरी, पंकज सिंह, अमिताभ शर्मा, सुधीर सिंह, विष्णुदेव यादव, रविंद्र पासवान, शैलेश सिंह, गुड्डू शुक्ला, रिंकू सिंह, सचितानंद शुक्ला, मीर खुर्शीद आलम, गोपाल प्रसाद सिंह, मोहमद आलम, परवाज आलम, सुनील पासवान, रामानंद पांडे, गुप्तेश्वर पांडे, तुलसी पासवान, अशोक पासवान, गोपाल पासवान, अनिल सिंह, सुजीत सिंह सहित कई प्रखंड अध्यक्ष मौजूद थे।

## लिलिपुट प्ले स्कूल में बच्चों ने लिया वॉटर फन का मजा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में समर कैंप का चौथा दिन खास रहा। इस दिन का मुख्य आकर्षण ट्रेजर हंट था, जिसे बच्चों ने खूब पसंद किया। खजाने की खोज में बच्चों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी और अंततः दूसरे दिन सफलता मिली। यह एक पॉइंट्स आधारित प्रतियोगिता थी, जिसमें लड़कों की टीम विजेता रही। विजेता टीम में अखिलेश, फराज, कार्तिक, अमिष, नक्श और सात्विक शामिल थे। लड़कियों की टीम ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। इस टीम में कोमल, अक्सा, असरा, मयांशी, आदित्री और मीरब शामिल थीं। इस दौरान बड़े शहरों की तर्ज पर गेम्स कार्निवल



का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के मजेदार खेल खेले। जीतने वाले बच्चों को उपहार दिए गए। बच्चों ने वॉटर फन का भी आनंद लिया। तेज गर्मी के मौसम में पानी में खेलने से बच्चों को राहत मिली और उन्होंने दिनभर मौज-मस्ती की। कैम्प के निर्देशक राजीव गोयल ने बताया कि जैसे-जैसे समर कैंप के दिन आगे बढ़ेंगे, मनोरंजन और गतिविधियाँ और अधिक रोचक होती जाएंगी।

# अस्पतालों में बंट रही घटिया दवाएं, जांच में खुली पोल

- सिविल सर्जन की स्वीकारोक्ति: करोड़ों की खरीदी गई दवाओं में कई निकलीं घटिया, अब वापस लेगी कंपनी

नवीन मेल संवाददाता

फोटो 10

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में मरीजों को दी जा रही दवाओं की गुणवत्ता पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। खुद सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने प्रेस वार्ता में स्वीकार किया कि दवा कंपनियों द्वारा सप्लाई की गई कैल्शियम की कई बैच घटिया पाई गई हैं। उन्होंने बताया कि शक होने पर 32 बैच के सैंपल जांच के लिए भेजे गए, जिनमें से कई फेल हो गए हैं।



हैरानी की बात यह है कि जिन दवाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठे हैं, उनकी पहले से जांच क्यों नहीं की गई? और करोड़ों की खरीद का भुगतान किस आधार पर कर दिया गया? सिविल सर्जन ने बताया कि 2 करोड़ 15 लाख की दवा खरीदी गई और घटिया दवाएं अब कंपनी वापस ले रही है — लेकिन तब तक ये दवाएं कहां-कहां पहुंचीं, इसका जवाब किसी के पास नहीं है। डॉ. कुमार ने जनता को आश्वस्त करने की कोशिश करते हुए कहा कि सरकार गंभीरता से कंपनियों का चयन करती है, लेकिन खुद उनके बयान इस दावे को कमजोर कर देते हैं। मौसमी बीमारियों और लू को लेकर उन्होंने सावधानी बरतने की सलाह दी, लेकिन सवाल यह है कि जब अस्पतालों में ही घटिया दवाएं मिल रही हों, तो आम जनता किस पर भरोसा करे? प्रेस वार्ता में बीपीएम सुखराम बाबू भी उपस्थित थे। मगर प्रशासनिक जवाबदेही का कोई ठोस संकेत नहीं मिला। बहरहाल, जनता अब यह जानना चाहती है कि आखिर जिम्मेदार अधिकारियों पर कब होगी कार्रवाई?

## 'सोनचिरैयां'कार्यशाला का समापन शिक्षा में कला के समावेश पर जोर

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में रंगमंच और शैक्षणिक अभिव्यक्ति को समर्पित दस दिवसीय 'सोनचिरैयाँ' कार्यशाला का सफल समापन हुआ। इस कार्यशाला का आयोजन संस्था 'रंगप्रतिबिंब' द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य था शिक्षा में रचनात्मकता और कला को प्रभावी ढंग से जोड़ना। कार्यशाला के दौरान 'आर्ट इन एजुकेशन' की अवधारणा पर आधारित गतिविधियाँ जैसे थिएटर प्रशिक्षण, लोककथा लेखन, दृश्यात्मक कला, सृजनात्मक अभिनय और लोक संगीत की प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं। इसमें छात्र, शिक्षक और नवोदित रंगकर्मी बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रशिक्षक



शांडिल्य मनीष तिवारी ने कार्यशाला को केवल रंगमंचीय प्रशिक्षण न मानते हुए इसे सामाजिक संवाद की प्रक्रिया बताया। उन्होंने कहा कि कला न केवल मंच की वस्तु है, बल्कि यह शिक्षा और समाज में बदलाव का माध्यम भी है।

## अधिवक्ताओं को मिलेगा शीतल पेयजल न्यायाधीश ने प्रदान किया प्यूरीफायर मशीन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गर्मी के मौसम को देखते हुए पलामू के अधिवक्ताओं को अब शीतल जल की सुविधा मिल सकेगी। पलामू के प्रधान एवं सत्र जिला न्यायाधीश दिवाकर पांडेय ने अधिवक्ता संघ को एक प्यूरीफायर मशीन प्रदान की, ताकि अधिवक्ता संघ भवन में स्वच्छ व ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सके। प्यूरीफायर मशीन संघ के महासचिव अजय कुमार पांडेय को सौंपा गया। इस अवसर पर महासचिव श्री पांडेय ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रति पलामू जिला अधिवक्ता संघ की



ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह पहल अधिवक्ताओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी और गर्मी के मौसम में सभी सदस्यों को शीतल जल उपलब्ध हो सकेगा। इस मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास, निबंध व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारी कमल प्रकाश, अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी सहित कई अधिवक्ता मौजूद थे।

## सब जूनियर खो-खो बालक-बालिका चयन प्रतियोगिता 27 मई

- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का होगा चयन, 14 वर्ष से कम आयु वाले खिलाड़ी ले सकेंगे भाग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वाधान में 27 मई 2025 को जीएलए एथलेटिक्स स्टेडियम में प्रातः 7 बजे से जिला स्तरीय सब जूनियर खो-खो बालक-बालिका चयन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में पलामू जिले के सभी स्कूल और क्लब के बालक-बालिका भाग ले सकते हैं। खिलाड़ियों का चयन प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी 4 जून से हजारीबाग में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित समय पर मैदान में पहुंचकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दें। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आयु 30 जून 2025 तक 14 वर्ष से कम होनी चाहिए। साथ ही, आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

## छात्राओं से दुर्व्यवहार की घटनाओं पर एबीवीपी का विरोध, एसपी को सौंपा ज्ञापन



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में छात्राओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार की घटनाओं को लेकर शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) मेदिनीनगर इकाई ने कड़ा विरोध दर्ज किया और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। एबीवीपी ने ज्ञापन में जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों के आसपास नियमित पुलिस पेट्रोलिंग की मांग की है। प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा ने कहा कि हाल ही में एक इंटर की छात्रा के साथ परीक्षा केंद्र जाते समय कुछ मनचलों ने अभद्र व्यवहार किया, जो अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन को सख्त कदम उठाना चाहिए। प्रदेश छात्रावास प्रमुख रामाशंकर पासवान ने कहा कि जिले के अधिकांश शिक्षण संस्थानों के आसपास असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ है, जिससे छात्राओं को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## नगर आयुक्त जावेद हुसैन बने लायंस क्लब मेदिनीनगर के सदस्य

- सामाजिक सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए नए कार्यक्रमों का ऐलान

नवीन मेल संवाददाता

फोटो 7

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के आयुक्त जावेद हुसैन आज लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के सदस्य बनाए गए। क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारियों और सदस्यों की मौजूदगी में डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने उन्हें सदस्यता प्रदान की।




कार्यक्रम में लायंस क्लब के उद्देश्य, सामाजिक दायित्व और आगामी योजनाओं पर चर्चा हुई। क्लब जल्द ही एक व्यापक (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा, जिसमें नागरिकों, स्कूल शिक्षकों, नगर निगम कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को जीवनरक्षक तकनीकों की जानकारी दी जाएगी।

पलामू जिले को हरा-भरा बनाने के लिए प्रत्येक मोहल्ले में स्वयंसेवक बनाए जाएंगे ताकि मॉनसून में अधिक पेड़ लगाए जा सकें। नगर आयुक्त ने इस प्रशिक्षण शिविर को नगर निगम के टाउन हॉल में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा और कहा कि स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए यह पहल आवश्यक है।

उन्होंने लायंस क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में नगर निगम के सभी सामाजिक अभियानों में क्लब को सहभागी संस्था के रूप में शामिल किया जाएगा। कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ, कोषाध्यक्ष सचिन निलेश चंद्र, डॉ. निशांत और अन्य सदस्य उपस्थित थे। सभी ने मिलकर समाज सेवा में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

## छःमुहान में वाहन जांच अभियान, कुल 43,572 रुपये का जुर्माना वसूला गया

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के छःमुहान क्षेत्र में शुक्रवार को परिवहन विभाग व पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गई।

जांच के क्रम में कई दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट व बिना लाइसेंस के वाहन चलाते पाए गए। इस दौरान 09 दोपहिया वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। संबंधित वाहनों का चालान फाइन के लिए जिला परिवहन कार्यालय, पलामू भेजा गया है। वहीं गुरुवार रात दो मोटरसाइकिल चालकों को शराब पीकर बाइक चलाते पकड़ा गया, जिनका भी चालान जिला परिवहन कार्यालय को भेजा गया है। 23 मई



2025 को जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 16 दोपहिया वाहनों पर कुल 18,422 रुपये का चालान फाइन हुआ, जबकि एक ई-रिक्शा सवारी वाहन पर 2,150 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। इसके अतिरिक्त बाजार क्षेत्र में बीच सड़क पर अनियमित रूप से खड़ी 20 दोपहिया गाड़ियों पर भी ऑनलाइन चालान फाइन की कार्रवाई की गई।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कार्यालय का क्षत का प्लास्टर गिरा

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कार्यालय में शुक्रवार की दोपहर को छत का प्लास्टर उखड़कर कार्य कर रहे लिपिक अरुण लकड़ा के माथा पर गिर गया। गनीमत रही कि प्लास्टर का सीधा नहीं गिरा, अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता। हलांकि इस दौरान लिपिक को हल्की चोट आई और वह बाल-बाल बच गए। दरअसल शुक्रवार की दोपहर 1 बजे अस्पताल के प्रधान कार्यालय में लिपिक अरुण लकड़ा के अलावा, कर्मी सुनील पटेल, कंप्यूटर ऑपरेटर चन्द्रशेखर प्रसाद, अनुप कुमार आदि कर्मी ऑफिस का कार्य कर रहे थे। इस दौरान छत का प्लास्टर उखड़कर कुछ लिपिक के ऊपर तथा कुछ फर्स पर गिरा। कुछ देर के लिए कार्यालय में अफरा-तफरी का मौहल कायम हो गया। सीएचसी कर्मियों ने बताया कि अस्पताल की छत जर्जर हालत हो चुकी है। काम करने से हमेशा डर लगा रहता है। कर्मियों ने अस्पताल के छत की मरम्मत करवाने की मांग की है।

### दिशा की बैठक में सांसद ने विकास योजनाओं की समीक्षा की

# नीति आयोग से 34 तालाबों की स्वीकृति मिल चुकी, जल्द काम शुरू होगा: सांसद

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में शुक्रवार को गढ़वा जिला समाहरणालय के सभागार में जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति (दिशा) की हुई बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा हुई। बैठक में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई व पेयजल सहित केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। दौरान विभिन्न जगहों पर पुल निर्माण होने एवं पुल निर्माण होने के बाद अप्रोच रोड निर्माण नहीं होने जैसे विभिन्न समस्याओं को उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने उठाया, जिस पर सांसद वीडी राम ने एनएच के ईई को शीघ्र विसंगति दूर करने की बात कही। पीएमजीएसवाई के तहत प्रस्तावित-निर्मित होने वाले सड़कों के शिलान्यास में सांसदों व विधायकों को सूचना दिए वगैर काम शुरू करवाने पर सांसद ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को भविष्य में इस प्रकार कि पुनरावृत्ति न होने देने की चेतावनी दी। बैठक




में जन प्रतिनिधियों द्वारा सड़कों की खराब गुणवता की ओर ध्यान आकृष्ट करवाने पर सांसद ने जिम्मेदार पदाधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सड़कों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा। किसी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सांसद ने गढ़वा जिला अंतर्गत पीएम श्री स्कूलों के लिए आवंटित पीएमश्री फंड में हुई अनियमितता को लेकर डीईओ को कड़ी फटकार लगाई। उनके निर्देश पर एसी गढ़वा के नेतृत्व में उच्चस्तरीय जांच कमेटी का गठन किया गया। डीसी शेखर जमुआर ने अवगत कराया कि जांच कमेटी की जल्द रिपोर्ट आएगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। सांसद ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पदाधिकारी से कहा कि इस भीषण गर्मी में पेयजल से संबंधित जितने भी समस्याएं हैं वह जल्द से जल्द दूर किया जाए और खराब हुए चापाकलों की शत प्रतिशत मरम्मति सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजना को 2029 तक विस्तारित किया गया है। संबंधित लंबित योजनाओं को इसके अंदर पूर्ण कर लेना है। बिजली विभाग के पदाधिकारियों ने अपनी कठिनाइयों से अवगत कराते हुए कहा कि कुछ जगहों पर विद्युत का तार और पोल पहुंचाना मुमकिन नहीं है। सांसद ने कहा कि केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सोलर पैनल लगाकर विद्युत आपूर्ति करने का सुझाव दिया। सांसद ने खरौंधी प्रखंड के खोखा में जेएसएमडीसी की ओर से संचालित बालू घाट पर सोन नद से बालू उठाव में माइनिंग एक्ट का अनुपालन नहीं किए जाने पर रोष व्यक्त किया और अनियमितता को रोकने की हिदायत दी। मौके पर डीसी ने बताया कि सांसद के प्रयास से नीति आयोग द्वारा कुल 34 तालाबों की भी स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द ही इस पर भी काम शुरू होगा। बैठक में गढ़वा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव, विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय, डीडीसी पीएन मिश्रा आदि उपस्थित थें।

## पेयजल सुविधा बेहतर करने के लिए 6 चापानलों की मरम्मत

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत अरसली उत्तरी पंचायत में पेयजल समस्या को लेकर चल रही परेशानियों को दूर करने के उद्देश्य से पंचायत की मुखिया इशरत जहां ने राजदेव प्रजापति, ऋतिक चंद्रवंशी, सुकठ प्रजापति, आनंद साह, बैजनाथ राम के घर के पास खराब हुए चापानलों की मरम्मत की गई। मुखिया इशरत जहां ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में खराब पड़े चापानलों की सूची तैयार कर मरम्मत का कार्य पूरा कराया गया है। उन्होंने कहा कि यह कार्य सिर्फ शुरूआत है। जहां-जहां चापानल खराब होगा, उन्हें भी दुरुस्त किया जाएगा ताकि लोगों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि पंचायत में अन्य बुनियादी सुविधाओं को भी बेहतर बनाने की दिशा में कार्य योजना तैयार की गई है।

## तेज हवा से घर का एसबेस्टस सीट उड़ा



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को बूंदाबांदी पानी के साथ तेज हवा चलने से खाड़ी टोला पर निवासी सद्दाम अंसारी का घर ऊपर क्षत पर लगा एसबेस्टस सीट उड़ गया। तेज हवा से उसकी आठ पुत्री वर्षीय इशरत खातून भी घायल हो गई। उसे इलाज के लिए एक चिकित्सक के पास भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत सामान्य है। सद्दाम ने बताया कि कुछ पैसों का इंतजाम कर ईंट से दीवार खड़ा कर घर तैयार कर किया था। पैसा नहीं होने के कारण उसकी ढलाई नहीं कर सका। मजबूरी में एसवेस्टस सीट की खरीदारी कर उसे छाया था। उसके बाद अपने घर में रहना शुरू किया। सद्दाम ने बताया कि घर के ऊपर से एसवेस्टस सीट को उड़ जाने के बाद उसके नीचे में रखा खाद्य सामग्री चावल, दाल, गेहूं, मकई के साथ खेत में उपजाया गया सरसों का दो क्विंटल बीज और घर में रह रहे सभी लोगों का पहननक कपड़ा भी पूरी तरह पानी में भींग गया। उप मुखिया प्रतिनिधि याकूब अंसारी ने भी प्राकृतिक घटना को देखकर दुःख व्यक्त किया। उन्होंने सरकारी प्रावधान के अनुसार आपदा राहत कोष से क्षतिपूर्ति दिलाने का भरोसा दिलाया।

## कीटनाशक खाने से महिला बीमार

**गढ़वा।** बरडीहा थाना अंतर्गत मझिगावां गांव निवासी अखिलेश राम की पत्नी 35 वर्षीया सोनी देवी कीटनाशक मिला गेहूं खाने से बीमार हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बताया कि घर में गेहूं रखा हुआ था। उसमें कीड़ा लगने के कारण कीटनाशक दवा मिलाया गया था। उसी कीटनाशक मिला गेहूं को उक्त महिला बिना धोए खा गई। जब उसकी तबीयत बिगड़ी तो उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।


## केंद्रीय टीम ने हरिजन टोला व सिंघपुर आंगनबाड़ी केंद्रो का निरीक्षण किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** अरुणाचल प्रदेश केंद्रीय टीम द्वारा गुरुवार को पंचायत नरही के सलसलादी गांव के हरिजन टोला और सिंघपुर गांव के दो आंगनबाड़ी केंद्रो का निरीक्षण किया गया। अरुणाचल प्रदेश केंद्रीय टीम में डिप्टी डायरेक्टर पंचायती राज अकोन गत लिगु, राज्य समन्वय गौतम दत्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्पना कुमारी तथा अंचल अधिकारी सह सीडीपीओ प्रभारी विकास कुमार सिंह ने नरही पंचायत के सलसलादी गांव के हरिजन टोला के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 222 और नरही पंचायत के ही सिंघपुर गांव के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 224 पर पहुंचे। अंचल अधिकारी सह सीडीपीओ प्रभारी विकास कुमार सिंह ने बताया कि केंद्रीय टीम के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 222 के सेविका तारा देवी और 224 के सेविका बबीता देवी से आंगनबाड़ी केंद्रों में वृद्धि, निगरानी सत्यापन, केंद्रो का आधारभूत संरचना का सत्यापन, खाद्य विविधता एवं केंद्रो का साफ-सफाई के बारे में जानकारी लिया गया।टीम के सदस्यों ने एएनएम के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर किए जा रहे टीकाकरण का जायजा लिया गया।उन्होंने पोषण ट्रैकर में प्रविष्ट लाभुकों का वजन एवं ऊंचाई लिया गया साथ ही साथ पोषण ट्रैकर से मिलान किया गया।मौके पर राणा तबस्सुम, गीता देवी, दीपा कुमारी, जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी केंद्र पर आए बच्चे सहित ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

## बारिश व तेज हवा से मौसम हुआ सुहाना, लोगों ने ली राहत की सांस



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड में शुक्रवार की दोपहर अचानक मौसम ने करवट ली। दोपहर करीब 2 बजे तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई, जिससे क्षेत्र का तापमान तेजी से गिर गया और मौसम सुहाना हो गया। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप से लोग बेहाल थे, लेकिन इस अप्रत्याशित बारिश ने सबको राहत पहुंचाई। बारिश इतनी तेज थी कि कई जगहों पर सूखे खेतों में पानी भर गया। किसानों के चेहरों पर खुशी झलकने लगी, क्योंकि लंबे समय से बारिश न होने के कारण खेतों में नमी की कमी हो गई थी। यह बारिश फसलों के लिए भी फायदेमंद साबित हो सकती है।गांव के कई लोगों ने बताया कि दोपहर तक इतनी गर्मी थी कि बाहर निकलना मुश्किल हो रहा था, लेकिन अचानक आई तेज हवाओं और बारिश ने वातावरण को ठंडा कर दिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने इस बदलाव का आनंद लिया। हालांकि, कुछ जगहों पर तेज हवा के कारण पेड़ की टहनियां टूटकर गिर पड़ीं, लेकिन किसी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। स्थानीय प्रशासन की ओर से लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।इस अचानक मौसम परिवर्तन से लोगों को जहां राहत मिली।


## कार्यालय : जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार

### प्रेस विज्ञाप्ति

राज्य जीव–जन्तु कल्याण बोर्ड, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 192 दिनांक–16.05.2025 के आलोक में सुचित किया जाता है कि वैसे सभी Pet Shop एवं Dog Breeding Centre जो राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड, झारखण्ड, राँची से बिना निबंधित कराए अपनी संस्था का संचालन कर रहे है या वैसे संस्थान जो पूर्व में निबंधित थें एव वर्त्तमान में बिना Renewal के ही संस्था का संचालन कर रहे है, वैसे सभी Pet Shop एवं Dog Breeding Centre को विज्ञापन प्रकाशित होने के 15 (पन्द्रह) दिनों के अंदर पंजीकरण हेतु आवेदन कर अपनी संस्था का पंजीकरण/ Renewal करवाना अनिवार्य है अन्यथा नियमानुसार उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

निदेशक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,लातेहार

PR 353313 Animal Husbandry(25-26).D


## लोक अदालत में 3 लाख 66 हजार रुपए की राजस्व प्राप्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार नलिन कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय में लोक अदालत लगाया गया। दो बेंच बनाया गया था। पहले बेंच पर एडीजे टू मनोज कुमार त्रिपाठी तथा दूसरे बेंच पर एसीजेएम अरविन्द कच्छप थे। मासिक लोक अदालत में 32 मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें 3 लाख 66 हजार रुपए राजस्व प्राप्त हुई। पहले बेंच पर एडीजे टू मनोज कुमार त्रिपाठी के कोर्ट से बिजली से संबंधित 23 मामलों में 2 लाख 34 हजार रुपए राजस्व प्राप्त हुआ।दूसरे बेंच पर एसीजेएम अरविन्द कच्छप के कोर्ट से 9 क्रिमिनल केस का निष्पादन किया गया। अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय के विधिक सेवा समिति के सचिव आलोक ओझा ने बताया कि मासिक लोक अदालत में विद्युत से संबंधित 23 तथा 9 अन्य मामलों का निपटारा किया गया। उन्होंने कहा कि मासिक लोक अदालत और राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने-अपने केस से संबंधित मामलों का निपटारा कराया।लोक अदालत में लोग अधिक से अधिक आये और अपने मामलों का निष्पादन करायें।

## एक पेड़ मां के नाम योजना का समापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** शहरी क्षेत्र में 21 मई से 23 मई तक पहले चरण में चलने वाली एक पेड़ मां के नाम योजना का समापन हुआ। पहले चरण में 6 स्थान का चयन किया गया है। लगभग पांच सौ विभिन्न प्रकार के पौधा लगाया जाएगा। जिस स्थान का चयन किया गया है उनमें बभनी खाड़ डैम, जटपुरा ग्राम स्थित निमार्णाधीन पार्क, पाल्हे कला, पुरैनी पोखरा, राजा पहाड़ी तलाब ओर चचेरिया स्थित कर्बला का नाम शामिल है। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और शहरी क्षेत्र को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाना है। अभियान के पहले चरण के अंतर्गत पेड़ लगाने के लिए विभिन्न स्थलों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि जिस स्थान का चयन किया गया है उस स्थान पर पांच जून को पौधारोपण किया जाएगा। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि सभी 6 स्थान का महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान मातृत्व सम्मान और पर्यावरण जागरूकता को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करेगा। इस पहल के जरिए लोगों को प्रकृति से जुड़ने और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया जा रहा है।राजकमल ने आम जनता से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़ें और अपने आसपास हरियाली बढ़ाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि यह न केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम है, बल्कि मातृ-सम्मान की भावना को भी जाग्रत करता है।इस कार्यक्रम में नगर प्रबंधक प्रमय मण्डीलवार, रवि कुमार, सीआरपी इसरत खातून समेत कई महिला समूहों की सदस्याएं भी उपस्थित रहीं। सभी ने मिलकर अभियान की सफलता के लिए संकल्प लिया और इस कार्य को जनआंदोलन का रूप देने की बात कही।

**अभियान के दौरान पांच सौ पेड़ लगायागया**





## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

डी0एम0एफ0टी0 अन्तर्गत स्वीकृत निम्नांकित योजना के क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड सरकार द्वारा समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदको से एकल लिफाफा पद्धति के अंतर्गत पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/01/2024-25/RE-3

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लिफाफा पद्धति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 04 | प्रखण्ड–हण्टरगंज, पंचायत–पाण्डेयपुरा, ग्राम–पाण्डेयपुरा खूर्द में नगीना प्रजापति के घर से गोपाल साहनी के घर तक नाली निर्माण। | 21,35,300.00 | 42,800.00 | 5000.00 | 03 माह | एकल |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –27.05.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–27.05.2025 से दिनांक–03.06.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 05.06.2025 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431060939 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा

PR 353289 Rural Development (25-26)_D


### आश्रितों को मिला सरकारी मदद का भरोसा

# एसडीएम ने वज्रपात पीड़ित परिजनों से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने मेराल प्रखंड अंतर्गत वज्रपात प्रभावित परिवारों के घर जाकर वज्रपात के शिकार हुए तीन लोगों के परिजनों का हाल-चाल जाना। उल्लेखनीय है कि 19 मई को मेराल प्रखंड के तीन अलग-अलग गांवों के तीन लोगों का वज्रपात से आसामयिक निधन हो गया था। इनमें से रेजो गांव के 42 वर्षीय धर्मेंद्र राम, लखेया गांव के 65 वर्षीय शंभू बैठा की एक ही घटना स्थल पर बज्रपात से मौत हो गई थी जब वे दोनों लोग महुआ पेड़ के नीचे बने मकान में कार्य कर रहे थे। जबकि मेराल के समाजसेवी डॉक्टर लालमोहन के 16 वर्षीय पुत्र का निधन भी उसी दिन अपने खेत में काम करने के दौरान हुए वज्रपात से हो गया था। एसडीएम ने शुक्रवार शाम में उक्त सभी परिवारों के बीच पहुंचकर इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हुए शोक संतृप्त परिवारों का हाल-चाल लिया। साथ ही उन्हें इस अपार दुख की घड़ी में ढाढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने सभी तीनों परिवारों को जानकारी दी कि प्राकृतिक आपदा के तहत निर्धारित नियमों के अनुसार उन्हें ससमय सरकारी आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी। इस दौरान उन्होंने उक्त सभी परिवारों की आर्थिक स्थिति, मौजूदा जीविका के साधन, आवास, राशन, स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य जरूरतों के बारे में भी पूछा। उक्त तीनों परिवारों में से एक रेजो के स्व. धर्मेंद्र राम के परिवार की हालत काफी दयनीय मिली। उनकी पत्नी सुनीता देवी का नियमित इलाज चल रहा है, उनका परिवार पूरी तरह से भूमिहीन और रोजगार विहीन है, उनका इकलौता बेटा सुमित कक्षा नवमी में सरकारी स्कूल में पढ़ रहा है, न उनके पास कोई खेती है और न ही कोई आय का साधन। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने स्वर्गीय धर्मेंद्र के परिजनों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन संवेदनशीलता के साथ इस परिवार को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभ दिलाने का प्रयास करेगा।



## श्री राम फाइनेंस कंपनी का टंडवा में खुला नया ब्रांच

**रंका।** श्री राम फाइनेंस कंपनी ने टंडवा में एक नई ब्रांच का शुभारंभ शुक्रवार को किया । पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह ने फीता काटकर श्री राम फाइनेंस कंपनी की नई ब्रांच का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि गढ़वा जिला के 14 लाख ग्रामीणों को सुविधा प्रदान करने हेतु श्री राम फाइनेंस कंपनी के द्वारा गढ़वा जिला के टंडवा में नई ब्रांच का शुभारंभ किया गया है। ग्रामीण को यह कंपनी काफी सुविधा देगी। इस संबंध में श्री राम कंपनी के ब्रांच मैनेजर रानू राजकमल सिंह ने बताया कि श्रीराम फाइनेंस कंपनी सभी कंपनियों से सस्ते व रियात दर पर होम लोन, गोल्ड लोन, वाहन लोन, लाइफटाइम लोन, जनरल लोन, एफडी ,आरडी लोन सुविधा उचित दर पर सभी कंपनियों से कम दरों पर लोगों को देती।


### Government of Jharkhand
## Urban Development & Housing Department
### Medininagar Municipal Corporation

**e-Procurment Very Short Tender Notice**

| Sl. No.. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/ 09/2025-26 | CONSTRUCTION OF PCC ROAD & RCC DRAIN FROM SIYASARAM PRASAD HOUSE VIA SARJU SINGH HOUSE RAJENDRA SINGH HOUSE, RAMANANDAN SINGH HOUSE TO NAHAR IN WARD NO. 04 UNDER MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION | 24,08,820/- | 48,200/- | 5,000/- | चार माह |
| 2 | UDHD/MMC/ 10/2025-26 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN & BITUMINOUS ROAD NEAR REDMA OVERBRIDGE AT WARD NO.-15, UNDER MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION | 18,63,310/- | 37,300/- | 5,000/- | चार माह |
| 3 | UDHD/MMC/ 11/2025-26 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM CULVERT TO WELLNESS CENTRE BOUNDARY AND FROM PARSHURAM SENA OFFICE TO KAVYA PHARMA AT WARD NO -16 & 18, UNDER MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION | 14,18,100/- | 28,400/- | 5,000/- | चार माह |
| 4 | UDHD/MMC/ 12/2025-26 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM PANKAJ SHARMA'S HOUSE TO BANK OF RIVER & FROM BINOD SONI'S HOUSE TO MANOJ YADAV'S AT WARD NO-19, UNDER MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION | 12,19,260/- | 24,400/- | 5,000/- | चार माह |
| 5 | UDHD/MMC/ 13/2025-26 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN & REPAIR OF PCC ROAD FROM SHASHI KUMAR'S HOUSE TO KAMLESH PRAJAPATI'S HOUSE AT WARD NO. -19, UNDER MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION | 14,46,300/- | 29,000/- | 5,000/- | चार माह |
| 6 | UDHD/MMC/ 14/2025-26 | CONSTRUCTION OF PCC ROAD FROM DEVNARAYAN SAW HOUSE TO VARUNPAL HOUSE IN WARD NO. 33 MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION | 10,61,806/- | 21,300/- | 5,000/- | चार माह |

**Part – B**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 22/05/2025 At 05:00 PM |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 26/05/2025 At 10:00 AM |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 26/05/2025 At 10:00 AM |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 05/06/2025 AT 02:00 PM |
| 6 | Date Of Bid Opening | 06/06/2025 AT 02:00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

**NOTE :-** Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/– नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 353310 District (25-26)_D

## मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**बालूमाथ।** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाना है। उक्त प्रशिक्षण शिविर दीनदयाल कौशल केंद्र अंतर्गत मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को रोजगार से जुड़ी प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिससे वह अपने कौशल को विकसित कर सकें और रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। साथ ही युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना भी उस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य है, जिससे वह अपने भविष्य को बेहतर बना सकें। बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने लोगों से अपील की है कि वह इस शिविर में भाग लें और अपने कौशल को विकसित करें। इससे उन्हें रोजगार का अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी और वह अपने भविष्य को बेहतर बना सकेंगे।

### एसआईटी ने किया खुलासा, आरोपी पति गिरफ्तार

# अवैध संबंध के शक में पति ने की थी पत्नी की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** रेशमा देवी की हत्या मामले का गारू पुलिस ने उद्भेदन करने में सफल हुई हैं। पुलिस ने इस मामले में रेशमा के पति को गिरफ्तार कर लिया हैं। इस संबंध में प्रेस वार्ता कर पुलिस ने बताया कि पिछले दिनों 16 मई को गारू पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम-लुहूरटाड़ स्थित कोयल नदी में एक शव बालू में गाड़ है, जिसका हाथ बाहर दिख रहा है। इसके बाद पुलिस ने शव को कोयल नदी में बालू से निकाला कर थाना में मामला दर्ज अनुसंधान शुरू किया। मामले के उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महुआडांड़ के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया।



अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर अनुसंधान के क्रम में अज्ञात शव का पहचान रेशमा देवी 26 वर्ष पति मुकेश प्रसाद ग्राम सुकरी हेठपोचरा थाना जिला लातेहार के रूप हुई। अनुसंधान के क्रम में तथ्यों के आधार पर मृतिका रेशामा देवी के पति मुकेश प्रसाद को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। मुकेश प्रसाद द्वारा अपनी पत्नी रेशमा देवी की हत्या करने की बात स्वीकार किया गया। बताया गया कि डेढ़ वर्षों से दोनों पति पत्नी के बीच न्यायालय में तलाक का मामला चल रहा था। दोनों पति पत्नी द्वारा एक दूसरे के उपर अवैध संबंधों का संदेह में झगड़ा होता था। दोनों पति पत्नी का एक दूसरे के अवैध संबंधों का संदेह व घरेलू विवाद के कारण हत्या की घटना को अंजाम दिया गया। आरोपी मुकेश प्रसाद के के अनुसार डालटनगंज रेलवे स्टेशन से कुछ दूर रेलवे लाईन के पुल वाला नाला से मृतक का मोबाईल, जंगल से मृतका के दाहिने पैर का सैंडल, मुकेश प्रसाद के धांगरटोला स्थित घर से गड्ढा करने में प्रयुक्त रोटी बनाने वाला लोहे का तावा व आरोपी का मोबाइल बरामद किया गया। साथ ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी दल में बरवाडीह अंचल प्रभारी अशोक कुमार सिंह, गारू थाना प्रभारी पारसमणि, बारेसाढ़ थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास, भागीरथ पासवान, राजीव रंजन, इन्द्रदेव राम, सुशोभन रॉय, जगदीश महतो, राहुल कुमार और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## नगर पंचायत प्रशासक ने की राजस्व संग्रहण की समीक्षा, दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** प्रशासक नगर पंचायत प्रशासक राजीव रंजन ने शुक्रवार को राजस्व संग्रहण को लेकर बैठक आयोजित की। बैठक में स्पैरो साफ्टेक प्रेस लिमिटेड रांची के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर अब्दूल बबूद मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में राजस्व संग्रहण से संबधित जन सुविधा केंद्र लातेहार के सभी कर्मचारियों के साथ होल्डिंग टैक्स वॉटर टैक्स, ट्रेड लाइसेंस की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में प्रशासक नगर पंचायत लातेहार के द्वारा संबंधित एजेंसी को वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम क्वार्टर में कुल 50 लाख रुपए की वसूली करने का लक्ष्य दिया। वॉटर टैक्स और ट्रेड लाइसेंस में संबंधित एजेंसी को डोर टू डोर विजिट करते हुए संबंधित का नाम और पता रजिस्टर में संधारण करने का निर्देश दिया गया।प्रॉपर्टी टैक्स में नए सेफ करने का भी निर्देश दिया और रिएसेसमेंट करने का भी जोर दिया गया।ताकि समय पर लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके। उक्त बैठक में नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, रेवेन्यू इंस्पेक्टर ओमप्रकाश प्रजापति एवं पिंटू कुमार रंजन, सुविधा केंद्र के टीम लीडर आदित्य कुमार आदि मौजूद थे।

## बाइक सवार युवकों ने खड़ी यात्री बस में मारी टक्कर, 3 घायल

**चंदवा।** रांची-चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत नगर के समीप शुक्रवार को यात्रियों को लेने के लिए खड़ी खुशी नामक यात्री बस में बाइक सवार युवकों ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार संजय भगत पिता बुधराम भगत,निरंजन भगत पिता शकलदेव भगत व मुन्ना भगत (तीनों बलबल, बालूमाथ) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से प्रशासन ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया। वहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा कुमारी की देखरेख में तीनों का प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के संबंध में संजय भगत ने बताया कि वह अपने घर से बाइक पर निरंजन, मुन्ना के साथ किसी काम से चंदवा की ओर आ रहे थे। इस दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ गया, जिस कारण उक्त हादसा हुआ।

## हथियारबंद नक्सलियों ने पुलिया निर्माण साइड पर बोल धावा, काम रोका

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के चुटिया और बेलवार गांव के बीच लमती नदी स्थित डीएमएफटी मद से एक पुलिया निर्माण किया जा रहा है। पुलिया के ठेकेदार बरवाडीह निवासी नितिन अग्रवाल है। कार्य का देखरेख अजीत पाल कुजूर कर रहे हैं। निर्माण का कार्य प्रगति पर है। गुरुवार रात आठ बजे ढ़लाई का कार्य कर रहे फिरोज अंसारी और उनके मशीन ऑपरेटर के साथ 20 मजदूर पुलिया का ढ़लाई काम खत्म कर घर आने की तैयारी कर रहे थे। इस बीच बेलवार जंगल की ओर से आधा दर्जन हथियारबंद नक्सली पुलिया निर्माण साइड पर आकर धावा बोल दिया। कार्य को बंद करने को कहा। फिरोज अंसारी और उनके मशीन ऑपरेटर के साथ मारपीट भी किया। मजदूरों को घंटो बंधक बनाया। फिर छोड़ दिया। लेवी नहीं दिये जाने कि बात कह रहे थे। हमे छोड़ने से पहले बिना आदेश के दोबारा पुल के निर्माण कार्य शुरू करने पर गोली मारने की धमकी देकर गये है। घटना की सूचना मिलते डीएसपी शिवपूजन बहेलिया के नेतृत्व में पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची और लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। बता दें कि कुछ दिन पूर्व लातेहार पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी संवेदकों के साथ बैठक कर शाम पांच बजे तक सभी साईट पर काम कर वापस आने की बात कही गई थी, लेकिन बिना सूचना के ही पुलीया पर देर रात तक काम चल रहा था।

## पुलिस ने चलाया एंटी क्राइम जांच अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** आपराधिक गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाने और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से बालूमाथ पुलिस द्वारा शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर थाना चौक पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। आने-जाने वाले सभी वाहनों की सघन जांच की गई। जांच अभियान के दौरान पुलिस ने दोपहिया, चारपहिया तथा भारी वाहनों को रोककर उनके कागजातों की गहनता से जांच की। चालकों से वाहन का रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण प्रमाणपत्र और बीमा दस्तावेजों की जांच की गई। इसके साथ ही सुरक्षा मानकों जैसे हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग पर भी विशेष ध्यान दिया गया। थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि यह अभियान थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अपराधिक गतिविधियों पर निगरानी रखने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान समय-समय पर जारी रहेंगे, ताकि आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे। उन्होंने कहा कि जांच अभियान में नियम विरुद्ध ड्राइविंग व अन्य विसंगतियों पाए जाने पर जिला परिवहन विभाग को जुर्माना व अन्य अग्रेतर कार्रवाई के लिए फोटो उपलब्ध कराया जा रहा है। एसआई कौशल किशोर शर्मा समेत अन्य अधिकारियों ने सक्रियता के साथ वाहनों की जांच की। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने स्पष्ट संकेत दिया है कि जिले में शांति और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इस दिशा में पुलिस लगातार सक्रिय है। मौके पर बालूमाथ थाना पुलिस के साथ सशस्त्र बल के जवान भी तैनात थे।

## 12वीं की छात्रा का शव फंदे से झूलता मिला

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़ ।** प्रखंड के अमवाटोली पंचायत में गुरूवार देर रात ओरसा पंचायत अंतर्गत चिरोपाठ गांव की रहने वाली 12वीं की छात्रा अनामिका नगेसिया पिता अर्जुन नगेसिया का शव किराये के घर पर फंदे से झूलता मिला। बताया गया लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। गुरूवार सुबह ग्रामीण द्वारा फंदे में लटका अनामिका का शव को देखने पर महुआडांड़ थाना को फोन कर जानकारी दी गई। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच शव को फुंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने घटना की जानकारी लड़की के परिवार को दिया। लड़की के पिता अर्जुन नगेसिया ने बताया सभी परिवार चीरोपाठ में रहते है। बेटी महुआडांड़ में 12वीं की पढ़ाई कर रही थी। अमवाटोली के कार्मल अस्पताल के नजदीक में एक किराया का मकान में रहकर पढ़ाई करती थी। हमेशा बेटी से फोन पर बात होती थी, लेकिन कभी कोई परेशानी है, या और कुछ बात को लेकर कुछ नही बताया। मां और पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। मामले को लेकर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

## पीवीयूएनएल ने स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन, 260 मरीजों की जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** बनहरदी कोयला खनन परियोजना (पीवीयूएनएल) द्वारा सामुदायिक विकास कार्य के अंतर्गत प्रखंड के सासंग पंचायत में शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बनहरदी परियोजना के महाप्रबंधक के चंद्रशेखर द्वारा किया गया। चिकित्सा शिविर में ग्राम सासंग के अलावा ग्राम आन,चेतर और अन्य आस-पास के गांवों के 260 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सक के परामर्श के अनुसार निःशुल्क दवा व पैथोलॉजी जांच भी कराया गया। कार्यक्रम में बनहरदी परियोजना की ओर से एम चंद्रशेखर,अपर महाप्रबंधक (खनन) आरबी सिंह,अपर महा प्रबंधक (सिविल, भू अर्जन,



पुनर्वास) विनेश कुमार (वरिष्ठ प्रबंधक आर एंड आर), मनीष देवदत्त एक्का ( चिकित्सा अधिकारी) अबीर लाल नाथ, शुभंकर मंडल कार्यपालक (आर एंड आर) उपस्थित रहे। शिविर में उपस्थित जनकल्याणकरी कार्यक्रम की सराहना की गई।

## अज्ञात लोगों ने आम बागवानी का 112 पौधों को काटकर किया नष्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड स्थित गाड़ी लोदमदाग के पैंसराही बिरहोर पतरा में मनरेगा योजना के तहत लगे आम बागवानी को बीती रात अज्ञात लोगों ने 112 पौधे को काटकर नष्ट कर दिया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए लाभुक शंकर उरांव ने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी के तहत 2023-24 मे आम बागवनी योजना का लाभ मिला था, जिसे वह चारों ओर तार व जाली से घेराव कर रखा था और दूर से पानी लाकर पटवन कर आम पौधे को हरियाली बनाया। प्रतिदिन शाम सुबह देखरेख करते थे। गुरुवार शाम को प्रति दिन की भांति बागवानी देखकर अपने घर चले गए। सुबह जब आम बागवानी देखने आए तो आते ही सारे आम के पौधे कटा देखा। उम्मीद थी की आगे इससे बेहतर आमदनी मिलेगा, जिससे रोजगार मिलने के साथ पलायन रुकेगा। अज्ञात व्यक्तियों ने आम पौधे को भी नहीं बख्सा। उसे एक लाइन से एक-एक कर काटकर नष्ट कर दिया। पिछले दो वर्षों से आस उम्मीद लगाकर आम बागवानी में मेहनत कर पौधे को बड़ा कर रहे थे। इस वर्ष से फल भी देना शुरू कर दिया था। आम का पौधा काटने के कृत्य से वह परेशान हैं। लोग इस हद तक गिर जायेंगे पता नहीं था। घटना की सूचना पाकर पंचायत मुखिया सरिता देवी आम बागवानी पहुंचकर क्षति का जायजा लिया। बीडीओ अमित कुमार पासवान ने कहा कि आम बागवानी काटकर नष्ट किए जाने की खबर मुखिया द्वारा प्राप्त हुआ है। सबसे पहले लाभुक को थाना मे एफआईआर करवाने को कहा गया है। विभाग इसके लिए जांच कमेटी भेजकर जांच कराएगी। इसके बाद ही स्पष्ट हो पायेगा। पीड़ित परिवार ने जांच कर दोषी पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## मूक बधिर युवती से गलत कराने के आरोपी को 10 वर्षों का कारावास व दो लाख रुपए जुर्माना लगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार दुबे की अदालत ने एक मूक बधिर युवती से गलत कराने के आरोपी अम्बाटीकर निवासी सब्बू प्रवीण उर्फ सबिया को अधिकतम 10 वर्षों की कठोर कारावास व दो लाख रुपए जुर्मार्ना की सजा सुनाया है।अभियोजन के अनुसार 6 जून 2019 को पीड़िता की मां ने पड़ोस के ही सब्बू प्रवीण उर्फ सबिया पर अपनी मूक बधिर बेटी को गलत नीयत से बेच देने का आरोप लगाकर लातेहार थाना मामला दर्ज कराया था। अभियोजन पक्ष द्वारा मामले में कुल 9 गवाहों को पेश किया गया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने को बाद अदालत ने मामला को सत्य पाया और भादवि की धारा 365 के तहत 7 वर्षों का कठोर कारावास एवं दो लाख रुपए जुर्माना लगाया। जुर्माना नहीं देने पर अतिरिक्त 1 वर्ष का साधारण कारावास, भादवि की धारा 370 (2) के तहत 3 वर्षों का कठोर कारावास और 25000 का जुर्माना लगाया गया। जुर्माना नहीं देने पर छह महीने का अतिरिक्त कारावास तथा भादवि की धारा 372 के तहत 10 वर्षों का कठोर कारावास एवं दो लाख रुपए जुमार्ना तथा जुमार्ना नहीं देने पर 1 वर्ष की साधारण कारावास की सजा सुनाया है। मालूम हो सब्बू प्रवीण पिछले 5 वर्षों से अधिक समय से जेल में बंद है ।अदालत ने सभी सजाएं अलग-अलग चलाने का आदेश पारित किया है। अदालत ने जेल में बिताए अवधि को समायोजित करने का आदेश दिया है। एक अन्य मामले में अदालत ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने वाले दिलीप कुमार को 10 वर्षों का कारावास और पांच लाख जुमाना लगाया है। उक्त दोनों मामलों में सरकारी अधिवक्ता एलएडीसी ने बचाव पक्षों की ओर से अदालत में दलीलें पेश किया।

## ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क को चलने योग्य बनाया

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हुटाप पंचायत के तूरुवा से सिसकरिया मोड़ जाने वाली ग्रामीण पथ पर अम्बाटांड,तोरार के पास ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क की मरम्मत की और चलने योग्य बनाया। मालूम हो कि विगत कई वर्षों से तूरुवा से सिसकारियां सड़क व पुलिया का शिलान्यास किया गया था। सड़क बना पर पुल नहीं बनने से लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही थी। उक्त पथ से रोजाना ग्रामीणों का आवागमन होता है। सड़क पर पुल नहीं बनने से बरसात के दिनों में पगडंडी से चलना पड़ता था। प्रशासन से आस लगाए बैठे ग्रामीणों ने श्रमदान एवं चंदा कर उक्त सड़क को चलने योग्य बनाया है। इस कार्य में सुनील गंझू,छोटेलाल गंझू,मोहन गंझू, बीडीओ गंझू,बालेश्वर गंझू, जतरू गंझू,चंदर गंझू, सोहराय गंझू, संजय गंझू,नरेश गंझू,जितन गंझू,जगमोहन गंझू,बनारसी गंझू,बिगन गंझू,दुखन गंझू, कमलेश गंझू,सुरेश गंझू,लिटू गंझू,मंगरा गंझू समेत पंचायत के डीलरों का काफी सहयोग रहा।

### सरस्वती विद्या मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन

## सती प्रथा व बाल विवाह पर अहिल्याबाई ने रोक लगाई : आदित्य साहू

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर व भारत माता के फोटो पर पुष्प चढ़ाकर किया। जयंती समारोह में जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने विषय प्रवेश कराया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने शिशु मंदिर के भैया बहनों को शिक्षा के साथ राष्ट्रभक्ति की याद दिलाई। साथ ही अहिल्याबाई होल्कर द्वारा 300 वर्ष पूर्व की घटनाओं को याद दिलाया। केवल पुरुष ही नहीं महिला भी शासन अच्छी तरह से कर सकती है, इसका चरितार्थ अहिल्याबाई होल्कर ने कर दिखाया। विधवा को सम्मान देने की बात, मंदिरों का जीर्णोद्धार, पूर्ण न्याय शासन व्यवस्था, आदर्श मातृशक्ति,




पर्यावरण संरक्षक, सामाजिक समरसता, बाल विवाह विरोध, सती प्रथा पर रोक जैसे कार्य अहिल्याबाई होलकर के शासन व्यवस्था में देखी गई। जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने रानी अहिल्याबाई को त्याग की मूर्ति, सादगी व धार्मिक निष्ठा एवं नारी शक्ति का प्रतीक बताया। वही विद्यालय की रजनी नाग के द्वारा रानी अहिल्याबाई होल्कर की जीवन वृत्त प्रस्तुत किया गया। पलामू प्रमंडल प्रभारी लवली गुप्ता ने इस अवसर पर सांभा जी महाराज, रानी पद्मावती, रानी लक्ष्मी बाई, सावित्री, लोकमाता होलकर को याद किया और बताया कि यदि नारी तप करें तो सावित्री है, युद्ध करें तो दुर्गा, जब शासन करें तो रानी अहिल्याबाई होल्कर बन जाती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने अभिभावक एवं भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि अहिल्याबाई होल्कर की धर्म निष्ठा उनके कार्यों में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। वे एक ऐसी शासिका थीं, जिन्होंने धर्म और समाज सेवा को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाया और अपनी प्रजा के कल्याण के लिए अपने जीवन को समर्पित कर दिया। विद्यालय के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडेय ने अहिल्याबाई होल्कर को लोकमाता व वीरांगना कहकर संबोधित किया एवं उनके द्वारा सोमनाथ मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, एवं विष्णुपद गया का पुनर्निर्माण पर विस्तार से बताया। कार्यक्रम के समापन की घोषणा कार्यक्रम संयोजक वंशी यादव ने किया। के साथ पलामू प्रमंडल प्रभारी लवली गुप्ता, मनिका पूर्व विधायक हरे कृष्णा , पूर्व जिला अध्यक्ष राजधानी यादव , जिला परिषद पूनम देवी, जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे , जिला संयोजक वंशी यादव , जिला अध्यक्ष पंकज सिंह , विद्यालय प्रबंध कारणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे, सचिव नरेंद्र पांडे , विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी, पूर्व प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी एवं दिनेश महालका इस कार्यक्रम में लातेहार शहर के प्रतिष्ठित गणमान्य लोग , भैया बहनों के अभिभावक सहित सभी आचार्य दीदी उपस्थित रहे।

## भाजपा सांसद ने दुखन साव के परिजनों से मिलें

**हेरहंज।** प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत हेरहंज के मृतक स्वर्गीय दुखन साव के परिजनों से इस दुख की घड़ी में भाजपा के राज्यसभा सांसद आदित्य साहू व लातेहार विधायक प्रकाश राम ने परिजनों से मुलाकात कर प्रशासन के गलत कार्यो की निंदा की। साहू ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार की गलत मंसूबों के कारण पुलिस प्रशासन की मनोबल बढ़ा है। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि इस घटना के तुरन्त संज्ञान में लिया था। सोमवार को एसपी से बात कर पूरी घटना की जानकारी लेते हुए दोषियों पर करवाई करने की मांग किया हूं। मौके पर पूर्व मनिका विधायक हरिकृष्ण सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी यादव, जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, जिला महामंत्री बंसी यादव, जिला उपाध्यक्ष संतोष यादव, जिला कार्य समिति सदस्य मनीष जायसवाल, विजय गुप्ता, हेरहंज मंडल अध्यक्ष कन्हाई साहू, कैलाश कुमार ठाकुर, श्यामलाल गोस्वामी, देवनन्दन प्रसाद, उपेंद्र यादव, मनोज यादव, गुड्डू वर्मा शामिल थे।


## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

अतिअल्पकालीन ई–निविदा संख्या :–04/2025-26/EE/NREP/LATEHAR दिनांक : 23.05.2025

| क्र0 | आईडेंटीफिकेषन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलितराशि(रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंकमें | अक्षरमें | | |
| 1. | NREP/LATEHAR/5/ 2025-26 | प्रखंड–लातेहार नगर पंचायत अंतर्गतOBCछात्रावास गुरुकुल, माकोमें चा हर दीवारी निर्माण। | 24,59,600.00 | चौबीस लाख उनसठ हजार छः सौ | 03 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 30.05.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 12.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 14.06.2025 अपराह्न03:30 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
7. निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0,लातेहार
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 6205174469
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
11. उक्त निविदा में भवन प्रमंडल, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
12. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 353320 (Rural Development)25-26*D

## पुलिस उप-महानिरीक्षक का कार्यालय, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज

निविदा संख्या–02/2025

| क्र0सं0 | निविदा का विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | निविदादाता का नाम | पुलिस उप–महानिरीक्षक का कार्यालय, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज। |
| 2 | निविदा आमंत्रित करने की तिथि एवं समय | दिनांक–23/05/2025 समय–11:00 बजे पूर्वाहन से |
| 3 | निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक–16/06/2025 समय–06:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | निविदा प्रपत्र प्राप्त/निविदा समर्पित करने का स्थान | पुलिस उप–महानिरीक्षक का कार्यालय, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज। |
| 5 | निविदा खोलने का स्थान | पुलिस उप–महानिरीक्षक, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज का कार्यालय कक्ष। |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक–19/06/2025 समय–11:00 बजे पूर्वाहन |

निविदा सूचना

पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, राँची का ज्ञापांक–1478/टी0एस0, दिनांक–26.12.24 के आलोक में पलामू क्षेत्र, डालटनगंज अंतर्गत पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिला के विभिन्न थाना/ओ0पी0/ प्रतिष्ठान में अधिष्ठापित RO System के वार्षिक सम्पोषण (AMC) हेतु योग्य एवं इच्छुक फर्म से प्रति RO System की दर से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। RO System का कम्पनी एवं मॉडल का विवरण नीचे अंकित है तथा पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिला में उनके अधिष्ठापन स्थान का विवरण एवं संख्यावार उनके मॉडल की विवरणी Annexure-I के रूप में साथ संलग्न है।

| क्र0 सं0 | Ro System का कम्पनी | RO System का मॉडल |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | AQUA GUARD | 120 UV |
| 2 | | RO 80 PSS |

निविदा की शर्तें निम्न प्रकार है :–

1. निविदाकर्त्ता द्वारा सीलबन्द लिफाफा में समर्पित निविदा पुलिस उप–महानिरीक्षक, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज के कार्यालय में निर्धारित तिथि एवं समय तक स्वीकार किया जाएगा। निर्धारित समय समाप्ति के उपरान्त निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. निविदाकर्त्ता को प्रतिभूति के रुप में रु0 5,000/– (पाँच हजार) की राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट संलग्न करना होगा जो "पुलिस उप–महानिरीक्षक, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज" के पक्ष में भुगतेय होगा। न्यूनतम मूल्य घोषित किए जाने वाले फर्म को छोड़कर शेष सभी निविदाकर्त्ताओं को उक्त प्रतिभूति की राशि वापस कर दी जाएगी, जो उन्हें निविदा खुलने की तिथि के सात दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से प्राप्त कर लेना होगा। सफल निविदाकर्त्ता की प्रतिभूति राशि अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रखी जाएगी।
3. निविदाकर्त्ता को इस क्षेत्र में कम–से–कम पाँच वर्षों का कार्यानुभव होना आवश्यक है, जिसका प्रमाण–पत्र निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
4. निविदाकर्त्ता का नाम/दुकान/फर्म के काली सूची में दर्ज नहीं होने का शपथ–पत्र देना होगा।
5. निविदा में आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता एवं न्यूनतम मूल्य का ध्यान दिया जाएगा।
6. निविदाकर्त्ता को GST निबंधित होना चाहिए एवं विगत दो वर्षों का आयकर स्वच्छता प्रमाण–पत्र निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
7. निविदा दिनांक–19/06/2025 को समय 11:00 बजे पूर्वाहन में खोला जाएगा, जिसमें निविदाकर्त्ता/उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं, अनुपस्थित रहने के बाद में किसी प्रकार का दावा नहीं किया जा सकता है।
8. जरुरत पड़ने पर निविदा के न्यूनतम मूल्य पर निविदा में शामिल एक से अधिक फर्म को कार्यादेश दिए जाने का अधिकार क्रय समिति के पास सुरक्षित रहेगा, जिसके संबंध में किसी प्रकार का दावा माननीय न्यायालय में निविदाकर्त्ता द्वारा नहीं किया जा सकता है।
9. निविदा को संशोधित करने अथवा बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।
10. कोई विशेष परिस्थिति होने पर निविदा खोलने की तिथि में संशोधन का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
11. सफल आपूर्तिकर्त्ता को निर्गत कार्यादेश में अंकित तिथि से कार्य प्रारम्भ करना होगा। संबंधित कार्य में लगने वाले सामग्री की आपूर्ति का ढुलाई भत्ता देय नहीं होगा तथा सामग्री के लिए कोई अग्रिम राशि देय नहीं होगा।। आपूति की गई सामग्री की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। Installation आपूर्तिकर्त्ता द्वारा किया जायेगा, जिसके लिए अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
12. कार्यादेश प्राप्त होने वाले फर्म को प्रत्येक माह सभी Ro System का जाँच कर प्रमाण–पत्र अधोहस्ताक्षरी एवं संबंधित पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में समर्पित करना होगा।
13. ससमय कार्य नहीं करने अथवा सामग्री की गुणवत्ता सहीं नहीं होने पर किसी समय कार्यादेश को रद्द किए जाने का अधिकार गठित क्रय समिति के पास सुरक्षित होगा, जिसके संबंध में किसी प्रकार का दावा माननीय न्यायालय में निविदाकर्त्ता द्वारा नहीं किया जा सकता है।
14. कार्य के उपरांत विपत्र का भुगतान निविदाकर्त्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए खाता संख्या/Payee I.D. के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया जाएगा।
15. विपत्र राशि के भुगतान पर Section 194 C of the Income Tax के अनुसार TDS की कटौती की जाएगी।

पुलिस उप–महानिरीक्षक, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज

PR 353388 Police (25-26)_D

### लोहरदगा सदर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# सजायाफ्ता वारंटी मो. अतीक गिरफ्तार, कोर्ट में हुई पेशी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर थाना पुलिस को शुक्रवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। लोहरदगा न्यायालय जीआर संख्या सी-476/2017 के तहत सजायाफ्ता वारंटी अभियुक्त मो. अतीक को गिरफ्तार कर विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत न्यायालय लोहरदगा में शाम 4:00 बजे प्रस्तुत किया गया। अभियुक्त मो. अतीक, उम्र लगभग 48 वर्ष, पिता स्वर्गीय मो. सफीक, निवासी बंगला रोड, आजाद बस्ती, लोहरदगा, न्यायालय से दोषसिद्ध घोषित होने के बावजूद लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा लगातार उस पर नजर रखी जा रही थी, और गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। लोहरदगा सदर थाना पुलिस की इस कार्रवाई से जिले में कानून व्यवस्था को लेकर आम नागरिकों में भरोसा और भी मजबूत हुआ है। यह स्पष्ट संकेत है कि न्याय से भागने की कोई गुंजाइश अब नहीं बची है और पुलिस हर हाल में कानून का पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।




#### मो. अतीक को कड़ी निगरानी व रणनीति के तहत गिरफ्तार

इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर ने बताया कि फरार चल रहे सजायाफ्ता और वारंटी अभियुक्तों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि "मो. अतीक को कड़ी निगरानी और रणनीति के तहत गिरफ्तार किया गया है। जो भी व्यक्ति न्यायालय से सजा पाने के बावजूद कानून से भाग रहे हैं। उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कानून की नजरों से कोई नहीं बच सकता और ऐसे अभियुक्तों पर लगातार कार्रवाई होती रहेगी।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में प्राथमिक उपचार कर एक युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है। जबकि एक अन्य व्यक्ति को प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी। बता दे कि पहला सड़क दुर्घटना बेड़ो - लोहरदगा मुख्य पथ स्थित रतन टोली के समीप घटी है। जिसमें सड़क पार कर रहे भीठा गांव निवासी भीन सरिया उरांव के पुत्र संतोष उरांव को अज्ञात हाइवा ने टक्कर मार फरार हो गया। जिसमें संतोष उरांव का एक पैर टूट गया है। साथ ही एक पैर का एक अंगुली भी कटकर हट गया। जिसे प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। जबकि दूसरी सड़क दुर्घटना भंडरा-अकाशी मुख्य पथ कुम्हरिया बस्ती के समीप की है। जिसमें कुम्हरिया अंबा टोली निवासी सिकंदर अंसारी का पुत्र मकसूद अंसारी मोटर साइकिल से अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया।

### पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मनाई गई

# 'स्त्रियां कभी अबला नहीं होतीं': शशिधर



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, लोहरदगा में बुधवार को पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती भव्यता और श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, समिति सदस्य जीत राम बडाइक, प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय और समाज की दो अन्य प्रमुख मातृशक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शिशुओं की माताओं द्वारा अपने हाथ से अपने भैया बहनों को भोजन कराया गया, जिसके पश्चात् भैया-बहनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के आचार्य महेंद्र कुमार मिश्रा ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के प्रेरक जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उनके जीवन से जुड़ी कई महत्त्वपूर्ण घटनाओं और उनके न्यायिक दृष्टिकोण को रेखांकित किया, जिसमें उनके पुत्र से जुड़ी एक प्रसिद्ध घटना भी शामिल थी। आचार्य मिश्रा ने बताया कि कैसे अहिल्याबाई ने न्याय के लिए अपने पुत्र को भी दंडित करने का प्रावधान रखा था, जिससे उनकी अटूट न्यायप्रियता सिद्ध होती है। उन्होंने अहिल्याबाई के सामाजिक कार्यों, जैसे काशी विश्वनाथ सहित कई शिव मंदिरों की जीर्णोद्धार आश्रमों और बट वृक्षों के रोपण का भी उल्लेख किया। विद्यालय के अध्यक्ष श्री शशिधर लाल अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि "अहिल्याबाई होल्कर ने यह सिद्ध किया है कि स्त्रियां अबला नहीं होतीं। यदि वे ठान लें तो विश्व की सभी शक्तियों को परास्त करने की सामर्थ्य रखती हैं।" विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा, "ऐसी वीरांगनाओं के कारण ही हमारे देश की संस्कृति समृद्ध हो रही है, जिससे नारियां आज प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी बन रही हैं।" सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और अभिभावकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति कार्यक्रम में बहन पलक कुमारी, सिद्धि शर्मा, इशिका और उनकी सहेलियों द्वारा मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। बहन शर्मिष्ठा पाठक, पाखी कुमारी, आध्या पाठक और उनकी सहेलियों ने सुंदर नागपुरी गीत सह नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के अन्य भैया-बहनों ने राजस्थानी गीत और अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित एकांकी प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस गरिमामयी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए समाज के कई प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ-साथ विद्यालय के भैया-बहनों की सैकड़ों माताएं (मातृशक्ति के रूप में) उपस्थित रहीं।

# विकास योजनाओं को ससमय पूर्ण करे : मधुश्री मिश्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू।** कुडू सीओ सह बीडीओ मधुश्री मिश्रा ने शुक्रवार को कुडू प्रखंड के जिमा एवं टाटी पंचायत के आधा दर्जन गांव का दौरा कर विकास योजना का जायजा लिया। इस दौरान श्रीमती मिश्रा ने गांवो में बन रहे डोभा, गाय शेड, बागवानी, अबुआ आवास, पीएम आवास आदि योजनाओं का निरीक्षण कर लाभुकों को गुणवत्तापूर्ण और ससमय पूरा करने का निर्देश के साथ कार्य को पूर्ण कराने हेतु संबंधित पंचायत के कर्मियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दीया।उन्होंने कहा कि बरसात शुरू होने से पहले डोभा और आवास को हर हाल में पूरा करे।

## तेली समाज की कोर कमेटी की बैठक कल

**लोहरदगा।** छोटानगपुरिया तेली समाज, लोहरदगा की कोर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आगामी 25 मई 2025 (रविवार) को प्रात: 11 बजे स्थानीय तेली धर्मशाला में आयोजित की गई है। बैठक में समाज की नई कार्यकारिणी समिति के गठन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। इस संदर्भ में कोर कमेटी के सभी सम्मानित सदस्यों से आग्रह किया गया है कि वे निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होकर निर्णय प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। यह जानकारी कोर कमेटी के संयोजक प्रो. शिव दयाल साहू ने दी।

# कुपोषित बच्चों का नियमित जांच करें : पर्यवेक्षिका



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा।** प्रखंड स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय सभागार में आंगनबाड़ी सेविका और स्वास्थ्य सहियाओं का एक दिवसीय समर कैंप प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर में महिला पर्यवेक्षिका सुषमा कुजूर ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि जून माह से समर कैंप लगाया जायेगा जिसमें कुपोषित बच्चों का पहचान करना है। कुपोषित बच्चे का जांच आंगनबाड़ी केंद्र में पोषाहार देते समय करें जिसे देखे की बच्चा कितना रुचि से साथ पोषण आहार ग्रहण कर रहा है। बच्चा का हर गति विधि पर ध्यान दें और वजन जांच करें तथा कुपोषण होने पर घर में ठीक होने जैसा स्थिति है। तो घर में रखें और चार माह तक उसका बेहतर देख भाल करें उसके बावजूद सुधार नहीं होता है। तो पुनः चार माह और उस बच्चे में ध्यान दें। साथ ही अन्य कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर सूची तैयार करें और सभी का पंजीयन करें तथा उपचार करने का व्यवस्था करें। बच्चों का भूख लगने नही लगने की स्थिति को भी जांच करें और चिकित्सक से सलाह लें। आवश्यकता पड़ने पर स्वास्थ केंद्र या कुपोषण स्वास्थ केंद्र में भेजें। प्रोत्साहन और प्रबंधन पर ध्यान दें और संपूर्ण देख भाल करें। मौके पर शकुन्तला देवी, नीलम माधुरी, सलीका खातून, शांति उरांव, पारस मनी उरांव, पूनम मिंज, मालती कुमारी, उषा उरांव समेत अन्य आंगनबाड़ी सेविकाएं और स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थे।

### धीरज साहू ने गुरदरी माइंस में मजदूरों के साथ की बैठक, कहा-

# हम स्वार्थ की राजनीति नहीं मजदूर की सेवा करते हैं

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** छोटानागपुर बॉक्साइट और कोल वर्कर्स यूनियन के महासचिव सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने गुरदरी माइंस में मजदूरों के साथ शुक्रवार को बैठक की। जिसमें मजदूरों की समस्याओं को सुना गया। धीरज प्रसाद साहू ने मजदूरों के अधिकारों को लेकर उनके साथ खड़े होने की बात कही। इससे पूर्व धीरज प्रसाद साहू के गुरदरी पहुंचने पर मजदूरों और स्थानीय प्रतिनिधियों ने बुके दे कर स्वागत किया। मौके पर धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि वह स्वार्थ की राजनीति नहीं करते। वह मजदूर की सेवा करते हैं। उनका पूरा परिवार प्रारंभ काल से ही यहां के लोगों, यहां के किसानों, यहां के मजदूरों और यहां के गरीबों के अधिकार और उनके विकास को लेकर काम करता रहा है। उन्होंने हमेशा ही हिंडाल्को के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। कुछ लोग मजदूर का खुद को हितैसी बता कर हिंडाल्को कंपनी से अपना लाभ लेने के चक्कर में पड़े रहते हैं। मजदूर वर्ग को मूर्ख बनाने का काम करते हैं। जो लोग कुछ मजदूरों को बरगलाकर आज उनका नेता बनने का दिखावा कर रहे हैं, वह लोग आज से पहले कहां थे। उन्होंने कहा कि मजदूर उनके साथ दें, वह मजदूरों के साथ खड़े हैं। मजदूरों की समस्याओं का निदान और उनका विकास ही उनकी एकमात्र प्राथमिकता है। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि मजदूर ही उनकी ताकत हैं। छोटानागपुर बॉक्साइट और कोल वर्कर्स यूनियन का महासचिव होने के नाते उनका यह दायित्व है कि वह मजदूरों के साथ हमेशा खड़े रहें और उनका उनका अधिकार दिलाएं। मौके पर उपस्थित लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि मजदूरों से संबंधित सभी समस्याओं का निदान अवश्य ही किया जाएगा इसके साथ ही मजदूरों के हक की आवाज को बुलंद करने के लिए हमारे अभिभावक धीरज प्रसाद साहू के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करूंगा। मौके पर हातिम अंसारी, रौनक इकबाल, राजेश शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## 51 कुण्डीय विश्व कल्याण वैदिक महायज्ञ, तैयारियों की रूपरेखा तय

**लोहरदगा।** आगामी 1 जून को आर्य समाज लोहरदगा द्वारा एक भव्य 51 कुण्डीय विश्व कल्याण वैदिक महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला महाविद्यालय, बरवाटोली परिसर में सम्पन्न होगा। महायज्ञ का आयोजन स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव, स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती एवं आर्य समाज की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने हेतु बगडू मोड़, अमलाटोली स्थित आर्य समाज के कोषाध्यक्ष दीपक कुमार कर्मकार के आवास पर एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन को सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। आर्य समाज लोहरदगा द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, प्रातः 6:30 बजे से 8:30 बजे तक 51 कुण्डीय वैदिक महायज्ञ का आयोजन होगा। सायं 4:00 बजे से 7:00 बजे तक अस्त्र-शस्त्र एवं दंड संचालन से सुसज्जित शोभायात्रा निकाली जाएगी। रात्रि 7:00 बजे से 9:00 बजे तक संगीतमय लव-कुश श्रीराम मिलन, रानी लक्ष्मीबाई पर आधारित लघुनाटक एवं राष्ट्ररक्षा कवि सम्मेलन का आयोजन प्रस्तावित है।


## झारखण्ड सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
तृतीय तल्ला, नया समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह, झारखण्ड–815301

**ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :–11/R1/2025-26/RWD/EE/GIRIDIH दिनांक :– 22.05.2025

गिरिडीह द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurment पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेंडर कॉल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1. | RWD/GIRIDIH/ 04/2024-25 | मुण्डरो से कोल्हरिया तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–2060 कि0मी0) | 2,25,57,400.00 | दो करोड़ पच्चीस लाख सन्तावन हजार चार सौ रू0 मात्र | 12 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रका ान की तिथि :– 28.05.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 09.06.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 11.06.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह, तृतीय तल्ला, नया समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह, झारखण्ड – 815301
6. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0– 06532–225381

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह।

PR.NO.353363 REO(25-26):D



## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 11/वर्ष 2025–26**

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दि0 30.05.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 31.05.2025 को 11.00 बजे अपराह्न से 01.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 31.05.2025 को 02:00 बजे पूर्वाह्न नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
8. कार्य का नाम

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Construction of RCC drain and pcc road from from anil ram house to bablu shukla house in ward no 2 under Medininagar Municipal Corporation | 9,36,900/- | 18,750/- | 5,000/- | तीन माह |
| 2 | Construction of pcc road & rcc drain From santosh yadav house to kamleshwar prasad soni house in ward no 2 Medininagar Municipal Corporation, Medininagar | 7,03,870/- | 14,100/- | 5,000/ | तीन माह |
| 3 | Construction of Hume pipe from Tampoo stand via saurabh kumar agrawal house to opposite of green valley school in ward no 6 under Medininagar Municipal Corporation | 9,72,430/- | 19,500/- | 5,000/ | तीन माह |
| 4 | Construction of RCC Drain near GLA college Main road in ward no 6 Under Medininagar Municipal Corporation | 2,06,660/- | 4,150/- | 1,000/- | तीन माह |
| 5 | Construction of Hume pipe culvert near champion chowk baralota in ward no 08 under Medininagar Municipal Corporation | 1,46,330/- | 2,950/- | 1,000/- | तीन माह |
| 6 | Construction of PCC Road & RCC Drain From Sumant Kumar's house to Arbind Mehta's house via Pawan kr Mehta's house Sudna in ward no 09 Under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar. | 5,73,230/- | 11,500/- | 5,000/- | तीन माह |
| 7 | Construction of RCC Drain from Ajay Singh's house to Urmila Devi's house Sudna in ward no 09 Under Medininagar Municipal Corporation. | 4,22,170/- | 8,450/- | 1,000/- | तीन माह |
| 8 | Construction of (i) RCC Drain (ii) PCC Road from Jitendra kumar's house to Arbind Mishra's house at kandakhar Hamidganj in ward no 11 Under Medininagar Municipal Corporation | 7,89,060/- | 15,800/- | 5,000/- | तीन माह |
| 9 | Construction of (i) RCC Drain (ii) GUARD WALL (iii) PCC ROAD, near Surendra Singh House (Culvert) at kandakhar Hamidganj in ward no 11 Under Medininagar Municipal Corporation. | 3,70,780/- | 7,450/- | 1,000/- | तीन माह |
| 10 | Construction of (i)PCC Road (ii)RCC Drain From Sharadha Sankar Dubey to Krishna Singh via Anand Giri at kandakhar Hamidganj in ward no 12 Under Medininagar Municipal Corporation | 9,65,280/- | 19,350/- | 5,000/- | तीन माह |
| 11 | Construction of (i)RCC Drain from Rajesh's house to Ajay Singh's house (ii)Paver block near Ramshrya dubey at Siksha colony in ward no 12 Under Medininagar Municipal Corporation | 2,64,854/- | 5,300/- | 1,000/- | तीन माह |
| 12 | Construction of RCC drain from Jail Hata Chowk to Mithlesh Singh house via Vikash Sinha in ward no 13 Under Medininagar Municipal Corporation | 9,95,620/- | 20,000/- | 5,000/ | तीन माह |
| 13 | Construction of RCC drain from Baijulal Prasad House to Kamal Kant Thakur House in ward -24 under Medininagar municipal Corporation | 5,42,580/- | 10,900/- | 5,000/ | तीन माह |
| 14 | Construction of (i) RCC drain from Manoj Pandey house to Surendra ram house and(ii) Slab over drain from deepak kumar house to vinay gupta house (iii) construction of drain & slab over it from Vikah Singh house to bada nala in ward no 25 | 9,97,610/- | 20,000/- | 5,000/ | तीन माह |
| 15 | Construction of (i) Laying of Paver block from Namdhari Coloni to Alok kumar singh (Tutu Singh)'s house & Repair of PCC (ii)Repair of drain near Former Dupty Mayor's house at ward no.-15, Under Medininagar Municipal Corporation | 3,47,310/- | 6,950/- | 1,000/- | तीन माह |
| 16 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM KEDAR NATH SINGH'S HOUSE TO MAIN ROAD & SHAMBHU YADAV 'S HOUSE TO CULVERT AT WARD NO-16,UNDER MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION | 8,28,820/- | 16,600/- | 5,000/- | तीन माह |
| 17 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN & RETAINING WALL NEAR HONORABLE M.P. SIR'S HOUSE AT WARD NO.-13, UNDER MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION | 3,34,660/- | 6,700/- | 1,000/- | तीन माह |
| 18 | Construction of RCC Drain from Jama ansari house to Maqwool house in ward no 32 Under Medininagar Municipal Corporation. | 2,18,140/- | 4400/- | 1,000/- | तीन माह |
| 19 | Construction of RCC Drain from Dhiraj chandravansi house to Sanik canten in ward no 34 Under Medininagar Municipal Corporation. | 5,95,960/- | 12,000/- | 5,000/ | तीन माह |
| 20 | Construction of RCC Drain from Sakir roy house to Reshma bibi house via jakir ussain house in ward no 32 Under Medininagar Municipal Corporation. | 6,06,370/- | 12,200/- | 5,000/ | तीन माह |
| 21 | Construction of RCC drain from Ramesh chodhery house to Ashish singh house in ward no 35 Under Medininagar Municipal Corporation. | 3,79,870/- | 7,600/- | 1,000/- | तीन माह |
| 22 | Construction of rcc drain & pcc road over old pcc from Mujahidddin khalifa house to Rajani baitha house in ward no 34 Under Medininagar Municipal Corporation. | 6,41,690/- | 12,900/- | 5,000/- | तीन माह |
| 23 | REPAIR & MAINTANANCE OF PARK NEAR DC RESIDENCE, MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION, MEDININAGAR, | 575,700/- | 11,600/- | 5,000/- | तीन माह |

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 353309 District(25-26)D



## कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।
(आपूर्ति शाखा)
**प्रेस विज्ञप्ति**

**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अन्तर्गत आच्छादित राशनकार्डधारक 30 जून 2025 तक माह जून, जुलाई एवं अगस्त 2025 का अग्रिम अनाज अपने संबंधित जन वितरण प्रणाली विक्रेता के माध्यम से प्राप्त करें।**

भारत सरकार एवं खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड, रांची के दिशा–निदेश के आलोक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत माह अगस्त, 2025 तक के अवधि के लिए खाद्यान्न का अग्रिम उठाव एवं वितरण किया जाना है। विभागीय पत्र संख्या:–1266/रांची, दिनांक 15.05.2025 के अनुसार सभी NFSA (PHH और AAY) राशनकार्डधारकों को माह जून, जुलाई एवं अगस्त, 2025 का खाद्यान्न 30 जून, 2025 तक अपने टैग किये गये उचित मूल्य की दुकानों (FPS Dealer) से प्राप्त कर लेना है।

अग्रिम उठाव, परिवहन एवं वितरण की समय–सीमा निम्न है :–

| माह का नाम | उठाव/DSD की अवधि | वितरण की अवधि |
|---|---|---|
| जून 2025 | दिनांक 31.05.2025 तक | दिनांक 01.06.2025 से 15.06.2025 तक। |
| जुलाई 2025 | दिनांक 31.05.2025 तक | |
| अगस्त 2025 | दिनांक 01.06.2025 से 15.06.2025 तक। | दिनांक 16.06.2025 से 30.06.2025 तक। |

- जन वितरण प्रणाली दुकानदारों द्वारा उक्त तीन माह के लिए खाद्यान्न वितरण हेतु ई–पॉश मशीन के माध्यम से Separate Transaction करते हुए करते हुए अलग–अलग पर्ची निर्गत की जायेगी, अर्थात लाभुकों को जिस माह के लिए खाद्यान्न का वितरण किया जायेगा, उस माह के लिए खाद्यान्न दूसरे माह के खाद्यान्न वितरण के लिए लाभुकों को पुनः Biometric Authentiation अलग से लिया जायेगा।
- अंत्योदय अन्न योजना (AAY) कार्डधारकों को प्रतिमाह 35 कि0ग्रा0 अनाज (28 कि0ग्रा0 फोर्टीफाईड चावल और 07 कि0ग्रा0 गेहूँ) मिलेगा।
- पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ (PHH) कार्डधारकों को प्रति सदस्य प्रतिमाह 05.00 कि0ग्रा0 अनाज (04 कि0ग्रा0 चावल एवं 01 कि0ग्रा0 गेहूँ) मिलेगा।

शिकायत दर्ज कराने या अपने अधिकारों की जानकारी हेतु लाभार्थी को 1967 या 18002125512 पर कॉल कर सकते हैं।

सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता, स्थानीय प्रशासन और जन प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे इस सूचना का व्यापक प्रचार–प्रसार करें और वितरण प्रक्रिया को सुचारू रूप से सुनिश्चित करें। किसी भी डीलर द्वारा इस वितरण व्यवस्था का उल्लघंन करने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अन्तर्गत आच्छादित सभी लाभुकों से अपील किया जाता है कि अपने संबंधित जन वितरण प्रणाली विक्रेता से सम्पर्क करें तथा निर्धारित समयावधि अन्तर्गत उक्त माह का अपना पात्रता के अनुरूप खाद्यान्न प्राप्त करें।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
पलामू।

PR 353356 District(25-26)D



## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## जिला नियोजनालय,(रोजगार कार्यालय) गढ़वा

**राज्य के सभी जिलों के तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में योग्यता रखने वाले आवेदकों के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर**

**भर्ती कैम्प सूचना – 2025**

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गढ़वा के तत्वावधान में दिनांक–28.05.2025 (दिन–बुधवार) को पूर्वाह्न–11.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक जिला नियोजनालय,गढ़वा परिसर में एक दिवसीय "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प–2025" आयोजित किया जा रहा है। भर्ती कैम्प में निम्न नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

| S. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification | | Experience | Age | Salary | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | S K Safety Wings (P) Ltd. (Amazon) | Associate | 100 | 10th PASS | Can Read English | No | 18-34 Year both male-female | 18,700/- (in hand) | Tamilnadu |
| 02 | Svatantra Micofin Pvt.Ltd | Svatantra Field Officer | 30 | Minimum 10th Pass | KYC (Aadhar Pan, DL) Bike should be Available | Fresher | 18 to 28 Year. | (12,770/- gross) | Garhwa, Ramna Bhawnathpur Chiniya Ranka kandi |
| 03 | Shriram Life Insurence-Co.Ltd | Sales Officer | 40 | Metric (10th) | Metric Mark sheet+ Aadhar+Pan+Passbook | No | 18 -60 Year | (10,590-22000/-) | Garhwa |
| 04 | ASK HR Solutions ( Metalman Auto Pvt.Ltd And Endurance Technologies) | Machine Operator | 50 | ITI(Any trade) | N/A | N/A | 18-35 year | (18,232/- 12hrs) | Hosur, Bengaluru Maharashatra |
| | | Associate | 50 | 10th Pass | - | | | (17,000/- 12hrs) | |
| | | Operator | 50 | ITI Welder | N/A | N/A | | (21,358/- 12hrs) | |
| 05 | Freedom Employability Academy, Garhwa | Teacher | 10 | Graduation, (Any stream) | Basic English & Computer | N/A | N/A | 14,500/- (Gross) +Medical +HRA | Garhwa, Ranka,Meral,Lagma , Rehla,Bishrampur |

भर्ती कैम्प में भाग लेने वाले निजी नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी से संबंधित सूचना झारखण्ड सरकार के वेबसाईट– WWW.jharniyojan.jharkhand.gov.in एवं garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

**भर्ती कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है।** यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो भर्ती कैम्प तिथि के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में जा कर या स्वयं अधिकृत वेबसाईट–WWW.jharniyojan.jharkhand.gov.in से स्वंय कर सकते हैं। भर्ती कैम्प के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय,गढ़वा से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 353397 Labour Employment and Traning(25-26).D

## न्यूज बॉक्स

### दो अलग-अलग सड़क हादसे में हुई दो की मौत





**बसिया(गुमला)।** बसिया में हुए अलग-अलग सड़क हादसे में दो लोगों के मौत होगी। जबकि दुर्घटनाओं में सात लोग बुरी तरह जख्मी भी हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार **पहली घटना** कलिगा गांव के पास स्टेट हाईवे पर हुई जिसमें दो मोटरसाईकलों के बीच सीधी टक्कर के कारण कामडारा निवासी सोलह वर्षीय कृष्णा मुंडा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि इस दुर्घटना में करमा भेंगरा (18), समीर मुंडा (18), श्याम तिर्की (23) और अरबिंद किंडो (20) बुरी तरह घायल हो गये। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल बसिया लाया गया जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए उच्च स्वास्थ्य संस्थान हेतु रेफर कर दिया गया है। **दूसरी घटना** बसिया के ही पतुरा गांव के पास की है। इस हादसे में बाईक सवार रांची सिमडेगा मार्ग पर एक अनियंत्रित पिकअप वैन की चपेट में आ गया और इस हादसे के कारण मोरेंग गांव निवासी रामु राम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। यह घटना तब घटी जब मृतक रामू राम अपनी बाइक से घर लौट रहा था। इस दुर्घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने पिकअप चालक पाले मुण्डा, सहचालक मंगल मुंडा व वाहन सवार अरुण कुमार की जमकर धुनाई कर दी है। मारपीट की इस घटना के कारण इन तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है। इतना ही नहीं, गुस्साए ग्रामीणों ने रांची सिमडेगा मुख्य पथ को जाम कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक यह जाम हटाया नहीं जा सका है जबकि निरंतर हो रहे सड़क हादसे के कारण यहाँ सड़क सुरक्षा को लेकर फिर से सवाल खड़े हो गए हैं।

### होटल संचालक की संदिग्ध हालात में मौत




**भरनो (गुमला)।** गुमला जिले के भरनो प्रखंड अंतर्गत गाढ़ाटोली निवासी 55 वर्षीय होटल संचालक गंदूर उरांव की लाश शुक्रवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक घर से बरामद की गई। शव बुरी तरह सड़ चुका था। गंदूर उरांव मिशन चौक स्थित अपने दामाद के घर में अकेले रहकर एक छोटा होटल चलाता था। पिछले एक सप्ताह से वह दिखाई नहीं दे रहा था, जबकि घर का मुख्य दरवाजा बाहर से बंद था। बताया जा रहा है कि गंदूर पिछले दरवाजे से अंदर गया और फिर दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, वह शराब का आदी था और कई दिनों से लापता था। शुक्रवार की सुबह जब आस-पास तेज दुर्गंध फैली तो उसके बेटी और दामाद ने दरवाजा तोड़कर देखा तो गंदूर का शव बिस्तर के नीचे सड़ी-गली अवस्था में मिला। सूचना मिलने पर भरनो थाना के सब इंस्पेक्टर मंटू चौधरी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों की मदद से शव को प्लास्टिक में लपेटकर बाहर निकाला गया। इसके बाद पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया। गंदूर उरांव की मौत के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### विधायक की पहल से गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में खुशी की लहर



**सिसई(गुमला)।** डब्ल्यू टी पी पीएचईडी सिसई में विधायक जिग्गा सुसारन होरो के पहल पर 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। गुरुवार को नए ट्रांसफार्मर का उद्धघाटन झामुमो नेता मो उमर फारूक अंसारी ने फीता काट कर किया। बीते पंद्रह दिनों से जले ट्रांसफार्मर के कारण मुख्यालय क्षेत्र में पानी सप्लाई बंद थी, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसकी सूचना मो. उमर फारूक अंसारी ने स्थानीय विधायक माननीय जिग्गा सुसारन होरो को दी। विधायक के पहल पर ट्रांसफार्मर का व्यवस्था कराया गया। ट्रांसफार्मर लगने से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। इस मौके पर प्रकाश उरांव, जुल्फान अंसारी, अली नवाज साहब, गुलफाम अंसारी, सादिक अंसारी, मकीन अंसारी, महिंद्र उरांव, मनोज उरांव, शमसेर अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### विद्यालय रसोइया संयोजिका संघ की सिसई में बैठक, 29 को तालाबंदी की तैयारी

**गुमला।** सिसई प्रखंड के अंचल कार्यालय में रविवार को झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष देवकी देवी ने की, जबकि संचालन प्रखंड अध्यक्ष संतोषी देवी और प्रखंड सचिव सरिता देवी ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में प्रदेश स्तर पर लिए गए निर्णयों को जिला व प्रखंड स्तर पर लागू करने पर विचार किया गया। इसी क्रम में 29 मई को जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में तालाबंदी आंदोलन करने की रणनीति पर चर्चा हुई। आंदोलन के जरिए संघ अपनी मांगों के समर्थन में दबाव बनाने की तैयारी में है। बैठक में सदस्यता अभियान को तेज करने और संगठन को प्रखंड स्तर पर मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। संघ की इस बैठक में रीता देवी, मनी देवी, बबली देवी, हमोदा खातून समेत कई संयोजिकाएं उपस्थित थीं, जिन्होंने प्रस्तावित आंदोलन को सफल बनाने के लिए एकजुटता दिखाई।

### बरडीहा पंचायत में महत्वाकांक्षी योजनाओं का हुआ सघन निरीक्षण

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड की बरडीहा पंचायत में सरकार की महत्वाकांक्षी विकास योजनाओं का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर समाहर्ता सचिन्द्र बड़ाइक, पंचायत सचिव राममोहन साहू, मुखिया ईश्वर खेस और चैनपुर के सहायक अभियंता संजय उरांव सहित जिला स्तरीय जांच दल ने मौके पर पहुंचकर योजनाओं के क्रियान्वयन और गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया।जांच में मुख्य रूप से टीसीबी योजना, सिंचाई कूप और अबुआ आवास योजना को शामिल किया गया था। जांच दल ने टीसीबी योजनाओं के तहत किए गए मिट्टी और जल संरक्षण कार्यों की स्थिति का जायजा लिया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ये कार्य अपने निर्धारित उद्देश्यों को पूरा कर रहे हैं।

# डुमरी में योजनाओं की सच्चाई जानने पहुंचीं एसडीओ, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

नवीन मेल संवाददाता





**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर चैनपुर अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी ने डुमरी प्रखंड में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया और उनके धरातलीय क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति का गहन मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अबुआ आवास योजना, आंगनबाड़ी केंद्र, बिरसा हरित ग्राम योजना, मनरेगा अंतर्गत कूप निर्माण, जन वितरण प्रणाली, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पशुपालन, आपूर्ति और राजस्व विभाग से जुड़ी योजनाओं की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के पश्चात डुमरी प्रखंड कार्यालय में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में एसडीओ ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों से योजनाओं की प्रगति, लंबित कार्यों और कार्यान्वयन में आ रही समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से मिलना चाहिए, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। अबुआ आवास योजना के अंतर्गत कई मकानों की प्रगति सराहनीय पाई गई, जबकि अधूरे आवासों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों में दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता पर असंतोष जताते हुए एसडीओ ने खिचड़ी में दाल की मात्रा बढ़ाने तथा पोषण स्तर सुधारने पर बल दिया। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा में एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता, ममता वाहन के पंजीकरण तथा एंबुलेंस की संख्या बढ़ाने की बात कही गई। जन वितरण प्रणाली में खाद्यान्न का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई।

## बिशुनपुर में आत्मनिर्भरता की मिसाल बना वन धन विकास केंद्र



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशन में गुमला जिले में विशेष रूप से दुर्बल जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य केवल आजीविका का साधन उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि इन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ना भी है। इन्हीं प्रयासों के तहत वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री वन धन योजना के अंतर्गत विशुनपुर प्रखंड के सेरका गांव में स्थापित वन धन विकास केंद्र (वीडीवीके) आज पूरे जिले में परिवर्तन का प्रतीक बन गया है। विशुनपुर प्रखंड प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है, लेकिन असुर, कोरवा और बिरहोर जैसे जनजातीय समुदायों को जंगल उत्पादों से पर्याप्त लाभ नहीं मिल पाता था। इन्हीं कठिनाइयों को देखते हुए त्रिफेड की सहायता से 15 लाख रुपये की लागत से वी.डी.वी.के. सेरका की स्थापना की गई। इसमें संग्रहण, प्रसंस्करण, ब्रांडिंग और विपणन के लिए आवश्यक साधनों की व्यवस्था की गई।

इस केंद्र का संचालन 15 स्वयं सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है, जिनमें कुल 300 सदस्य शामिल हैं। इनमें से अधिकांश सदस्य पीवीटीजी समुदायों से हैं और इनमें 70 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो इस योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनी हैं।

### महिला ने घर में फंसी लगा कर की हत्माहत्या

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा स्थित अखरा के पास अपने ही घर में 28 वर्षीय नीलिमा लकड़ा, पति रितेश उरांव ने गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच अक्सर नोकझोंक होती रहती थी, जिसे इस घटना का संभावित कारण माना जा रहा है ।जानकारी के अनुसार, नीलिमा लकड़ा हाल ही में अपने बेटे ऋषभ उरांव से मिलकर रांची से लौटी थीं, जो वहां पढ़ाई करता है। गुरुवार को साप्ताहिक बाजार से लौटने के बाद नीलिमा और उनके पति रितेश उरांव एक ही कमरे में थे। रात को परिवार के सभी सदस्यों ने साथ खाना खाया और सोने चले गए।

### सरकारी योजना के तहत लाभुकों के बीच चूज़े का किया गया

**सिसई (गुमला)।** गुरुवार को पुराने प्रखंड कार्यालय के बगीचा में ग्रामीण क्षेत्र के वैसे महिला व पुरुष जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं उनकी स्थिति को सुदृढ़ बनाने और स्वरोजगार से जोड़ने को लेकर राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत अनुदान पर पांच पंचायत - भदौली, लकेया, पुसो,लरंगो ,व नगर के लाभुकों को बॉयलर/लेयर (मुर्गी का चूजा) का वितरण किया गया। जिसमें लकेया पंचायत की आशा देवी को 95% प्रतिशत अनुदान पर दिया गया। वहीं भदौली पंचायत के सोनू कुमार, पुसो पंचायत के कुन्ती देवी, लरंगो पंचायत के मकसूद अंसारी, और नगर पंचायत के बलराम बड़ाइक को 75% प्रतिशत अनुदान पर दिया गया है। इस कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद सदस्य उत्तरी विजय लक्ष्मी कुमारी, प्रखण्ड प्रमुख मीणा देवी, के द्वारा लाभुकों के बीच 5 यूनिट मुर्गी का चूजा वितरण किया गया।

### बिशुनपुरः अपराधियों ने दो वाहनों में लगाई आग, जांच में जुटी



नवीन मेल संवाददाता

**बिशुनपुर (गुमला)।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के बनारी और लापू गांव में शुक्रवार की अज्ञात अपराधियों ने दो अलग-अलग स्थानों पर आगजनी की वारदात को अंजाम दिया। इसमें निराशी पंचायत के पूर्व मुखिया जयप्रकाश उरांव की कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई, जबकि नेतरहाट निवासी रिंकू पंडित के ट्रैक्टर को आंशिक नुकसान पहुंचा। जानकारी के अनुसार, पूर्व मुखिया जयप्रकाश उरांव गुरुवार को अपनी कार लेकर लापू गांव पहुंचे थे, जहां उन्होंने लक्ष्मी नारायण साहू के घर के पास गाड़ी खड़ी की और उनके साथ रांची चले गए। इसी दौरान शुक्रवार करीब 3 बजे अज्ञात अपराधियों ने खड़ी कार में आग लगा दी। आग की लपटें इतनी भीषण थीं कि पास में स्थित लक्ष्मी नारायण साहू का घर भी चपेट में आ गया। हालांकि ग्रामीणों और परिजनों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया और एक बड़ी घटना टल गई। इसके बाद अपराधी बनारी गांव पहुंचे और एक टायर दुकान के पास खड़े रिंकू पंडित के ट्रैक्टर में पुआल डालकर आग लगाने की कोशिश की। ग्रामीणों की सतर्कता से समय रहते आग बुझा दी गई, जिससे ट्रैक्टर को केवल आंशिक क्षति हुई।

एडीपीओ पदाधिकारी ने मध्य विद्यालय में आयोजित समर कैंप का किया निरीक्षण

# समर कैंप से बच्चों की प्रतिभा को मिल रहा नया आयाम

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त के निर्देशानुसार "शिक्षा कर भेंट" कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रीष्मावकाश में जिले भर के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए निःशुल्क समर कैंप का आयोजन जोर-शोर से किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों के रचनात्मक कौशल को निखारना और गर्मी की छुट्टियों को ज्ञानवर्धक एवं आनंददायक बनाना है। इसी क्रम में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (एडीपीओ) ज्योति खलखो ने आज रायडीह प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय महुआटोली में आयोजित समर कैंप का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के साथ शैक्षणिक व रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया और उनका उत्साह बढ़ाया। श्रीमती खलखो ने बताया कि उपायुक्त गुमला के मार्गदर्शन में जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार के लिए नवाचारी प्रयास किए जा रहे हैं। समर कैंप में खेल, कला, संगीत, हैंडक्राफ्ट जैसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की बहुआयामी प्रतिभा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, पीरामल फाउंडेशन, प्रथम एजुकेशन और टाटा सिन्नी की अहम भूमिका है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा संकुल संसाधन केंद्रों में दो दिवसीय रचनात्मक गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं। पीरामल फाउंडेशन पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कैंप आयोजित कर रहा है। "शिक्षा कर भेंट" के सहायक नोडल पदाधिकारी दिलदार सिंह ने बताया कि समर कैंप में बच्चों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान देते हुए रोचक, नवाचारी व बाल केंद्रित गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं।




### समर कैंप बच्चों को मिला फाइलेरिया से बचाव का संदेश

**गुमला।** गुमला जिले के विभिन्न पंचायतों में गर्मी की छुट्टियों को सार्थक और ज्ञानवर्धक बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय समर कैंपों का आयोजन किया गया। पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इन शिविरों ने बच्चों को न केवल रचनात्मक और शैक्षिक गतिविधियों का अवसर प्रदान किया, बल्कि उन्हें फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति भी जागरूक किया। तेलगांव पंचायत के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय गडसरू से लेकर मझगांव, कुरूछतरपूर, सिकोई और शीलम पंचायतों तक आयोजित कैंपों में बच्चों ने बाल गीतों, चित्रकला, शैक्षिक खेलों और चेतना गीतों के माध्यम से सीखने की नई विधाओं से परिचय पाया। इन शिविरों में 30 से 180 तक बच्चों की सहभागिता देखी गई, जो इन आयोजनों की व्यापकता और प्रभाव को दर्शाती है।

### हीरादह धाम मंदिर से प्राण प्रतिष्ठित राधा-कृष्ण की प्रतिमा चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिले के सुरसांग थाना क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध हीरादह धाम मंदिर से अज्ञात चोरों ने प्राण प्रतिष्ठित राधा-कृष्ण की प्रतिमा चुरा ली, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मंदिर के पुजारी केदारनाथ मिश्रा ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे राजभोग अर्पित करने के बाद मंदिर का फाटक बंद कर दिया गया था। लेकिन जब शाम 4 बजे अल्पाहार भोग लगाने के लिए मंदिर का फाटक खोला गया, तो राधा-कृष्ण की प्रतिमा मंदिर से गायब थी। इसकी सूचना तुरंत हीरादह धाम समिति के पदाधिकारियों और ग्रामीणों को दी गई। ग्रामीणों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए जल्द से जल्द प्रतिमा बरामद करने की मांग की है।

सूचना मिलते ही सुरसांग थाना प्रभारी मुकेश प्रसाद टुडू अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के इलाकों में सीसीटीवी और संदिग्ध गतिविधियों की जांच कर रही है। हीरादह धाम क्षेत्र में यह पहली बार ऐसी घटना घटी है, जिससे श्रद्धालु स्तब्ध और दुखी हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से दोषियों को शीघ्र पकड़ने और प्रतिमा की बरामदगी सुनिश्चित करने की मांग की है।

### गुमला चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने मापतोल विभाग की नई पदाधिकारी का किया स्वागत

**गुमला।** गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार, 23 मई को मापतोल विभाग की नवनियुक्त पदाधिकारी शशि संगीता से उनके कार्यालय में औपचारिक भेंट की और पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने की। गौरतलब है कि मापतोल विभाग में पदाधिकारी की अनुपस्थिति के कारण गुमला के व्यापारियों को लंबे समय से कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इस मुद्दे को लेकर चेंबर ने उपायुक्त से मुलाकात कर तत्काल समाधान की मांग की थी।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।
g-mail I.D. - eemid041@gmail.com
पत्रांकः–196 मेदिनीनगर, दिनांक– 21/05/2025

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0– निविदा सूचना सं0:–WRD/MID/ MEDININAGAR /B.D./S.L.I.-01/2025-26, PR No:- 352964 Minor Irrigation (25-26)#D Construction of Jhari Solar Lift Irrigation Scheme में निर्गत सूचना में निम्न रूप से आंशिक संशोधन किया जाता है।

उक्त ई0– निविदा सूचना में निर्गत **10 HP Pumps (DC Surface water Pumps)** के स्थान पर **10 HP Pumps (AC Surface Water Pumps)** पढ़ा जाय।

PR 353347 Minor Irrigation(25-26)D

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

।। जिला पशुपालन कार्यालय, गढ़वा।।

–: आवश्यक सूचना :–

गढ़वा जिलान्तर्गत वैसे सभी Pet Shop एवं Dog Breeding सेन्टर जो राज्य जीव–जन्तु–कल्याण बोर्ड झारखण्ड, रॉची से बिना निबंधन कराये अपनी संस्था का संचालन कर रहे है या वैसे संस्थान जो पूर्व में निबंधित थे एवं वर्तमान में बिना Renewal के ही संस्था का संचालन कर रहे है उन्हे सूचित किया जाता है कि 15 दिनों के अन्दर अपनी संस्था का पंजीकरण/Renewal हेतु आवेदन कर अपनी संस्था का पंजीकरण/Renewal करवाना अनिवार्य है। अन्यथा नियमानुसार पशु क्रय–विक्रय एवं तद्विषयक नियम के विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत् कार्रवाई की जायेगी।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 353318 (Animal Husbandry) 25-26 (D)

कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

मछली पालन में रुचि रखने वाले प्रवासी मजदूरों के लिए आम सूचना

एतद् द्वारा गढ़वा जिले के प्रवासी मजदूरों/कामगारों (Migrant workers) को सूचित किया जाता है कि मत्स्य निदेशालय झारखण्ड, राँची के पत्रांक 796 दिनांक 19.05.2025 के आलोक में प्रवासी मजदूरों/कामगारों (Migrant workers) को पलायन से रोकने एवं रोजगार से जोड़ने हेतु मत्स्य पालन कार्य से जोड़ा जाना है, तथा मत्स्य विभाग, द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिया जाना है।

जिले के वैसे इच्छुक प्रवासी श्रमिक/कामगारों (Migrant workers) जिनके पास निजी अथवा लीज पर तालाब/जलकर हो वे रोजगार के उद्देश्य से मत्स्य पालन का कार्य कर सकते हैं। यह पहल श्रमिकों को स्थायी रोजगार प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगी। मत्स्य पालन से संबंधित जानकारी जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 353302 (Fish) 25-26 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

डी0एम0एफ0टी0 अन्तर्गत स्वीकृत निम्नांकित योजना के क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड सरकार द्वारा समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदको से एकल लिफाफा पद्धति के अंतर्गत पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/10/2024-25/RE-2

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 सं0 | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लिफाफा पद्धति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 01 | प्रखण्ड–कान्हाचटटी, पंचायत+ग्राम–राजपुर में पंचायत सचिवालय की मरम्मति। | 20,09,600.00 | 40,200.00 | 5000.00 | 03 माह | एकल |
| 02 | 02 | प्रखण्ड कान्हाचटटी, पंचायत+ग्राम–जमरी बकसपुरा में पंचायत सचिवालय भवन की मरम्मति। | 2480100.00 | 49,700.00 | 5000.00 | 03 माह | एकल |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –27.05.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–27.05.2025 से दिनांक–03.06.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 05.06.2025 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431060939 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।

PR.NO.353291 Rural Development(25-26):D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मैं सब रोगों को स्वास्थ्य नियमों के मेरे उल्लंघन का परिणाम मानूँगा और इस दोष को मैं उचित आहार, कम आहार, उपवास, अधिक व्यायाम, एवं उचित विचारों के द्वारा दूर करने का प्रयत्न करूँगा। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# मुद्दे नेता तलाश लेते हैं और नेता मुद्दे

देश का मूड जो न भांप पाए वो नेता ही क्या? आजतक भारत में यही होता आया जिसने जनता को समझा राज किया जबकि कुछ नेता लालच, भय या जाति धर्म वर्ग की राजनीति पैदा करते हैं।हमारा निर्वाचित ताकतवर नेता, चाहे वह वामपंथी हो या दक्षिणपंथी, हालांकि अधिकांशतः दक्षिणपंथी धड़े के समर्थन से, एक कमजोर नेतृत्व द्वारा कुशासन की विरासत के प्रति आक्रोशित राष्ट्र की प्रतिक्रिया से पैदा हुआ है। जब वह किसी राष्ट्र की आहों और दुखों का उत्तर देने का साहस करता है, तो वह जनादेश को एक अनुबंध (प्रतिज्ञापत्र) में बदल देता है। यह एक ऐसा साहस है, जो ईश्वरीय भावना के आरोप का जोखिम उठाता है, यह नेता को लोगों की चिंताओं और आकांक्षाओं तक सीधी पहुंच भी प्रदान करता है। शक्तिशाली नेता पहले से ही उद्धारकर्ता और विध्वंसक की आभा प्राप्त कर चुका है, तथा एक विशाल व्यक्तित्व में परिवर्तित भी हो चुका है, जिससे अखाड़े के बाकी सभी लोग निरर्थक हो चुके हैं। जब पश्चिम के दो प्रमुख लोकतंत्रों में ब्रेग्जिट वोट और ट्रंप-भूकंप के साथ सांस्कृतिक बदलाव आया, तो निर्णायक नेता की समाजशास्त्रीय पृष्ठभूमि और भी स्पष्ट हो गई। राष्ट्र ने प्रतिशोध के साथ जवाबी हमला किया, और प्रतिष्ठान की सुखद धारणाएं ध्वस्त हो गईं। वैचारिक गलियारे के दोनों ओर से परित्यक्त और अनाथ लोग अपने घर, अपने इतिहास और अपने भविष्य पर दावा करने के लिए उठ खड़े हुए। सामान्य राजनीति का स्थान राष्ट्रीय दायित्व की राजनीति ने ले लिया, तथा नियंत्रण वापस लेने का ब्रेग्जिट नारा ब्रिटेन से बाहर भी गूंजने लगा। फिर भी, आर्ची ब्राउन जैसे विद्वान यह तर्क दे सकते हैं कि मजबूत नेता आधुनिक युग का एक मिथक है, तथा बदलाव के वाहकों को आज अतिरिक्त अधिकार की नहीं, बल्कि सहानुभूतिपूर्ण सहभागिता की आवश्यकता है। और फिर ऐसे लेखक भी हैं, जो उदारवादी लोकतंत्र की प्रवृत्ति से चिंतित हैं और लोकतांत्रिक भाषा के जरिए तानाशाहों के खिलाफ चेतावनी दे रहे हैं। उनमें से अधिकांश लोग यह स्वीकार करने में विफल रहते हैं कि सांसारिक शक्ति लोकतंत्र द्वारा वैध मजबूत नेतृत्व को बनाए रखती है। वह नेता अपनी शक्ति का श्रेय उन लोगों को देता है, जो उसमें अपनी अधूरी संभावनाएं देखते हैं। जैसे कि नरेंद्र मोदी, जो लोकतंत्र में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले सशक्त नेता हैं, तथा जिन्होंने राष्ट्र को यह विश्वास दिलाया है कि उनकी ताकत भारतीयों को सशक्त बना रही है। स्वतंत्रता के बाद से किसी अन्य नेता ने इतनी प्रामाणिकता के साथ भारत की लोकप्रिय गाथा बयां नहीं की है, जिसमें प्रत्येक भारतीय को राष्ट्र-निर्माता के रूप में कल्पित किया गया हो। उनके नेतृत्व की ताकत लोकतंत्र की सर्वोच्च उदारता-विश्वास से आती है। जब भारत पर जिहाद के प्रायोजक मुल्क द्वारा हमला किया जा रहा था, तो उनकी बताई कहानी को एक एक्शन थ्रिलर के रूप में अद्यतन किया गया, जिसमें वे मुक्तिदाता और विध्वंसक की भूमिका में थे, जिन पर भारतीय और भी अधिक भरोसा कर सकते थे। हिंदू संयम की पुरानी कहावत के स्थान पर अक्षम्य राष्ट्रवाद का प्रचलन हुआ, जिसके हिंदू लहजे का ऑपरेशन सिंदूर पर अधिक प्रभाव पड़ा-न कि केवल विचारोत्तेजक नामकरण में।



*राष्ट्र ने प्रतिशोध के साथ जवाबी हमला किया, और प्रतिष्ठान की सुखद धारणाएं ध्वस्त हो गईं।*

# बीएचयू का भाषाविज्ञान विभाग और मैं



भाग - 1

बीएचयू की बात



**योगेन्द्रनाथ मिश्र**

1973 में देवरिया से हिन्दी, संस्कृत तथा भूगोल विषयों के साथ बीए करको एमए करने के लिए मैं बनारस पहुंचा। हमेशा औसत दर्जे का छात्र रहा। परंतु उच्च शिक्षा का जुनून बचपन से रहा। बनारस पहुंचने के बाद पता चला कि परीक्षा के अंक इतने कम हैं कि बीएचयू के भूगोल विभाग में मेरा प्रवेश नहीं हो पाएगा। यह पहला झटका था। वहाँ दूसरी कोई ऐसी संस्था नहीं थी, जहाँ भूगोल में एमए होता हो। अब मैं क्या करता! मैं तो अपने गाँव से बनारस गया था पढ़ने के लिए। उस जमाने के हिसाब से कहूँ तो मेरे गाँव-घर की यह एक बहुत बड़ी घटना थी। मैं बनारस पढ़ने के लिए गया था। वापस गाँव तो जा नहीं सकता था। और जिस विषय की पढ़ाई मुझे करनी थी, उसमें प्रवेश मिलने वाला नहीं था। फिर मैंने हिन्दी में प्रवेश लेने का मन बनाया। परंतु हिन्दी में भी इतने कम अंक थे कि बीएचयू के हिन्दी विभाग में हिंदी में भी प्रवेश नहीं मिल सकता था। लोगों के बताने पर काशी विद्यापीठ में हिन्दी में प्रवेश ले लिया। निजी कारणों से एक साल परीक्षा नहीं दे पाया। और इस प्रकार सन् 1976 में तीन वर्षों में हिन्दी में एमए हो गया। एम ए में भी बहुत अच्छे अंक नहीं मिले। क्यों नहीं मिले, उसके अलग कारण थे। उनका उल्लेख यहाँ अप्रासंगिक होगा।परंतु आश्चर्य इस बात का था कि भाषाविज्ञान में डिस्टिंक्शन मिला था। एक साल बाद यानी 1977 में अखबार के एक पन्ने पर एक कोने में छपे एक समाचार पर मेरा ध्यान गया। लिखा था बीएचयू में इस वर्ष से एमए भाषाविज्ञान की कक्षाएँ शुरू होने वाली हैं। दूसरे दिन मैं बीएचयू पहुँचा। भाषाविज्ञान के एक अध्यापक डा. बीपी गुप्त से मुलाकात हुई। उनसे पता चला कि भाषाविज्ञान की पढ़ाई यहाँ अंग्रेजी माध्यम से होती है। मेरे उत्साह पर पानी फिर गया। मैं तो आठवीं तक अंग्रेजी पढ़े हुए था। मैं वापस आ गया। परंतु भाषाविज्ञान पढ़ने की मेरी ललक कम नहीं हो रही थी। मैं फिर दूसरे साल पहुँचा। इस बार भी डा. बीपी गुप्त से ही मुलाकात हुई। इस बार उन्होंने बताया कि पढ़ाई भले ही अंग्रेजी में होती हैं। परंतु परीक्षा आप हिन्दी में दे सकते हैं। मैंने विचार किया। पहले प्रवेश तो ले लें। नवंबर 1978 में मैंने प्रवेश ले लिया। मैं बीएचयू का छात्र बन गया। यह दूसरा बैच था। मेरे बैच में कुल सात छात्र थे।अंग्रेजी ज्ञान के बिना मैंने भाषाविज्ञान एमए की पढ़ाई कैसे पूरी की, वह अलग विषय है। हमें पढ़ाने वाले कुल तीन अध्यापक थे डा. सत्यस्वरूप मिश्र (सेक्शन इन्चार्ज इन्चार्ज हेड), डा. बीपी गुप्त (लेक्चरर) तथा डा. मिश्र जी की पत्नी डा. हरिप्रिया मिश्र (एड्हाक लेक्चरर)।डा सत्यस्वरूप मिश्र छठे दशक में बीएचयू से ही संस्कृत में एमए करके कलकत्ता चले गए थे। वहीं उन्होंने कम्पेरेटिव फिलालाजी में एमए तथा पीएचडी की और वहीं लेक्चरर हो गए। डा. सुनीतिकुमार चटर्जी तथा डा. सुकुमार सेन उनके गुरु रहे। सत्तर के बाद किसी वर्ष में (संभवतः सन् 1972 या 74 में) संस्कृत विभाग में रीडर बनकर वे पुनः बीएचयू आ गए। डा. गुप्त जी केलिफोर्निया (अमेरिका) से पीएचडी करके आए थे। वे बीएचयू के ही अंग्रेजी विभाग में लेक्चरर थे।

डा. मिश्र जी तथा गुप्त जी ने मिलकर पहले तो दो वर्ष का भाषाविज्ञान का डिप्लोमा कोर्स चलाया। डिप्लोमा कोर्स कितने वर्ष चला, वह मुझे याद नहीं। परंतु 1977 में वह डिप्लोमा कोर्स एमए कोर्स में बदल गया। एमए की कक्षा चलाने और परीक्षा लेने की अनुमति विश्वविद्यालय से उन्हें मिल गई थी। सारा कार्यालयी काम डीन आफिस से होता था।विभाग के बारे में यह सब जानकारियाँ कुछ छिपी हुईं नहीं थीं। यह सब जान लेने के बाद मुझ जैसे निरीह (मैं स्वयं को निरीह क्यों कह रहा हूँ, यह बताने का समय नहीं है) छात्र के मन में एक अजीब प्रकार की कल्पना ने जन्म लिया। कल्पना यह थी कि भाषाविज्ञान पूरा विभाग नहीं है। केवल सेक्शन है। केवल एमए की कक्षा चलाने की अनुमति मिली है। प्रयत्न किया जाए, विश्वविद्यालय प्रशासन के सामने पूरा विभाग बनाने की माँग रखी जाए, तो संभव है, विभाग बन जाने के बाद मेरे लिए भी कोई जगह मिल जाए। और इस तरह एक छात्र के रूप में यह अभियान चलाने का मन ही मन मैंने निश्चय कर लिया। मैंने तय किया कि अपने द्वितीय वर्ष के मित्रों की विदाई के कार्यक्रम में उस समय के कला संकाय के डीन प्रो अंजनीकुमार बनर्जी (पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष) को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाऊँगा और मंच से उनके सामने अपना मंतव्य रखूँगा। यथासमय विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मैं ही कर रहा था। उसी बीच मौका देखकर मैंने मन की बात बनर्जी साहब के सामने रख दी। मैंने उनसे आग्रह किया कि वे एक अधिकारी के रूप में हमारे विभाग को पूर्ण विभाग का दर्जा दिलाने में हमारी मदद करें।यह मेरे अभियान की शुरुआत थी। परंतु आगे का कुछ पता नहीं था कि यह काम कौन करेगा? कैसे होगा? मैंने जब से होश सँभाला है, मैं अंतःप्रेरणा से ही अधिक संचालित होता रहा हूँ। बाद में दो-तीन बार बनर्जी साहब से मिला। परंतु उनमें जरा भी उत्साह मुझे नहीं दिखा। फिर मैं क्या करूँ, यह मेरी समझ में नहीं आ रहा था।थोड़े समय के बाद मुझे यह भी पता चला कि विभाग को पूरे विभाग का दर्जा मिलने में सबसे बड़ी कठिनाई कहाँ थी। सबसे बड़ी कठिनाई घर के अंदर ही थी। यानी इन्चार्ज हेड डा. सत्यस्वरूप मिश्र तथा लेक्चरर डा. बीपी गुप्त भले ही एक ही विभाग में थे। परंतु दोनों में कोई तालमेल नहीं था। मिश्र जी तुलनात्मक तथा ऐतिहासिक भाषाविज्ञान के बहुत बड़े विद्वान थे। परंतु वे आधुनिक भाषाविज्ञान को कोई महत्त्व नहीं देते थे। डा. गुप्त जी आधुनिक भाषाविज्ञान के अच्छे जानकार थे। परंतु उनकी नजर मैं तुलनात्मक तथा ऐतिहासिक भाषाविज्ञान का कोई मूल्य न था। वे मिश्र जी का विरोध करते-करते विभाग का ही विरोध करने लग गए थे। मिश्र जी सीधे सादे, सिद्धांतवादी तथा थोड़े जिद्दी, परंतु सच्चे स्वभाव के व्यक्ति थे। नैतिकता उनका सबसे बड़ा गुण थी। उनमें चातुर्य का बहुत अभाव था। इसके परिणामस्वरूप उन्हें अलोकप्रियता ही मिली थी। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि फेकेल्टी मीटिंग में भाषा विभागों के लोग अपमान की हद तक उनका मजाक बनाते थे। उनमें सबसे अधिक मुखर हिन्दी के डा. भोलाशंकर व्यास हुआ करते थे।

ऐसी परिस्थिति में मैं समझ गया कि मुझे जो भी करना होगा, चुपचाप करना होगा। जब विभाग के एक स्तंभ यानी डा. गुप्त जी ही विभाग के विरुद्ध हैं, तो फिर क्या हो सकता है!ख़ैर, प्रो बनर्जी से निराश होने के बाद मेरा ध्यान छात्रसंघ की ओर गया। उस जमाने में बीएचयू का छात्रसंघ बहुत शक्तिशाली हुआ करता था। उस वर्ष बीएचयू के छात्रसंघ के महामंत्री थे श्री महेन्द्रनाथ पांडेय (पूर्व केन्द्रीय मंत्री)। वे बीएचयू के बिड़ला छात्रावास में रहते थे। मेरी उनसे पुरानी पहचान थी। मैं उनसे मिला और अपना उद्देश्य बताया। मुझे पूरी उम्मीद थी कि कुछ बात बनेगी। एक महीने तक मैंने उनका दरबार किया। परंतु ऐसा कुछ भी न हो सका। फिर मैंने अंतः प्रेरणा से संचालित होकर सीधे विश्वविद्यालय प्रशासन का रुख किया। सोचा क्यों न अपना माँग-पत्र सीधे कुलपति को दूँ। आखिर अंतिम निर्णय तो उन्हें ही करना होगा। मैंने एक माँग-पत्र तैयार किया, जिसमें विभाग को पूर्ण विभाग का दर्जा देने, खाल दर्जा देने, खाली पद पर पर नियुक्ति कराने, पीएचडी की अनुमति देने, लैंग्वेज लैब की सुविधा देने जैसी कई माँगों का उल्लेख था। माँग-पत्र कुलपति कार्यालय में दे आया। पत्र में 'भवदीय' के नीचे 'योगेन्दनाथ मिश्र, छात्र प्रतिनिधि, भाषाविज्ञान विभाग' लिखा। महीने भर में तीन रिमाइंडर भी दिए। परंतु बात कुछ आगे बढ़ी नहीं। पुनः अंतःप्रेरणा से मैंने अगला निर्णय किया कि अब मुझे सीधे कुलपति से मिलना चाहिए। यह मैं अच्छी तरह से जानता था कि बीएचयू के कुलपति से मिलना सरल नहीं होता। समय लेना पड़ता है। **(क्रमशः)**

## नेता की मूंछ और सोच

आपकी बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

हर साल 26 जनवरी आती है और जाती है। झंडा ऊपर जाता है, नेता नीचे बैठते हैं, और जनता वहीं खड़ी रहती है-जहाँ पिछले साल खड़ी थी। सरकारी स्कूल का बच्चा ठिठुरता हुआ कविता पढ़ता है-"जन-गण-मन अधिनायक जय हे..." और पीछे से मास्टर साहब उसकी ऊँची आवाज पर गौरवान्वित होकर मोबाइल पर व्यस्त रहते हैं-"हाँ जी, हमने झंडा फहरवा दिया।" मोहल्ले का छुटभैया नेता बड़बड़ाता है-"फोटो में मैं कम दिखा, वो ज़्यादा... अगली बार झंडे की डोरी मैं पकड़ूंगा।" झंडे की डोरी पकड़ना, जैसे देश की सत्ता पकड़ना हो। और जो झंडे को झुकाता है, वो खुद झुकने का आदी होता है। गली के नुक्कड़ पर टेढ़े माइक से बजता है-"भारत महान है।" पास ही पानवाला कहता है-"बिल्कुल! तभी तो हमारा देश हर साल से भी पिछड़ा महान बनता जा रहा है।" एक बच्चा पूछता है-"पापा, भारत कब सुपरपावर बनेगा?" बापू आँखें चुराकर कहते हैं-"जब नेता अंग्रेजी बोलना छोड़ देंगे और जनता हिन्दी समझना शुरू कर देगी।" नेताओं के भाषणों में 'विकास' इतना आता है जैसे हर मुहावरे में 'कबाड़ा' आ जाए। विकास शब्द का इतना विकास हुआ है कि अब वह नालियों में भी घुस गया है, और बाहर आने का नाम नहीं लेता। सरकारी अस्पताल में डॉक्टर साहब की कुर्सी खाली है, पर उनकी कुर्सी पर प्लास्टिक का फूल गुलदस्ते में सजा है। मरीज कराहता है-"डॉक्टर को बुलाओ।" नर्स कहती है-"वो दिल्ली गए हैं- रैली में, जनसेवा के लिए।" मरीज की हँसी छूट जाती है-"मुझे मार दो बहनजी, मगर ये मत कहो कि वो सेवा कर रहे हैं।" पास में बैठा मरीज कहता है-"सेवा अब स्लोगन है, इलाज तो अब ईश्वर भरोसे ही चलता है।" अस्पताल के बाहर लगे बोर्ड पर लिखा है-"जनकल्याण योजना के तहत मुफ्त इलाज।" अंदर मरीज की जेब में दवाई की पर्ची और जेब में सिर्फ खामोशी होती है। एक गाँव में पुलिया टूटी है। बच्चे पानी में कूदकर स्कूल जाते हैं, और अफसर साहब कहते हैं-"जल यात्रा से बच्चों में तैराक बनने का हुनर पैदा होगा।" गाँव वाले तालियाँ बजाते हैं, क्योंकि ये टेंडर पास करवाने की कला का सजीव प्रदर्शन है। प्रधानजी कहते हैं-"हमने प्रस्ताव भेजा है...पिछली बार भी भेजा था, पर रद्दी में चला गया।" एक पत्रकार सवाल करता है-"आप जनता की सेवा कब शुरू करेंगे?" प्रधान जी मुस्कराते हैं-"जनता के वोटों की सेवा तो हमने चुनाव में ही कर दी थी।" किसान आत्महत्या करता है। उसकी जेब से सुसाइड नोट नहीं, बैंक नोट का फार्म निकलता है। सरकार कहती है-"हम दुखी हैं।" फिर अगली सुबह अखबार में विज्ञापन छपता है-"हम किसानों के साथ हैं।" किसान का बेटा कहता है-"बापू नहीं रहे, पर बैंक का लोन अब भी साथ है।" खेत में फसल सूखती है, और सरकार में मंत्री का बयान आता है-"इस साल फसल अच्छी रही है, हमने रिपोर्ट भेज दी है।" शायद रिपोर्ट में गेंहू की जगह फाइलें उगती हों।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# अमर बलिदानी करतार सिंह सराभा का स्मरण जरूरी है

देश की बात



**रमेश शर्मा**

अमर बलिदानी करतार सिंह सराभा क्रांतिकारियों के आदर्श थे। सुप्रसिद्ध सरदार भगत सिंह भी उन्हें अपना गुरु और प्रेरणास्रोत मानते थे। उन्नीस वर्ष की आयु में जब करतार को फांसी पर चढ़ाया गया तब उन्होंने कहा था कि मुझे गर्व है कि मैं अपने पूर्वजों की परंपरा के अनुरूप मातृभूमि के लिए प्राण दे रहा हूं। ऐसे अमर बलिदानी क्रांतिकारी करतार सिंह का जन्म 24 मई, 1896 को लुधियाना जिले के ग्राम सराभा में हुआ था। इनके पिता मंगल सिंह गांव के एक संपन्न और प्रतिष्ठित किसान थे। माता साहिब कौर धार्मिक विचारों की महिला थीं और गुरुद्वारे से जुड़ी थीं। करतार सिंह अभी केवल पांच वर्ष के थे कि उनके माता-पिता का देहान्त हो गया। उनका पालन पोषण उनके दादाजी ने किया। उनकी प्रारंभिक शिक्षा खालसा स्कूल लुधियाना में हुई। उनके चाचा ओडिशा में रहते थे। आगे की पढ़ाई के लिए चाचा के पास गए। चाचा ने उन्हे पढ़ने के लिए सैन फ्रांसिस्को भेज दिया। तब उनकी आयु केवल चौदह वर्ष थी। उन्होंने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के प्रवेश लिया। कैलिफोर्निया में वातावरण अलग था। वहां अंग्रेज और अन्य गोरे यूरोपियंस लोग भारतीयों सहित सभी काले रंग के नागरिकों को हेय दृष्टि से देखते थे। भारतीयों को दास कहा जाता था। चलते-फिरते अपमान हो जाना सामान्य बात थी। इस भाव के प्रति भारतीय छात्रों में रोष था। लेकिन खुलकर विरोध न हो पा रहा था। इस वातावरण ने करतार सिंह के विचारों की दिशा बदल दी। वे पढ़कर उच्च पद पाने की बजाय भारतीयों की प्रतिष्ठा और आत्म सम्मान रक्षा के उपायों पर विचार करने लगे। सैन फ्रांसिस्को में उन्हें समान विचार के अन्य छात्र भी मिले। इन सब छात्रों का एक समूह बन गया। भारतीय छात्र अकसर अपनी समस्याओं पर चर्चा करते और एक दूसरे से अपने दुख साझा करते थे। कनाडा और अमेरिका के प्रशांत तटों पर बसने वाले भारतीय आप्रवासियों का एक समूह बन गया जिसने अंग्रेजों से भारत की मुक्ति का संकल्प लिया। इन सभी भारतीयों का मनोभाव "करो या मरो" की सीमा तक दृढ़ हो गया। करतार सिंह अपनी कार्यशैली से बहुत शीघ्र इस राष्ट्रप्रेमी समूह के अग्रणी सदस्य बन गए। यहीं इस जाग्रति अभियान के साथ सशस्त्र क्रांति की तैयारियां भी आरंभ हुईं। अपनी सक्रियता के साथ उनका संपर्क लाला हरदयाल से हो गया। करतार सिंह उनके मार्गदर्शन में आगे बढ़े। लाला हरदयाल गदर पार्टी के संस्थापकों में से एक थे। 1913 में उन्होंने सोहन सिंह भकना, पंडित कांशी राम, हरनाम सिंह टुंडीलाट आदि के साथ मिलकर 1913 में गदर पार्टी की स्थापना की थी। गदर पार्टी सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से अंग्रेजों से भारत की मुक्ति का अभियान चला रही थी। इस संगठन का मुख्यालय सैन फ्रांसिस्को में ही था। लालाजी के माध्यम से करतार सिंह इससे जुड़ गए। पोर्टलैंड में हुए गदर पार्टी के सम्मेलन में भी करतार सिंह शामिल हुए। वहां 'युगान्तर आश्रम' की स्थापना में करतार सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण थी। क्रांति के लिए साप्ताहिक समाचार पत्र गदर का प्रकाशन आरंभ हुआ। करतार सिंह ने अपने घर से पढ़ाई के लिए आए 200 पौंड इस समाचार पत्र प्रकाशन के लिए लाला जी को दे दिए। इस पत्र में अन्य सामग्री के साथ भारत में हुई 1857 की क्रांति की भी प्रेरक सामग्री होती थी। इससे नौजवानों में नई ऊर्जा का संचार होता। उन्हीं दिनों प्रथम विश्व युद्ध आरंभ हो गया। तब करतार सिंह भारत आ गए। जनवरी 1914 में समाचार पत्र गदर का गुरुमुखी संस्करण आरंभ हुआ। लाला हर दयाल इसके संपादक और करतार सिंह उप संपादक बने।



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

एक नदी, लहरें कई, उलझ रहीं हर घाट।
नावें सहमी देखकर, वक्त नदी का पाट।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# दक्षिण अफ्रीका की गरिमा बनाम अमेरिका की आक्रामकता

अलग बात



**प्रो. आरके जैन**

व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में जब दो राष्ट्राध्यक्ष आमने-सामने बैठे, तो वह क्षण केवल एक कूटनीतिक मुलाकात नहीं था - यह वैश्विक मंच पर उभरते तनाव, ध्रुवीकरण और सत्ता के खेल का एक सशक्त चित्र था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के बीच यह टकराव न केवल दो व्यक्तित्वों की भिड़ंत थी, बल्कि यह आज की दुनिया में कूटनीति के बदलते स्वरूप, तथ्यों की अनदेखी और भावनात्मक उकसावे की बढ़ती प्रवृत्ति का प्रतीक बन गया। यह घटना एक चेतावनी थी—वैश्विक नेतृत्व अब संयम और समझदारी की राह छोड़कर सनसनीखेज आरोपों और राजनीतिक हथकंडों की ओर बढ़ रहा है। ट्रंप ने जिस आक्रामकता के साथ दक्षिण अफ्रीका में श्वेत किसानों पर कथित अत्याचार और नरसंहार का मुद्दा उठाया, वह राजनयिक शिष्टाचार को तार-तार करने वाला था। कुछ चुनिंदा वीडियो फुटेज, जिनकी न तो कोई आधिकारिक पुष्टि थी और न ही गहन जांच, ट्रंप ने रामाफोसा के सामने रखे और सख्त लहजे में घोषणा की कि अमेरिका इस मामले को गंभीरता से ले रहा है। यह जल्दबाजी भरा कदम स्पष्ट रूप से उनके घरेलू वोटबैंक को उत्तेजित करने की रणनीति का हिस्सा था। अमेरिका में नस्लीय तनाव पहले से ही चरम पर है, और ट्रंप ने इस अंतरराष्ट्रीय मुद्दे को उठाकर अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की कोशिश की। यह उनके उस पुराने पैटर्न का हिस्सा था, जिसमें वे वैश्विक मंच को अपने राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। इसके विपरीत, सिरिल रामाफोसा ने संयम और तथ्यों के साथ जवाब दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि दक्षिण अफ्रीका में हिंसा का शिकार केवल श्वेत किसान नहीं, बल्कि अश्वेत समुदाय भी उतना ही प्रभावित है। रामाफोसा ने तर्क दिया कि अगर श्वेतों का नरसंहार जैसी स्थिति होती, तो देश के प्रमुख श्वेत उद्यमी, खिलाड़ी और प्रभावशाली लोग देश छोड़कर चले जाते। इसके बजाय, उन्होंने देश के साथ खड़े रहकर अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। यह जवाब न केवल ट्रंप के एकपक्षीय आरोपों को खारिज करता था, बल्कि यह भी दर्शाता था कि रामाफोसा अपने देश की जटिल सामाजिक-आर्थिक वास्तविकताओं को समझते हैं और उसे वैश्विक मंच पर गरिमा के साथ प्रस्तुत करने में सक्षम हैं। यह मुलाकात केवल दो नेताओं के बीच तकरार नहीं थी; यह वैश्विक नेतृत्व की बदलती प्रकृति का एक दर्पण थी। दक्षिण अफ्रीका, जो रंगभेद के काले अध्याय से उबरकर लोकतंत्र और समानता की राह पर बढ़ रहा है, ऐसे में बिना पूर्ण तथ्यों के नरसंहार जैसे गंभीर आरोप लगाना न केवल उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाता है, बल्कि वैश्विक समुदाय में भ्रम और तनाव को बढ़ावा देता है। ट्रंप के सबूत—चुनिंदा वीडियो और अपुष्ट रिपोर्ट्स—दक्षिण अफ्रीका की जटिल वास्तविकता का संपूर्ण चित्र नहीं पेश करते। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति को उजागर करता है, जहां तथ्यों की जगह सनसनीखेज दावे और भावनात्मक उकसावे हावी हो रहे हैं। यह घटना एक गंभीर सवाल उठाती हैः क्या वैश्विक नेता अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए किसी देश पर आरोप लगाने से पहले समुचित जांच करते हैं? कूटनीति का आधार तथ्य, संवाद और आपसी समझ है, लेकिन ट्रंप का रवैया इसे कमजोर करता है। उनकी आक्रामकता और एकतरफा दृष्टिकोण ने राजनयिक शिष्टाचार को नजरअंदाज किया और यह संकेत दिया कि वैश्विक मंच पर अब संयम की जगह टकराव और ध्रुवीकरण ने ले ली है। रामाफोसा का संतुलित जवाब, इसके उलट, एक ऐसे नेतृत्व का प्रतीक है, जो न केवल अपने देश की गरिमा की रक्षा करता है, बल्कि वैश्विक मंच पर समझदारी और संवेदनशीलता का परिचय देता है। आज की दुनिया में, जहां सूचनाएं पलक झपकते फैलती हैं, नेताओं की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे तथ्यों को प्राथमिकता दें और सनसनीखेज दावों से बचें। ट्रंप का यह कदम उनके उस दृष्टिकोण को उजागर करता है, जिसमें वे वैश्विक मुद्दों को अपने घरेलू राजनीतिक लाभ के लिए हथियार बनाते हैं। यह न केवल कूटनीति के सिद्धांतों के खिलाफ है, बल्कि वैश्विक समुदाय में अविश्वास को भी बढ़ाता है। दक्षिण अफ्रीका जैसे देश, जो अपने इतिहास की जटिलताओं से जूझते हुए समावेशी समाज की ओर बढ़ रहे हैं, वैश्विक मंच पर सम्मान और संवेदनशीलता के हकदार हैं। ट्रंप का रवैया इस संवेदनशीलता की अनदेखी करता है और एक ऐसी दुनिया की ओर इशारा करता है, जहां तथ्यों से ज्यादा भावनाएं और ध्रुवीकरण प्रभावी हो रहे हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# ‘ऑपरेशन सिंदूर’ पीएम मोदी की मजबूत इच्छाशक्ति का प्रतीक : शाह

## गृहमंत्री ने कहा, यह मिशन भारत की सैन्य ताकत और नेतृत्व क्षमता की मिसाल है

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को भारत की सैन्य शक्ति और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि आज यह अलंकरण समारोह ऐसे समय में हुआ है जब बीएसएफ और सेना पूरे विश्व के सामने साहस का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेंसियों की सटीक जानकारी और भारतीय सेना की मारक क्षमता के अद्भुत समन्वय का परिणाम है। जब ये तीनों एक साथ आते हैं, तो हमें ऑपरेशन सिंदूर मिलता है। अमित शाह ने अपने संबोधन में बीएसएफ की ऐतिहासिक भूमिका को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि 1965 के युद्ध के बाद सीमा सुरक्षा की कमियों को देखते हुए एक ऐसे बल की आवश्यकता महसूस हुई, जो शांति काल में भी सीमाओं की 100 प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित कर सके। इस आवश्यकता ने बीएसएफ के गठन को जन्म दिया। बीएसएफ के संस्थापक निदेशक केएफ रुस्तमजी को याद करते हुए अमित शाह ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल को भारत की दो सबसे चुनौतीपूर्ण सीमाओं पाकिस्तान और बांग्लादेश की सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया, जिसे बीएसएफ ने बखूबी निभाया है। गृह मंत्री ने बीएसएफ और भारतीय सेना के साहस की सराहना करते हुए कहा कि यह समारोह ऐसे समय में हो रहा है, जब ये बल विश्व के सामने साहस और शौर्य का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।




### पाक प्रायोजित आतंकवाद पर करारा जवाब

- पहलगाम में आतंकियों ने निर्दोष नागरिकों को धर्म पूछकर मारा।
- इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंक के खिलाफ सटीक और सीमित जवाब दिया।
- शाह ने कहा कि भारत का जवाब बाकी देशों से अलग, संतुलित और उद्देश्यपूर्ण था।

### अमित शाह का खुलासा : 100 किलोमीटर अंदर घुसकर दी पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में 22वें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) अलंकरण समारोह और रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दशकों से देश आतंकवाद का सामना कर रहा है। पाकिस्तान ने कई हमले किए, लेकिन उसका माकूल जवाब नहीं मिला। 2014 में जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने, तो उरी में पहला बड़ा हमला हुआ, जिसमें हमारे जवानों को निशाना बनाया गया और हमने दुश्मन के इलाके में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक से जवाब दिया। जब पुलवामा हमला हुआ, तो भारतीय सेना ने हवाई हमले के जरिए कड़ा जवाब दिया।

**एक बार फिर हमने आतंकी ठिकानों को खत्म कर दिया**

जब यह तय हुआ कि एक सीमा पर एक बल सुरक्षा प्रदान करेगा, तो बीएसएफ को दो सबसे कठिन सीमाओं - बांग्लादेश और पाकिस्तान की रक्षा करने की जिम्मेदारी दी गई और आपकी क्षमताओं को देखते हुए, आपने इसे बहुत अच्छी तरह से सुरक्षित किया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने हमारे लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि इसका उचित जवाब दिया जाएगा और आज यह जवाब स्पष्ट है।

## सीतारमण पर केस

## आप नेता की पत्नी ने की शिकायत

**नई दिल्ली** । दिल्ली की एक अदालत ने कल आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती की पत्नी द्वारा दायर आपराधिक मानहानि मामले में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को नोटिस जारी किया। राउज एवेन्यू कोर्ट के एसीजेएम पारस दलाल ने सीतारमण को 12 जून को दोपहर 12:30 बजे के लिए नोटिस जारी किया। अदालत ने कहा कि मामला संज्ञान के चरण में है और धारा 223 बीएनएसएस के पहले प्रावधान के अनुपालन में, प्रस्तावित आरोपी को सुनवाई का अवसर दिया जाना चाहिए। शिकायतकर्ता लिपिका मित्रा ने बीएनएस, 2023 की धारा 356(1) और 356(2) के तहत अपराध करने का आरोप लगाते हुए आपराधिक मानहानि का मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उनके खिलाफ अपमानजनक, अपमानजनक और मानहानिकारक टिप्पणियां करने और प्रकाशित करने के लिए सीतारमण ने यूट्यूब पर प्रकाशित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मानहानिकारक, झूठे और दुर्भावनापूर्ण बयान दिए है।



- **राउज एवेन्यू कोर्ट ने भेजा नोटिस**

## राहुल गांधी को निशिकांत दुबे ने याद दिलाया 1991 वाला समझौता

### पूछा- क्या यह देशद्रोह है?

**नई दिल्ली । एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर से सवाल करने के लिए पाखंड का आरोप लगाया। दुबे ने कांग्रेस समर्थित सरकार के दौरान हस्ताक्षरित 1991 के भारत-पाक सैन्य पारदर्शिता समझौते का हवाला देते हुए कांग्रेस के पाकिस्तानी वोट बैंक के साथ लंबे समय से जुड़े होने को उजागर किया। एक्स पर एक पोस्ट में, दुबे ने दावा किया कि 1991 के समझौते में भारत और पाकिस्तान सैन्य आंदोलनों के बारे में जानकारी साझा करने पर सहमत हुए थे, यह सुझाव देते हुए कि कांग्रेस पार्टी ने एक बार पाकिस्तान के साथ सुरक्षा पारदर्शिता का समर्थन किया था। निशिकांत दुबे ने एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी यह आपकी बनाई हुई सरकार के समय का समझौता है । 1991 में आपकी पार्टी समर्थित सरकार ने यह समझौता किया कि किसी भी आक्रमण या सेना के मूवमेंट की जानकारी का आदान प्रदान भारत व पाकिस्तान एक दूसरे से करेगा। क्या यह समझौता देशद्रोह है? कांग्रेस का हाथ पाकिस्तानी वोट बैंक के साथ, विदेश मंत्री एस जयशंकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी आपको शोभा देता है? उन्होंने समझौते के नोट्स भी एक्स पर साझा किए हैं।



**सिर्फ इतना बताइए**

1. आतंकवाद पर आपने पाकिस्तान की बात पर भरोसा क्यों किया?
2. ट्रंप के सामने झुककर आपने भारत के हितों की कुर्बानी क्यों दी?
3. आपका ख़ून सिर्फ़ कैमरों के सामने ही क्यों गरम होता है? आपने भारत के सम्मान से समझौता कर लिया!

वहीं, भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद से ही देश में इसको लेकर सियासत तेज है। इस बीच कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण का एक हिस्सा शेयर करते हुए इनसे तीन सवाल पूछे हैं।

## पीएम मोदी के रहते दूसरे गठबंधन में नहीं जा सकता : चिराग पासवान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के बीच आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के साथ केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की मुलाकात ने सियासी गलियारों में हलचल पैदा कर दी। राजनीति गलियारों में चर्चा होने लगी कि क्या तेजस्वी और चिराग एक साथ आ सकते हैं! राजनीति के गलियारों में लगाए जा रहे इन कयासों को केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सिरे से नकार दिया है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि अगर दूसरे गठबंधन में मुझे जाना होता तो मैं साल 2020 में जा सकता था। 2020 में जब मैं गठबंधन से अलग हुआ था, तो मैं किसी वैकल्पिक गठबंधन में जा सकता था। संभव है कि मेरा प्रदर्शन बहुत ज्यादा बेहतर रहता और बिहार में हमलोग एक मजबूत स्थिति में होते। पर उस वक्त भी मैंने गठबंधन से अलग होकर अकेले चुनाव लड़ना पसंद किया, किसी का वैकल्पिक गठबंधन नहीं बना। मीडिया में जिस वीडियो का जिक्र किया जा रहा है, तो मैं साफ कर देना चाहता हूं कि तेजस्वी मेरे छोटे भाई हैं, उनके परिवार को हमेशा मैंने अपना परिवार माना है। लालू प्रसाद यादव मेरे लिए पिता जैसे और राबड़ी देवी मां जैसी हैं।



चिराग पासवान ने आगे कहा कि इस बात को हमेशा मैंने स्वीकार किया है। ऐसे में वो परिस्थिति जहां पर उनसे मेरी मुलाकात हुई, ये भी भारत के लोकतंत्र की उन खूबसूरत तस्वीरों में से है, जहां पक्ष, विपक्ष सब एकजुट होकर हमारे शहीद और उनके परिवारों के लिए खड़ा है। जहां वो भी उस शहीद परिवार से ही मिलने गए थे, जिन्होंने अपनों को खोया, वहीं मैं भी पहुंचा था। इस दौरान उनसे मुलाकात हुई। चिराग ने कहा कि एनडीए का गठबंधन काफी मजबूत है। हम लोग मजबूती के साथ बिहार विधानसभा चुनाव में जाएंगे। उपचुनाव परिणाम से हम लोगों में उत्साह बढ़ा हुआ है।

## विकास कार्यों और संगठन को लेकर अहम होगा पीएम मोदी का बिहार दौरा : दिलीप जायसवाल

**पटना।** ‘ऑपरेशन सिंदूर’ की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 मई को पहली बार बिहार के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। चुनावी साल के बीच पीएम मोदी का यह दौरा काफी अहम माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, दो दिवसीय दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी 30 मई को विशाल जनसभा भी संबोधित करेंगे। इसी बीच पीएम मोदी के बिहार दौरे को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस को अहम जानकारी दी। दिलीप कुमार जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 29 मई को बिहार दौरे पर आएंगे, जहां वह पटना के नवनिर्मित एयरपोर्ट के उद्घाटन के साथ-साथ बिहटा एयरपोर्ट का भी शिलान्यास करेंगे। इसी दौरान वह रोड शो भी करेंगे, जहां सभी लोग उनका स्वागत करेंगे। पीएम मोदी भाजपा कार्यालय में पार्टी के सांसद, विधायक और विधान परिषद के सदस्यों से मुलाकात करेंगे। साथ ही संगठन को लेकर भी चर्चा करेंगे। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के शक में पकड़ी गई हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा, “ज्योति मल्होत्रा ने देश के साथ गद्दारी करने का काम किया। ऐसे गद्दार को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।



## ऑपरेशन : गढ़चिरौली में हुआ बड़ा एनकाउंटर सुरक्षाबलों ने चार नक्सलियों को किया ढेर



**नई दिल्ली । एजेंसी**

बड़े संयुक्त माओवादी विरोधी अभियान में गढ़चिरौली जिले में महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए, एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। यह मुठभेड़ महाराष्ट्र पुलिस की कुलीन सी-60 कमांडो इकाई द्वारा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के समन्वय में एक सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध ऑपरेशन के दौरान हुई। कवांडे क्षेत्र में हाल ही में स्थापित फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस (एफओबी) के पास नक्सली गतिविधि के बारे में विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर गुरुवार दोपहर को ऑपरेशन शुरू हुआ। सीआरपीएफ कर्मियों के साथ लगभग 300 कमांडो वाली एक दर्जन सी-60 इकाइयों ने कवांडे और नेलगुंडा क्षेत्रों से आक्रमण शुरू किया। भारी वर्षा सहित चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद बल इंद्रावती नदी के तट की ओर बढ़े। शुक्रवार की सुबह उस समय गोलीबारी शुरू हो गई जब सुरक्षाकर्मी तलाशी ले रहे थे और नदी के किनारों पर घेराबंदी कर रहे थे। कथित तौर पर नक्सलियों ने बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी की।

### 50 घंटों तक चलती रही ताबड़तोड़ गोलियां, सुरक्षा बलों ने मार गिराए 27 खूंखार नक्सली...

### उपद्रवियों के सिर पर था 3.33 करोड़ का इनाम

एक दशक से अधिक समय में नक्सल विरोधी अभियानों में सबसे बड़ी वृद्धि के रूप में, भारतीय सुरक्षा बलों ने 2025 के पहले 150 दिनों में ही लगभग 300 माओवादी (नक्सली) हताहतों को दर्ज किया है - जो 2009 के बाद से सबसे महत्वपूर्ण वार्षिक संख्या है, और उग्रवाद के चरम के बाद से माओवादी उन्मूलन की सबसे तेज गति है। सुरक्षा बलों ने बुधवार को छत्तीसगढ़ में नारायणपुर-बीजापुर सीमा के पास जंगलों में 27 से अधिक नक्सलियों को मार गिराया। माना जा रहा है कि मारे गए लोगों में शीर्ष नक्सल कमांडर और सीपीआई (माओवादी) का वर्तमान महासचिव बसवराजू उर्फ नंबाला केशव राव भी शामिल है।

**27 नक्सली पर कुल 3.33 करोड़ रुपये का था इनाम**

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए सभी 27 नक्सलियों की पहचान राज्य में खूंखार नक्सलियों के रूप में की गई है, जिन पर कुल 3.33 करोड़ रुपये का इनाम था। वरिष्ठ अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़े अभियान में से एक में, सुरक्षाबलों ने बुधवार को बीजापुर-नारायणपुर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ के जंगल में मुठभेड़ के दौरान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू समेत 27 नक्सलियों को मार गिराया।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## तेजस्वी यादव ने की राजनीति छोड़कर एकजुटता की अपील

**बांका (आईएएनएस)**

बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को बांका जिले में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार पर सवाल उठाए। तेजस्वी यादव ने कहा कि मौजूदा समय में भारत पाकिस्तान को करारा जवाब दे रहा है। विपक्ष पूरी तरह से सरकार और देश के साथ खड़ा है। राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। सभी दलों को एकजुट होकर देशहित में काम करना चाहिए। हमारी सेना और अर्धसैनिक बल देश की रक्षा में दिन-रात लगे हैं। ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि हम उनके साथ मजबूती से खड़े रहें। प्रेस वार्ता के दौरान तेजस्वी यादव ने बौसी थाना क्षेत्र की हालिया दुखद घटना पर भी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वे उस युवक के परिजनों से मिलने आए हैं जिसकी मौत बारात ले जाने के दौरान बस के ऊपर से गुजरे हाई वोल्टेज तार की चपेट में आकर हो गई थी। उन्होंने सरकार से ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग करते हुए कहा कि सरकार को तत्काल बिजली के तारों की व्यवस्था और सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करना चाहिए।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**
g-mail I.D. - eemid041@gmail.com

पत्रांक :– 197 मेदिनीनगर, दिनांक– 21/05/2025

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0– निविदा सूचना सं0:– WRD/MID/MEDININAGAR/B.D./S.L.I.-02/2025-26, PR No:- 352961 (Minor Irrigation) 25-26 (D) Construction of Bakhari Solar Lift Irrigation Scheme में निर्गत सूचना में निम्न रूप से आंशिक संशोधन किया जाता है।

उक्त ई0– निविदा सूचना में निर्गत 10 HP Pumps (DC Surface water Pumps) के स्थान पर 10 HP Pumps (AC Surface Water Pumps) पढ़ा जाय।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल
मेदिनीनगर

PR 353348 Minor Irrigation (25-26)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**
g-mail I.D. - eemid041@gmail.com

पत्रांक:– 198 मेदिनीनगर, दिनांक– 21/05/2025

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0– निविदा सूचना सं0:– WRD/MID/MEDININAGAR/B.D./S.L.I.-03/2025-26 PR No:- 352958 Minor Irrigation (25-26)#D Construction of Chhatarpur Solar Lift Irrigation Scheme में निर्गत सूचना में निम्न रूप से आंशिक संशोधन किया जाता है।

उक्त ई0– निविदा सूचना में निर्गत **10 HP Pumps (DC Surface water Pumps)** के स्थान पर **10 HP Pumps (AC Surface Water Pumps)** पढ़ा जाय।

PR 353350 Minor Irrigation(25-26)#D

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा**
**(खनन शाखा)**
E-Mail : dmo-chatra@jharkhandmail.gov.in

**सूचना**

एतद् द्वारा चतरा जिला अन्तर्गत वैसे सभी सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (जिनका वार्षिक खपत 10,000MT तक हो) जो कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के नई कोयला वितरण नीति, 2007 के तहत झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड, डोरण्डा, राँची से कोयला प्राप्त करने के लिए आवेदन आमंत्रित किया जाता है।
सभी आवेदक अपने आवेदन के साथ निम्नांकित दस्तावेज संलग्न करते हुए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

1. Copy of PAN
2. GSTIN Certificate
3. Income Tax return of preceding Assessment Year
4. Bankers Certificate with attested photo and signature of the applicant
5. CTO from State Pollution Board (JSPCB)
6. Capacity Assessment Certificate issued by MSME, Kokar/ Dhanbad.
7. Electricity Bill of last three months/ Deisel Bill, if operated by Generater Set.
8. Enterpreneurs Memorandum (Udyog/ Udyam Aadhar)
9. Audited Financial Statement of last 3 (three) Financial Years (in case of old entities)
10. Any of the Government Identity Proof of Proprietor/ Partner (as applicable) (Aadhar/ Passport/Voter ID etc.)
11. Food & Drug Administration Permit (FSSAI License) for food product / edible Oil and similar industries.
12. Copy of Board Resolution / Letter of authorization for Authorised Signatory , in case of company / partnership firm including LLP.
13. Notarized copy of Partnership Deed/ Article of Association (as applicable)
14. EPFO registration details (as applicable)
15. Self Declaration of not having coal linkage from any coal companies.
16. Stock Statement issued by a Chartered Accountant.

उपायुक्त,
चतरा

PR 353354 Mines and Geology(25-26).D

झारखण्ड सरकार
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एंव कौशल विकास विभाग**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नगरऊँटारी, गढ़वा**

Skill India

**शैक्षणिक सत्र-2025–2026–2027 में नामांकन से सबंधित सूचना**

निदेशालय, नियोजन एंव प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एंव कौशल विकास विभाग, रांची के पत्रांक–701, दिनाकं– 21/05/2025 के अनुपालन में सूचित किया जाता है कि SCVT से मान्यता प्राप्त व्यवसायों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नगरऊँटारी, गढ़वा के शैक्षणिक सत्र–2025–2026–2027 में योग्य आवेदकों (महिला सहित) से जो झारखण्ड़ राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी के श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाइन (https://iti.jharkhand.gov.in के Admission tab) में आवेदन –पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1. न्युनतम शैक्षणिक योग्यता– सभी व्यवसायों में नांमाकन के लिए आवेदक को दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। केवल वेल्डर व्यवसाय में (आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।)
2. आयु अहर्ता :– 01 जुलाई 2025 को न्युनतम आयु 14 वर्ष एंव अधिकतम 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। सैन्य कार्रवाई में मारे गये सैन्य कर्मियों के विधवाओं के मामले में अधिकतम 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
3. ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि :–

| क्र0. सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एंव आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20 मई 2025 |
| 02 | ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एंव आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 13 जून 2025, अपराह्न 5:00 बजे |
| 03 | औपबंधिक मेघा सूचियों (आठवीं एंव दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 16 जून 2025, अपराह्न 5:00 बजे |
| 04 | औपबंधिक राज्य मेघा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एंव अन्य प्रविष्टियों में त्रूटि में सुधार | 17 जून 2025, 19 जून 2025 |
| 05 | अंतिम मेधा सूची का प्रकाशन | 21 जून 2025 |

4. निदेशालय, नियोजन एंव प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एंव कौशल विकास विभाग, रांची के पत्रांक–701, दिनाकं– 21/05/2025 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन लेने वाले अभ्यथियों का वैध मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई0डी एंव आधार नम्बर आवश्यक है तथा उतीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं
5. नामांकन सबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download section के Notification Tab में देखा/Download किया जा सकता है।
6. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नगरऊँटारी, गढ़वा में संचालित व्यवसायों की विवरणी :–

| 02 वर्षीय व्यवसाय | सीटें | 01 वर्षीय व्यवसाय | सीटें |
|---|---|---|---|
| इलेक्ट्रीशियन | 40 | वेल्डर | 40 |
| फिट्टर | 40 | मेकेनिक ड़ीजल | 48 |

**HELP DESK IN ITI CAMPUS :-**
AJEET RAM, T.O. FITTER
INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
NAGARUNTARI, GARHWA, MOB- 6205271405

PR 353327 Labour Employment and Traning (25-26)_D

ह0/– मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
नगरऊँटारी, गढ़वा

# यूरोप में घुसकर एस जयशंकर ने बता दी पश्चिमी देशों की सच्चाई

## आप तो अब जागे हैं, हम 8 दशकों से झेल रहे

**नई दिल्ली । एजेंसी**

पहलगाम में बेगुनाह पर्यटकों को धर्म पूछकर मारने वाले दरिंदों को भारत ने जो जवाब दिया है। उसकी गूंज एलओसी के पार ही नहीं। यूरोप की सरजमीं तक सुनाई दे रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर इन दिनों यूरोप के दौरे पर हैं। नीदरलैंड की मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने साफ कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच जो सीजफायर हुआ वो भारत के दम पर हुआ। भारत की शर्तों पर हुआ और इसमें अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूरोप की आलोचना करते हुए कहा कि यूरोप पाकिस्तान में सैन्य शासन को लंबे समय से समर्थन दे रहा है, जबकि पाकिस्तान में सीमा पार से आक्रामकता और लोकतांत्रिक अस्थिरता का रिकॉर्ड रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि 1947 में आजादी के बाद से ही पाकिस्तान द्वारा कश्मीर में हमारी सीमाओं का उल्लंघन किया जा रहा है। उसके बाद के आठ दशकों में हमने क्या देखा है? वह विशाल, लोकतांत्रिक यूरोप, आपके अपने शब्दों में कहें तो, इस क्षेत्र में सैन्य तानाशाही के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है।

एस जयशंकर ने कहा कि हम लगातार 8 दशक से इस समस्या का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप जिस सच्चाई को देखकर अब जागे हैं, उसके बारे में हम बहुत दिनों से जानते हैं और उसका सामना कर रहे हैं। हमारे पास दो कठिन पड़ोसी हैं- चीन और पाकिस्तान। हमारे लिए पाकिस्तान की तरफ से आतंकवाद वाली परेशानी हमेशा रही है। इसलिए हमने इस कठिन दुनिया में चुनौती को पूरी मजबूती के साथ झेला है। जयशंकर ने पश्चिमी देशों, खास तौर पर यूरोपीय शक्तियों की पाकिस्तान के सैन्य शासकों के साथ ऐतिहासिक गठबंधन के लिए आलोचना करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। किसी ने भी सैन्य शासन का समर्थन नहीं किया है।



### पहलगाम हमले पर भारत की कड़ी प्रतिक्रिया
- निर्दोष पर्यटकों की हत्या पर भारत ने आतंकियों को सख्त जवाब दिया।
- जवाब की गूंज सिर्फ एलओसी तक नहीं, यूरोप तक पहुंची।

### सीजफायर भारत की शर्तों पर हुआ जयशंकर
- भारत-पाकिस्तान के बीच हुआ युद्धविराम भारत की पहल और शर्तों पर आधारित था।
- एस जयशंकर ने कहा: इसमें अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी।

### यूरोप पर जयशंकर का तीखा प्रहार
- यूरोप पर पाकिस्तान के सैन्य शासन को समर्थन देने का आरोप।
- यूरोप लोकतंत्र की बात करता है लेकिन सैन्य तानाशाही के साथ खड़ा रहा।

### भारत की विदेश नीति अब 'सहना नहीं, जवाब देना'
- दो टूक कहा: आतंकवाद पर भारत की नीति अब बिल्कुल स्पष्ट है।
- अब भारत चुप नहीं बैठेगा, जवाब देगा।

### पश्चिमी ने पाक में लोकतंत्र को कमजोर किया
- पश्चिमी देशों ने पाकिस्तान में सैन्य शासन को लंबे समय तक समर्थन दिया।
- इससे वहां लोकतंत्र कमजोर हुआ और आतंकवाद को बल मिला।

### पाक को मासूम दिखाने का नाटक अब बंद हो : भारत
- विदेश मंत्री ने दुनिया से अपील की कि इस्लामाबाद की 'शांति' वाली छवि को सच मानना बंद करें।
- भारत ने वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान की सच्चाई उजागर की।

# पाकिस्तान के खिलाफ खत्म नहीं हुआ है ऑपरेशन

- दोबारा एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' में शामिल करने की भारत कर सकता है मांग

**एजेंसी । इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के खिलाफ भारत का ऑपरेशन अभी खत्म नहीं हुआ है। भारत अब एक और बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार भारत पाकिस्तान को दोबारा एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' में शामिल करने की मांग कर सकता है। भारत की तरफ से ग्लोबल बॉडी की अगली मीटिंग के दौरान पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में डलवाने के लिए फाइनेंशियल एक्शन टॉस्क फोर्स के संपर्क में है। यह कदम उस स्थिति में उठाया जा रहा है जहां भारत को संदेह है कि पाकिस्तान आतंकी फंडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग पर प्रभावी कार्रवाई करने में विफल रहा है। एफएटीएफ कई देशों पर मनी लांड्रिंग और टेरर फंडिंग पर नजर रख उसे लिए नियम बनाता है। आतंकवादी वित्तपोषण जैसे खतरों से निपटना और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली की अखंडता के लिये अन्य कानूनी, विनियामक और परिचालन उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन को बढ़ावा देना है। एफएटीएफ ग्रे और ब्लैक लिस्ट जारी करता है। ग्रे लिस्ट में उन देशों को रखा जाता है जो मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फंडिंग के मामलों की तरफ बढ़ रहा हो।

# ब्रिटेन के जेलों में बढ़ती भीड़ को रोकने के लिए अपराधियों की हो रही है रासायनिक नसबंदी

- यह पहले से जर्मनी, डेनमार्क व पोलैंड में इस्तेमाल हो रहा है
- मानवाधिकार संगठनों व विपक्ष ने जताया विरोध



सांकेतिक तस्वीर

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन सरकार यौन अपराधियों को केमिकल बंध्याकरण (केमिकल कास्ट्रेशन) करने जा रही है। इसका उद्देश्य जेलों में भीड़ कम करना है। इसके तहत यौन अपराधियों को ऐसी दवा दी जाएगी, जिससे उनकी यौन इच्छा लगभग ख़त्म हो जाएगी। इससे इस तरह के हजारों अपराधियों को उनकी सजा का सिर्फ एक तिहाई हिस्सा जेल में काटने के बाद रिहा किया जा सकता है। ब्रिटेन की न्याय मंत्री शबाना महमूद ने गुरुवार को गंभीर यौन अपराधियों के लिए अनिवार्य केमिकल कास्ट्रेशन (रासायनिक बंध्यता) लागू करने पर कहा, यह कदम जेलों में बढ़ती भीड़ को कम करने और यौन अपराधों पर नियंत्रण पाने के लिए कारगर साबित होगा। सरकार पहले से ही कुछ क्षेत्रों में पायलट प्रोजेक्ट चला रही है, और अब इसे दो क्षेत्रों के 20 जेल में लागू करने की तैयारी है। यह योजना एक स्वतंत्र सजा समीक्षा रिपोर्ट की सिफारिशों पर आधारित है, जिसमें 48 सुझाव दिए गए हैं। इस रिपोर्ट का नेतृत्व पूर्व न्याय मंत्री डेविड गॉक ने किया है।ब्रिटेन की जेलें लगभग पूरी तरह भर चुकी हैं - करीब 90,000 कैदी इन जेलों में हैं। अपराध दर घटी है, लेकिन सख्त सजाओं और लंबी जेल अवधि के कारण जेलों पर दबाव बढ़ा है। शबाना महमूद ने कहा कि अगर समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो न्याय प्रणाली चरमरा सकती है। इससे न केवल अपराधियों को सजा मिलने में देरी होगी, बल्कि पुलिस भी गिरफ्तारी से पीछे हट सकती है। शबाना महमूद ने कहा कि यह तरीका तब ही कारगर होता है जब इसके साथ-साथ मनोवैज्ञानिक इलाज भी दिया जाए, जिससे अपराध के पीछे की मानसिकता- जैसे किसी पर हक जताना- को भी बदला जा सके। एक स्वतंत्र समीक्षा में पाया गया कि यह तरीका कुछ मामलों में 60% तक अपराध दोहराने की संभावना को घटा सकता है।

हालांकि यह हर तरह के यौन अपराधियों पर लागू नहीं होता, खासकर उन पर जिनका मकसद यौन संतुष्टि नहीं बल्कि नियंत्रण और शक्ति का प्रदर्शन होता है।यह एक चिकित्सकीय प्रक्रिया है, जिसमें कुछ दवाओं के जरिए यौन इच्छा और विचारों को दबाया जाता है। यह पहले से जर्मनी, डेनमार्क और पोलैंड जैसे देशों में इस्तेमाल हो रहा है। कंजरवेटिव पार्टी के प्रवक्ता रॉबर्ट जेनरिक ने कहा कि छोटे अपराधों पर जेल की सजा खत्म करना चोरी, हमला और सेंधमारी जैसे अपराधों को 'गैर-आपराधिक' बना देगा। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक टैगिंग (कैदियों की निगरानी के लिए पहनाई जाने वाली डिवाइस) की तुलना 'आग बुझाने वाले अलार्म' से की - जो आग नहीं बुझा सकते। इसके जवाब में शबाना महमूद ने कहा कि वह पूर्व सरकार की 14 साल की लापरवाही की सफाई कर रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ब्रिटेन में विक्टोरियन युग के बाद अब तक की सबसे बड़ी जेल विस्तार योजना शुरू की गई है। यह योजना जहां एक ओर अपराधियों को सुधारने की दिशा में एक प्रयास है, वहीं कई मानवाधिकार संगठनों व निगरानी संस्थाओं ने इसकी नैतिकता व प्रभावशीलता पर सवाल उठाए हैं।

### चीन में भूकंप का झटका मची अफरा-तफरी

**नई दिल्ली ।** चीन के तिब्बत इलाके में शुक्रवार सुबह जोरदार भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां तिब्बत में सुबह-सुबह 9 बजकर 27 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.2 मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने इस बारे में जानकारी दी है। भूकंप का केंद्र चीन और नेपाल की सीमा के पास था। इससे पहले भी हाल ही में चीन के तिब्बत इलाके में कई बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। बता दें कि इससे पहले चीन के दक्षिण-पश्चिमी इलाके में भारी भूस्खलन की सूचना मिली है।

### ब्रिटेन में यौन अपराधियों को बनाया जाएगा 'नपुंसक'

**लंदन ।** ब्रिटेन की सरकार ने यौन अपराधियों के लिए एक नया कदम उठाया है जिसमें उनकी यौन इच्छाओं को दबाने के लिए दवाइयों का इस्तेमाल किया जाएगा। इसे 'केमिकल कास्ट्रेशन' कहा जा रहा है यानी कि केमिकल के इस्तेमाल से ऐसे अपराधियों को 'नपुंसक' बना दिया जाएगा। हैरान करने वाली बात यह है कि ये कदम जेलों में जगह की कमी की समस्या से निपटने के लिए उठाया गया है और माना जा रहा है कि इससे अपराध की दर में भी कमी आएगी। न्याय मंत्री शबाना महमूद ने गुरुवार को संसद में बताया कि इस योजना को 20 जेलों में 2 क्षेत्रों में शुरू किया जाएगा।

# कोई गलती से सिंदूर खा ले तो हो सकती है मौत

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमला जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई , उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर हुआ , तो सिंदूर की तरह -तरह से चर्चा होने लगी है। हिन्दू धर्म में शादीशुदा महिलाएं अपने मांग में सिंदूर लगाती हैं। इसलिए सिंदूर की भारत में बहुत मांग रहती है। अन्य ऐसे देश जहां हिंदू महिलाओं की संख्या ज्यादा होती है, वहां भी इसकी मांग रहती है। लेकिन इस सिंदूर में कई ख़तरनाक केमिकल मिले होते हैं।यदि कोई इसे गलती से खा ले, तो उसकी मौत हो सकती है। भारत दुनिया के कई देशों से सिंदूर का आयात भी करता है, जिसमें चीन प्रमुख है। सिंदूर में मरक्यूरिक सल्फाइड, लेड ऑक्साइड, सिंथेटिक डाई आदि जैसे ख़तरनाक केमिकल मिले होते हैं। यदि कोई सिंदूर की थोड़ी मात्रा भी खा ले, तो उसकी मौत हो सकती है। इसके लगातार इस्तेमाल से त्वचा पर दाग आदि हो सकते हैं।सिंदूर में मिलाये जाने वाले केमिकल निम्न हैं-

**मरक्यूरिक सल्फाइड-** सिंदूर में मिलाया जाने वाला यह प्रमुख केमिकल है। इसे सिनाबार भी कहते हैं। यह चमकीले लाल रंग का होता है। इसमें मरकरी या पारा मिला होता है। यदि यह शरीर में चला जाए तो इससे फेफड़े, गुर्दे आदि को नुकसान हो सकता है। वहीं यह तंत्रिका तंत्र को भी नुकसान पहुंचा सकता है। इसके लिए इसके सेवन ने खून की कमी भी हो सकती है।

लेड ऑक्साइड- यह पीले या लाल-भूरे रंग का होता है। इसका ज्यादातर इस्तेमाल बैटरी, सिरेमिक व पेंट बनाने में होता है। सस्ते व नकली सिंदूर में इसका इस्तेमाल बहुत होता है। इसमें लेड यानी सीसा मिला होता है जो काफी जहरीला होता है। अगर कोई शख्स इसे खा ले तो यह मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र को नुकसान पहुंचा सकता है। यही नहीं, इससे गुर्दे भी खराब हो सकते हैं।



- सिंदूर में मरक्यूरिक सल्फाइड, लेड ऑक्साइड, सिंथेटिक डाई आदि खतरनाक केमिकल मिले होते हैं
- सिंदूर का पौधा भी होता है, जिस पर लगने वाले फूल - फल से सिंदूर तैयार किया जाता है
- अब हर्बल सिंदूर भी मिलने लगे हैं

### सिंदूर का जिक्र 8000-7000 ईसा पूर्व से मिलता है

**सिंथेटिक डाई से लेकर सिंथेटिक पिगमेंट-** सिंदूर में कई अन्य केमिकल मिले होते हैं। इनमें सिंथेटिक डाई से लेकर सिंथेटिक पिगमेंट तक शामिल होते हैं। इनका इस्तेमाल सिंदूर के रंग व टेक्सचर को बेहतर बनाने में होता है। इनके इस्तेमाल से एलर्जी व खुजली जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**हर्बल सिंदूर -** इन दिनों बाजार में हर्बल सिंदूर भी मिलने लगे हैं। इन्हें बनाने के लिए सिंदूर के खास पौधे व कुछ घरेलू चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। सिंदूर का पौधा भी होता है। भारत में काफी लोग इसकी खेती करते हैं। इस पौधे पर लगने वाले फूल और फल से सिंदूर तैयार किया जाता है।

वैसे तो सिंदूर का इतिहास पुराना है और इसका जिक्र 8000-7000 ईसा पूर्व से मिलता है। प्राचीन समय में इसका इस्तेमाल रोम व दूसरे देशों में कला और सजावट में किया जाता था। मध्य युग में इसका इस्तेमाल पांडुलिपियों में, पेंटिंग में और चीन की कला में किया जाने लगा। एक खास लाल रंग देने के लिए सिंदूर का इस्तेमाल किया जाता था। 5000-4000 ईसा पूर्व में चीन में इसका इस्तेमाल बर्तनों को रंगने, कमरों की दीवारों व फर्श का लाल रंग में रंगने आदि में किया जाता था। अमेरिका समेत दूसरे देशों में भी इसका पुराना जिक्र मिलता है। कुछ लोग कहते हैं कि महाभारत में भी सिंदूर की चर्चा है।

### ट्रंप ने एपल को फिर दी सीधी धमकी

# अगर यूएस में नहीं बनाया आईफोन तो लगाएंगे 25% टैरिफ

- इस खबर के आते ही प्रीमार्केट ट्रेडिंग में आईफोन निर्माता के शेयर 3% गिर गए

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत में एप्पल आईफोन बनाने को लेकर एप्पल पर निशाना साधा। ट्रंप ने कहा कि यदि देश में बेचे जाने वाले फोन अमेरिकी सीमा में नहीं बने हैं, तो एप्पल को 25% टैरिफ का भुगतान करना होगा।इस खबर के आते ही प्रीमार्केट ट्रेडिंग में आईफ़ोन निर्माता के शेयर लगभग 3% गिर गए।ट्रंप ने अपने ट्रूथ सोशल पर पोस्ट कर कहा, 'मैंने बहुत पहले ही एप्पल के टिम कुक को जानकारी दे दी थी कि संयुक्त राज्य अमेरिका में बेचे जाने वाले आईफ़ोन की मैन्युफैक्चरिंग और बिल्ट यूएस में ही होना चाहिए, ना कि भारत या कहीं और।'चीन पर ट्रंप के टैरिफ के बीच एप्पल भारत को एक वैकल्पिक मैन्युफैक्चरिंग बेस के रूप में पेश कर रहा है, जिसने सप्लाई-चेन संबंधी चिंताओं और आईफोन की ऊंची कीमतों की आशंकाओं को बढ़ा दिया है, जैसा कि रॉयटर्स ने पिछले महीने रिपोर्ट किया था।

# खून का बदला खून से लेंगे! इजरायली अफसरों की हत्या पर नेतन्याहू के तेवर सख्त

**नई दिल्ली । एजेंसी**



इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को अमेरिका में दो इजरायली राजनयिकों की निर्मम हत्या की निंदा की और इजरायल के साथ खड़े होने के लिए डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद दिया। वीडियो संदेश के माध्यम से दिए गए अपने भाषण में उन्होंने कहा कि जिस आतंकवादी ने उन्हें बेरहमी से गोली मारी, उसने ऐसा केवल एक कारण से किया - वह यहूदियों को मारना चाहता था। उन्होंने तथ्यों और आंकड़ों के साथ गाजा में खाद्य सहायता न पहुंचने के दावों को खारिज किया। एक महत्वपूर्ण घोषणा में इजरायली पीएम ने कहा कि जहां तक बंधकों का सवाल है, हम उन्हें सुरक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। मैं और अधिक लोगों को बाहर निकालने के लिए एक अस्थायी युद्धविराम के लिए तैयार हूं, लेकिन हम मांग करते हैं, और आपको भी मांग करनी चाहिए, कि हमारे सभी बंधकों को तुरंत रिहा किया जाए। और इसलिए हर सभ्य देश को यह मांग करनी चाहिए। अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी जो कि दुनिया की सबसे सुरक्षित जगह मानी जाती है।


# आलिया भट्ट ने कान्स में डेब्यू की पुष्टि की इंस्टाग्राम स्टोरी के साथ अटकलों को खत्म किया

कान्स फिल्म महोत्सव 2025



कहानी फिल्म जगत की

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट को शुक्रवार की सुबह तड़के मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर देखा गया, क्योंकि वह चल रहे कान फिल्म महोत्सव 2025 में अपने बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए रवाना हुई थीं। 'हाईवे' अभिनेत्री ने एक आकस्मिक लेकिन आकर्षक पोशाक पहनी हुई थी जिसमें एक ओवरसाइज़्ड ब्लेज़र, नीली बैगी जींस और एक सफेद टैंक टॉप शामिल था, जब वह मीडिया उन्माद के बीच हवाई अड्डे में प्रवेश कर रही थी। आलिया खूबसूरत लग रही थीं क्योंकि उन्होंने अपने लुक को काले धूप के चश्मे के साथ पूरा किया। जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दें कि आलिया भट्ट कान्स फिल्म फेस्टिवल में ब्रांड एंबेसडर के रूप में लोरियल पेरिस का प्रतिनिधित्व करेंगी। मुंबई एयरपोर्ट से उनकी कई तस्वीरें और वीडियो ऑनलाइन सामने आए। सोशल मीडिया यूजर्स ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और कमेंट सेक्शन में आलिया भट्ट के कान्स डेब्यू को लेकर अपनी उत्सुकता व्यक्त की। एक यूजर ने लिखा, "जिस रानी का हम इंतजार कर रहे थे, वह यहां हैं। इससे पहले आज आलिया ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की और फ्रांस में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में जाने की अटकलों पर विराम लगा दिया। इंस्टाग्राम स्टोरी में उन्होंने अपने गुच्ची ट्रैवल बैग की तस्वीर अपलोड की। जिसमें जरूरी सामान भरा हुआ था। जिसमें एक सेल्फ-हेल्प बुक (एटॉमिक हैबिट्स) और मेकअप प्रोडक्ट्स से भरा एक बैग शामिल था, जिस पर 'आई एम वर्थ इट' लिखा हुआ था। उन्होंने लिखा, "हम चलते हैं.. वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार वासन बाला के निर्देशन में बनी फिल्म 'जिगरा' में आकांक्षा रंजन कपूर और वेदांग रैना के साथ देखा गया था।

### दिल्ली में बोलीं कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की

# परिसीमन का आधार जनसंख्या हुआ तो घट जाएंगी आदिवासी सीटें

**नवीन मेल संवाददाता**






**रांची।** जाति जनगणना के बाद कांग्रेस की अगली रणनीति निजी क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में ओबीसी युवाओं को आरक्षण दिलवाना है। अब कांग्रेस इस लड़ाई को जनता तक कैसे ले जाएगी, यह जानने के लिए दिल्ली में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रदेश मीडिया प्रभारियों और प्रदेश मीडिया विभाग के अध्यक्षों की कार्यशाला आयोजित की गई। आज आयोजित इस कार्यशाला में जाति जनगणना के कारण देश के आदिवासी समाज पर पड़ने वाले प्रभाव, चुनौतियों और समाधान पर भी चर्चा की गई, जिसमें राज्य की कृषि एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने भी भाग लिया।

अपने संबोधन के दौरान शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अगर 5वीं अनुसूची वाले राज्यों में जनसंख्या को परिसीमन का आधार बनाया जाता है, तो अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या कम हो जाएगी। कृषि मंत्री ने कहा कि झारखंड में समय के साथ दूसरे राज्यों से आकर बसने वाले लोगों की आबादी बढ़ी है, जबकि आदिवासी समाज की आबादी या तो घटी है या स्थिर है। ऐसे में अगर पांचवीं अनुसूची वाले इस राज्य में जनसंख्या को परिसीमन का आधार बनाया जाता है, तो आरक्षित सीटों की संख्या कम हो जाएगी। अगर ऐसा हुआ तो आदिवासी समाज की सुरक्षा और संरक्षण की भावना धूमिल हो जाएगी।

भारत के आदिवासी समाज पर जाति जनगणना के प्रभाव, चुनौतियों और समाधान पर बोलते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि कांग्रेस को बड़ी भूमिका निभानी होगी। कांग्रेस जाति जनगणना के तहत सामाजिक न्याय के संदेश और उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ना चाहती है, जबकि केंद्र में बैठी भाजपा और आरएसएस इसे जटिल बनाने में लगी है। आदिवासी समाज में प्राचीन काल से ही जाति व्यवस्था के लिए कोई स्थान नहीं है, जबकि भाजपा इसे जबरन थोपना चाहती है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनगणना प्रक्रिया में आदिवासी समुदाय को उनकी मूल और एकीकृत पहचान के साथ दर्ज किया जाना चाहिए, न कि उप-वर्गों में विभाजित किया जाना चाहिए। देश भर में आदिवासी समाज समानता और एकता की मिसाल है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि आदिवासी समुदाय न केवल सांस्कृतिक रूप से, बल्कि दिल और आत्मा से भी एकजुट है, चाहे वह झारखंड हो, मणिपुर हो, ओडिशा हो या छत्तीसगढ़। जब देश के किसी भी कोने में किसी आदिवासी पर हमला होता है, तो यह सिर्फ एक राज्य नहीं बल्कि देश के पूरे आदिवासी समाज का दर्द बन जाता है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने एक बार फिर सरना धर्मावलंबियों के लिए जनगणना कॉलम में सरना/आदिवासी धर्म कोड का अलग कॉलम रखने की मांग दोहराई।



## राज्यपाल ने भगवान बुद्ध को किया नमन

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नागपुर में भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने वहां भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दीक्षाभूमि परिसर का अवलोकन किया। राज्यपाल ने इस ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण करते हुए कहा कि इस पावन भूमि में बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने बौद्ध धम्म की दीक्षा लेकर सामाजिक न्याय, समानता और मानवीय गरिमा के मूल्यों को नया जीवन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब द्वारा रचित भारतीय संविधान देश के प्रत्येक नागरिक के अधिकारों की रक्षा करता है।

## हत्या मामले में हिंदपीढ़ी निवासी कुर्बान को आजीवन कारावास

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की अदालत ने शुक्रवार को हत्या से जुड़े पांच साल पुराने मामले में दोषी करार अभियुक्त कुर्बान उर्फ टेनिया को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अदालत ने उक्त आरोप में 21 मई को दोषी ठहराया था। हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के नेजाम नगर निवासी कुर्बान ने 21 जनवरी 2020 को किसी विवाद को लेकर सुभान पर चाकू से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई थी। घटना को लेकर मृतक के बड़े भाई ने हिंदपीढ़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से ठोस गवाही दर्ज कराई है। इसके आधार पर अदालत ने अभियुक्त दोषी पाकर सजा सुनाई है।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले मेजर जनरल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मेजर जनरल अरुण राजेश मोगे (विशिष्ट सेवा मेडल) ईस्टर्न कमांड हेडक्वार्टर- सह- डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता कमिटी के वाइस चेयरमैन एवं मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर (विशिष्ट सेवा मेडल) जीओसी -23 इन्फैंट्री डिवीजन ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को जमशेदपुर में जुलाई माह में आयोजित होने वाले डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

## अमेरिकी बिहार-झारखंड एसोसिएशन का स्वर्ण जयंती समारोह न्यू जर्सी में

- **न्यू जर्सी पहुंचे सुदेश महतो, बिजाना के समारोह में होंगे विशिष्ट अतिथि**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो अमेरिका के न्यू जर्सी में बिहार-झारखंड एसोसिएशन ऑफ नार्थ अमेरिका (बिजाना) के स्वर्ण जयंती समारोह एवं ग्लोबल कॉनक्लेव 2025 में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रवासी भारतीयों की संस्था 'बिजाना' का दो दिवसीय स्वर्ण जयंती समारोह कल से आरंभ हो रहा है, जिसमें बिहार-झारखंड की संस्कृति की खुशबू बिखरेगी। समारोह में भारत और विश्व भर से नामी-गिरामी हस्तियां भाग ले रही हैं। श्री महतो समारोह में शामिल होने के लिए अमेरिका पहुंच चुके हैं। समारोह में श्री महतो के अलावा विश्व बैंक के ग्लोबल निदेशक सरोज झा, प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर, सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार, आज तक की वरीय संपादक श्वेता सिंह, भोजपुरी फिल्म स्टार अक्षरा सिंह, संगीत निर्देशक विशाख ज्योति, प्रिंसटन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर नीरज झा के अलावा कई प्रसिद्ध हस्तियां उपस्थित रहेंगी। समारोह में अमेरिका के अलावा यूरोप के भी बिहार-झारखंड के प्रवासी भारतीय पहुंच रहे हैं। बिजाना के अध्यक्ष संजीव सिंह झारखंड के ही निवासी हैं। उन्होंने कहा है कि बिजाना द्वारा प्रत्येक वर्ष समारोह आयोजित किया जाता है, लेकिन संस्था के गठन का पचासवां साल होने के कारण होने वाला स्वर्ण जयंती समारोह एक यादगार अनुभव बनने जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिजाना की स्थापना 1975 में की गई थी और यह बिहार एवं झारखंड की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने, युवा नेतृत्व एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## आयुष्मान योजना के एक-एक पाई का भुगतान होगा : डॉ इरफान

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा है कि आयुष्मान भारत : मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-सीएमजय) के तहत निजी अस्पतालों द्वारा किए गए उपचार के तहत लंबित भुगतान को रोकना सरकार की मंशा नहीं है। अस्पतालों को एक-एक पाई का भुगतान किया जाएगा। अस्पतालों का भुगतान ईडी के कारण रुका हुआ है। अस्पतालों के द्वारा किए उपचार के बाद तैयार की गयी दावा राशि की संचिका ईडी के पास है। ऐसे में सरकार उनका कैसे भुगतान कर सकती है। लेकिन जो संचिका ईडी के पास नहीं है। साथ ही जो मामले ईडी की जांच से बाहर है, स्वास्थ्य विभाग द्वारा उसकी जांच कर भुगतान किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार का उद्देश्य मरीजों को उपचार सुनिश्चित कराना है। वह अस्पतालों का भुगतान नहीं रोकेंगे। कोई भी समस्या हो तो मुलाकात करे संगठन स्वास्थ्य मंत्री ने आईएमए, एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाईडर्स (इंडिया) के प्रतिनिधियों से कहा है कि उन्हें कोई भी परेशानी हो तो वह उनसे (मंत्री) मिलें। उसका समाधान किया जाएगा। फिलहाल भुगतान की जो समस्या है, उसके लिए थोड़ा समय दें, उसका भी समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मरीजों का उपचार बाधित नहीं किया जाना चाहिए। अस्पताल इलाज करते रहें, उनका भुगतान किया जाएगा। निजी अस्पतालों का 140 करोड़ बकाया आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत निजी अस्पतालों द्वारा किए गए उपचार के लगभग 140 करोड़ की राशि बकाया है। एसोसिएशन ऑफ हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया झारखंड चैप्टर के पूर्व प्रेसिडेंट योगेश गंभीर ने कहा कि कई निजी अस्पतालों को अलग-अलग कारण बताकर लगभग एक साल से भुगतान नहीं किया गया। जबकि, फरवरी 2025 से आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज करने वाले किसी भी अस्पताल का बकाया भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में कम पूंजी वाले करीब 150-200 निजी अस्पतालों ने 'आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना' के तहत मरीजों का इलाज करना बंद कर दिया है, जिससे मरीजों को परेशानी हो रही है।

## सदानों के लिए जिला मुख्यालय पर बने छात्रावास, सीएम पहल करें : राजेंद्र

- **बाबा साहब के नाम पर लाईब्रेरी स्वागत योग्य कदम**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों के लिए भी हर जिला मुख्यालय पर छात्रावास निर्माण सरकार कराए। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि शिक्षा में भेद-भाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़ा दिल दिखाना चाहिए और इसका पहल करना चाहिए। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में मूलवासी सदानों ने अपनी शहादत और हर कुर्बानी दी है। लेकिन राज्य बनने के बाद झारखंड में कानूनी दांव पेंच से मूलवासी सदानों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार हर समुदाय के विकास के लिए अपने स्तर से निर्णय लेकर काम कर सकती है। लेकिन भेद-भाव की नीति ने राज्य को बर्बादी की ओर ले जा रही है। श्री प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों में इतनी गरीबी है कि आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण शहर में आकर पढ़ाई कर पाने अक्षम है। राज्य में हर व्यक्ति को शिक्षा मिले इसपर सरकार को काम करना चाहिए। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड के सभी जिले में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के नाम पर लाइब्रेरी बनाने की सरकार ने इच्छा जाहिर की है इसका स्वागत किया है।

## दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाने वाली पत्नी ने किया समझौता, पति बरी

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी अर्चना कुमारी की अदालत ने दहेज प्रताड़ना से जुड़े एक मामले में आरोपी विक्रांत तिवारी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। सुनवाई के दौरान आरोपी की पत्नी ने कहा कि हमलोगों में आपसी समझौता हो गया। साथ ही सूचक ने यह भी बयान दिया कि वह केस नहीं लड़ना चाहती है। इसके आधार पर अदालत ने उक्त फैसला सुनाया। आरोपी पर शादी के एक साल बाद ही एक्सयूवी वाहन खरीदने के लिए 20 लाख रुपए की नकद राशि की मांग की। साथ ही दहेज की मांग के लिए पति द्वारा क्रूरता की गई। इस घटना को लेकर नवविवाहिता ने 2 जून 2023 को सुखदेव नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## लोक अदालत में 755 वादों का निष्पादन




**रांची।** डालसा के तत्वावधान में शुक्रवार को सिविल कोर्ट में आयोजित मासिक लोक अदालत में 755 वादों का निष्पादन किया गया। मौके पर 26.58 लाख रुपए से अधिक की राशि का सेटलमेंट हुआ। मामलों के निष्पादन को लेकर 8 बेंच का गठन किया गया था। मामलों को निष्पादन को लेकर पूर्व में ही वादकारियों को नोटिस भेजा जा रहा था, ताकि अधिक से अधिक लंबित वादों का निस्तारण हो सके।

## निर्वाचन आयोग मतदान केंद्रों पर मोबाइल डिपॉजिट सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी में

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में विगत में हुए झारखंड सहित अन्य राज्यों के चुनावों से जुड़े विभिन्न स्टेक होल्डर्स के साथ भारत निर्वाचन आयोग का लगातार एक्सपेरिएंस शेयर हेतु कार्यक्रम किए जा रहे है। इसी के क्रम में अन्य राज्यों के पदाधिकारियों के साथ झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार एवं संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार भी नई दिल्ली में आयोजित चुनाव आयोग की बैठक में भाग लिया। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने और मतदान दिवस की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से विभिन्न पहलों के अनुरूप, चुनाव आयोग ने मतदान केन्द्रों के ठीक बाहर मतदाताओं के लिए मोबाइल डिपॉज़िट सुविधा प्रदान करने और प्रचार के मानदंडों को युक्तिसंगत बनाने के लिए दो और व्यापक निर्देश जारी किए हैं। ये निर्देश लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और निर्वाचन संचालन नियम, 1961 के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुरूप हैं। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मोबाइल फोन के बढ़ते कवरेज और उपयोग तथा मतदान के दिन न केवल आम मतदाताओं, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं द्वारा मोबाइल फोन के प्रबंधन में आने वाली चुनौतियों को देखते हुए, आयोग ने मतदान केंद्रों के ठीक बाहर मोबाइल जमा करने की सुविधा देने का निर्णय लिया है।

भारत निर्वाचन आयोग के इस नए निर्णय के अनुसार मतदान केन्द्र के 100 मीटर के अन्दर केवल मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति होगी, वह भी बंद अवस्था में। मतदान केन्द्र के प्रवेश द्वार के पास बहुत ही साधारण पिजनहोल बॉक्स या जूट के बैग उपलब्ध कराए जाएंगे, जहां मतदाताओं को अपने मोबाइल फोन जमा कराने होंगे। मतदाता को मतदान केन्द्र के अन्दर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। हालाँकि, रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रतिकूल स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर कुछ मतदान केंद्रों को इस प्रावधान से छूट दी जा सकती है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में भारत का चुनाव आयोग, चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ, कानूनी ढांचे के अनुसार सख्ती से चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पेज एक के शेष

### विभागीय समन्वय से मेले...

मेला समाप्ति तक मेला मार्ग में खाली पड़ी जमीन को लें, अगर वे इस पर सहमत होते हैं तो उस जमीन पर विश्रामगृह, शौचालय और स्नानघर की व्यवस्था करें, ताकि श्रद्धालुओं को अच्छी व्यवस्था मिल सके।उन्होंने यह भी कहा कि मेला समाप्ति के पश्चात उक्त भूमि को पूर्ण रूप से साफ करके उसके रैयत को वापस दें। उन्होंने कहा कि मेले में भीड़ को नियंत्रित करने के साथ-साथ यातायात प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ रखना भी बहुत जरूरी है। अधिकारियों को निर्देश देते हुए सीएम ने कहा कि मेला मार्ग पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएं तथा वाहनों की गति सीमा निर्धारित कर उसका कड़ाई से पालन कराया जाए।

उच्चस्तरीय बैठक में मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक सुरेश पासवान, विधायक देवेंद्र कुंवर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव मस्त राम मीणा, प्रधान सचिव वंदना दादेल, पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, सचिव मनोज कुमार के अलावा कई अन्य वरीय अधिकारी तथा बाबा बैद्यनाथ धाम-बासुकीनाथ तीर्थ क्षेत्र विकास प्राधिकार के सदस्य मौजूद थे।

### सीएम हेमंत सोरेन पहुंचे...

इसके अलावा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत राज्य में 2014 से लेकर 2024 तक 24,380 स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, 7748 लोगों को 10 लाख तक के ऋण उपलब्ध कराए गए हैं। जिसमें पीएम स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर को किफायती ऋण दिए गए हैं।

### रांची में ब्राउन शूगर बेचने...

दूसरी कार्रवाई कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में सुखदेवनगर थानाक्षेत्र के बिड़ला मैदान में हुई। यहां पुलिस ने रातू रोड निवासी विशाल मित्तल और हिन्दपीढ़ी निवासी आरिफ इकबाल को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास कुल 13 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद हुआ है। दोनों ने स्वीकार किया कि वे बिहार के सासाराम से ब्राउन शूगर खरीदकर लाते हैं और रांची में हिन्दपीढ़ी, हरमू मैदान, विद्यानगर, मधुकम क्षेत्र में घूम-घूमकर बेचते हैं।

### 12 साल के बच्चे की गला...

पहले था जमीन का विवाद : सिकुर बानसिंह ने बताया कि दोनों का घर आमने-सामने है। बहुत साल पहले आरोपी के साथ जमीन का विवाद चल रहा था। आरोपी रिश्ते में भतीजा लगता है। आरोपी अर्जुन बानसिंह की पत्नी उसकी पत्नी पर डायन होने का आरोप लगा रही थी।

**घर आकर नाच रही थी आरोपी की पत्नी :** सिकुर बानसिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह आरोपी की पत्नी ढोंग रचकर उसके घर आकर नाच रही थी। वह हाथ में हथियार पकड़ी हुई थी। जब ग्रामीणों ने उसे पकड़ना चाहा तो उन लोगों को भी मारने के लिए दौड़ा रही थी। हाथ में हथियार होने के कारण कोई ग्रामीण उसे पकड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा थे। करीब चार-पांच घंटे तक वह ड्रामा करती रही।

### प्रधानमंत्री मोदी आज...

इसमें जनसांख्यिकीय लाभांश, रोजगार सृजन, उद्यमिता को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य, शिक्षा, डिजिटल परिवर्तन और हरित विकास जैसे विषयों पर विशेष चर्चा होगी।यह बैठक इसलिए भी विशेष मानी जा रही है क्योंकि हाल ही में भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाकर 80 से अधिक आतंकियों को ढेर कर दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस कार्रवाई को "भारत के लिए गर्व का क्षण" बताया और भारतीय सेना की सटीक योजना व साहस की प्रशंसा की। उन्होंने मंत्रिमंडल की बैठक में कहा, "हमारी सेना ने कोई गलती नहीं की- यह हमारे लिए गौरव की बात है।

### विपक्ष शासित राज्यों की...

इस बैठक के ज़रिए प्रधानमंत्री मोदी की कोशिश यह संदेश देने की रहेगी कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, राजनीतिक इच्छाशक्ति और विकास के एजेंडे को एक साथ लेकर चलना ही नए भारत की पहचान है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देश को एकजुटता का अनुभव कराया है और अब 'विकसित भारत@2047' उसका दीर्घकालिक रोडमैप बन रहा है।

# सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं को पंगु बनाकर रखा है : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**



### सरकार संविधान से नहीं 'मुखेर कानून' से चल रही

श्री मरांडी कहा कि हाइकोर्ट के निर्देशों के बावजूद इन पदों को नहीं भरा का रहा है। इससे स्पष्ट है कि यह सरकार जानबूझकर संवैधानिक पदों पर नियुक्तियां नहीं करना चाहती है। ताकि किसी भी प्रकार के गलत काम के विरुद्ध किसी बड़ी मछली के खिलाफ स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच और दंडात्मक कार्रवाई नहीं हो। कहा कि राज्य सरकार संवैधानिक तरीके से बल्कि "मुखेर कानून" चलाना चाहती है।

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि राज्य की ऐसी सारी संवैधानिक संस्थाएं जो राज्य सरकार के काम काज, गड़बड़ियों, भ्रष्टाचार पर नजर रखती है, जनता की शिकायत पर सुनवाई और कार्रवाई करती है को राज्य सरकार ने पंगु बनाकर रखा है। उन्होंने कहा कि राज्य में लोकायुक्त, महिला आयोग, सूचना आयोग, उपभोक्ता फोरम जैसी महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थाओं में वर्षों से अध्यक्ष/ सदस्य के पद खाली हैं। कहीं अध्यक्ष हैं तो सदस्य नहीं,कही न अध्यक्ष हैं न सदस्य। संस्थान सिर्फ नाममात्र का रह गया है। उन्होंने कहा कि ये संवैधानिक संस्थाएं जनता को न्याय दिलाने में सहायक होती है। सरकार को पारदर्शी और जवाबदेह बनाती है। लेकिन आज इनका पंगु रहना लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नेता प्रतिपक्ष नहीं होने का बहाना बनाती थी जबकि सच्चाई है कि भाजपा ने समय पर नेता चुनकर दिया है। पिछले टर्म में दो बार नेता का चयन किया गया लेकिन परिणाम शून्य रहा। आज विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष है लेकिन हेमंत सरकार की नियत साफ नहीं। यह सरकार अपनी नाकामियों, विफलताओं ,भ्रष्टाचार को उजागर नहीं होने देना चाहती। लोग शिकायत करेंगे तो मामला संवैधानिक जांच के घेरे में आएगा,सूचनाएं मांगे जाने पर उपलब्ध कराने की बाध्यता होगी। राज्य सरकार इससे बचना चाहती है। कहा कि सूचना आयुक्त का पद खाली है,महिला आयोग में 2020 से ही अध्यक्ष और सदस्य का पद खाली है, जिसमें 5000 से अधिक मामले लंबित हैं,महिलाओं को न्याय नहीं मिल रहा। यहां कर्मचारियों को वेतन तक नहीं मिल रहा। एक सफाई कर्मी की मौत भी हो चुकी है। उपभोक्ता फोरम में दर्जन भर जिले अध्यक्ष और सदस्य विहीन हैं। उन्हों ने कहा कि लोकायुक्त के नहीं रहने से न तो कोई शिकायत दर्ज हो रही,न कोई भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई हो रही। जबकि लोकायुक्त जैसी स्वतंत्र संस्था राज्य में काम करेगी तो मंत्री,विधायक बड़े पदाधिकारी, यहां तक कि एसीबी के विरुद्ध भी गलत और पक्षपातपूर्ण कारवाई और जांच की शिकायत की जा सकेगी। जो आज नहीं हो पा रहा। श्री मरांडी ने मांग किया कि अविलंब सूचना आयुक्त ,महिला आयोग ,लोकायुक्त जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थाओं के अध्यक्ष,सदस्यों की नियुक्ति की जाए।

## पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस की डिस्चार्ज याचिका पर सुनवाई 16 जून को

**रांची।** ओबीसी आरक्षण सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के मामले में नामजद पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर शुक्रवार को एमपी/एमएलए कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया गया है। मामले में जवाब दाखिल करने के बाद आगे की सुनवाई होगी। इसके लिए अदालत ने 16 जून की तारीख निर्धारित की है। रामचंद्र सहिस ने मामले में अपने-आप को निर्दोष बताते हुए 13 मई को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। वहीं, इसी मामले में आरोपी सुदेश महतो और सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की डिस्चार्ज याचिका अदालत खारिज कर चुकी है। मामला आरोप गठन पर चल रहा है। घटना को लेकर ओरमांझी के तत्कालीन सीओ विजय केरकेट्टा ने लालपुर थाना में 8 सितंबर 2021 को कांड संख्या 201/2021 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री आवास घेराव को लेकर आजसू कार्यकर्ता मोरहाबादी मैदान में एकत्रित हुए।

## भारत के श्रीनाथ, मेनन डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए पांच मैच अधिकारियों में शामिल

**दुबई (आईएएनएस)**






अनुभवी भारतीय मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ और एलीट अंपायर नितिन मेनन को आईसीसी ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए घोषित पांच मैच अधिकारियों में शामिल किया है, जो 11-15 जून को लॉर्ड्स में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और पहली बार फाइनल में पहुंचने वाली दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज श्रीनाथ मैच रेफरी होंगे, जबकि मेनन को 2025 डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए चौथा अंपायर नामित किया गया है।

यह पहली बार होगा जब मेनन डब्ल्यूटीसी फाइनल में मैच अधिकारी होंगे, इससे पहले वे दुबई में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच 2021 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल के लिए टीवी अंपायर के रूप में काम कर चुके हैं। न्यूजीलैंड के क्रिस गैफनी और इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ इस बहुप्रतीक्षित खिताबी मुकाबले में मैदानी अंपायर की भूमिका निभाएंगे। इलिंगवर्थ 2021 और 2023 डब्ल्यूटीसी फाइनल में अंपायरिंग टीम का भी हिस्सा थे। 2024 में चौथी बार डेविड शेफर्ड ट्रॉफी जीतने के बाद वह आईसीसी अंपायर ऑफ द ईयर सम्मान के वर्तमान धारक भी हैं।

## रोहित और विराट के संन्यास ने किया हैरान आरसीबी या पंजाब जीते किंग्स आईपीएल 2025

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज दिलीप वेंगसरकर ने कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास का अनुमान उन्हें इंग्लैंड दौरे से पहले नहीं था। दिलीप वेंगसरकर ने कहा कि, "रोहित शर्मा और विराट कोहली बेहतरीन क्रिकेटर रहे हैं। भारतीय क्रिकेट में उनका योगदान बहुत बड़ा रहा है। मैं उनके टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की खबर से हैरान था। इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज होनी है। मुझे लग रहा था कि इस सीरीज के बाद दोनों टेस्ट फॉर्मेट से संन्यास ले सकते हैं। लेकिन उसके ठीक पहले अब ये उनका फैसला है। वेंगसरकर ने कहा, "मुझे नहीं लगता कि वे दोनों अब फिर से टेस्ट क्रिकेट में वापसी करेंगे लेकिन अगर वे इंग्लैंड दौरे पर जाते तो अच्छा लगता। पूर्व

### नए खिलाड़ियों के लिए है एक सुनहरा मौका

उनके संन्यास के बाद नए लोगों को मौका मिलेगा। देखना होगा कि उनकी जगह कौन लेता है। नए खिलाड़ी टीम में जगह बनाने के लिए अच्छा प्रदर्शन करेंगे। रोहित और विराट के विकल्प के सवाल पर पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ने कहा, "श्रेयस अय्यर बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं, वह जिस तरह से खेलते हैं उनकी तारीफ होनी चाहिए। दिलीप वेंगसरकर ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग 2025 पर भी बात की, जो अपने आखिरी चरण में पहुंच चुका है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के रूप में चार टीमें अंतिम प्लेऑफ में जगह बना चुकी हैं।

मुख्य चयनकर्ता ने कहा, "रोहित और विराट का संन्यास भारतीय टीम के लिए बड़ी क्षति है। दोनों अनुभवी खिलाड़ी थे।

### ईशान किशन की आतिशी पारी

# हैदराबाद ने बेंगलुरु को दिया 232 रनों का टारगेट

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025 के मैच नंबर-65 में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (SRH) का सामना सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) से है. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में है. इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने आरसीबी को जीत के लिए 232 रनों का टारगेट दिया है. हैदराबाद के लिए ईशान किशन ने नाबाद 94 रन बनाए.

### आरसीबी प्लेऑफ में हैदराबाद बाहर, 231 रन के बावजूद नहीं बचा साख

मौजूदा सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 12 मैच खेलकर आठ में जीत हासिल की है और वो 17 अंकों के साथ अंकतालिका में दूसरे नंबर पर है. आरसीबी प्लेऑफ के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुकी है. दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद ने इतने ही मुकाबले खेले हैं, लेकिन उसे सिर्फ 4 में जीत मिली. आठवें स्थान पर काबिज सनराइजर्स हैदराबाद प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है। सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट पर 231 रन बनाए. हैदराबाद की शुरुआत तूफानी रही. अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने मिलकर पहले विकेट के लिए 54 रनों की पार्टनरशिप की. अभिषेक शर्मा 34 रन बनाकर लुंगी एनगिडी की बॉल पर कैच आउट हुए. अभिषेक ने अपनी पारी में 3 चौके और इतने ही छक्के लगाए. वहीं हेड (17 रन) को भुवनेश्वर कुमार ने चलता किया. अभिषेक-हेड के आउट होने के बाद हेनरिक क्लासेन और ईशान किशन ने मिलकर पारी को आगे बढ़ाया।



**विकेट पतनः** 54-1 (अभिषेक शर्मा, 3.6 ओवर), 54-2 (ट्रेविस हेड, 4.2 ओवर), 102-3 (हेनरिक क्लासेन, 8.5 ओवर), 145-4 (अनिकेत वर्मा, 11.4 ओवर), 164-5 (नीतीश कुमार रेड्डी, 14.2 ओवर), 188-6 (अभिनव मनोहर, 16.6 ओवर)

### ईशान किशन ने धमाकेदार 94 रन की पारी खेली

हेनरिक क्लासेन और ईशान किशन के बीच तीसरे विकेट के लिए 48 रनों की पार्टनरशिप हुई. स्पिनर सुयश शर्मा ने क्लासेन को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा. क्लासेन ने दो छक्के और इतने ही चौके की मदद से 12 बॉल पर 24 बनाए. अनिकेत वर्मा और ईशान के बीच चौथे विकेट के लिए 43 रनों की पार्टनरशिप हुई. अनिकेत को क्रुणाल पंड्या ने चलता किया. अनिकेत ने तीन छक्के और एक चौके की मदद से महज 9 गेंदों पर 26 रन बनाए। अनिकेत वर्मा के आउट होने के कुछ देर बाद ईशान किशन ने 28 बॉल पर अपनी फिफ्टी पूरी की. हालांकि नीतीश कुमार रेड्डी ने बल्ले से निराश किया और चार रन बनाकर रोमारियो शेफर्ड का शिकार बने. फिर शेफर्ड ने अभिनव मनोहर को 12 रनों के निजी स्कोर पर चलता कर दिया. यहां से ईशान किशन और पैट कमिंस (13*) ने सातवें विकेट के लिए नाबाद 43 रनों की पार्टनरशिप करके टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया. ईशान किशन ने 48 गेंदों पर 94* रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद जब भी आमने-सामने आई हैं, तब बेहद ही रोमांचक मुकाबला देखने को मिला है. दोनों के बीच अब तक आईपीएल में कुल 25 मैच खेले गए, जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद ने 13 मुकाबले अपने नाम किए. जबकि 11 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत मिली. एक मैच बेनतीजा भी रहा।

## फिटनेस सुधारी तो टीम इंडिया में जगह तय: बिहार कोच



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स का सफर एक भूलने वाला अभियान था, लेकिन उन्होंने युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के रूप में भविष्य के सितारे को खोज निकाला। अपने आकर्षक स्ट्रोक-प्ले और आक्रामक छक्के लगाने की क्षमता के साथ, इस किशोर ने आईपीएल 2025 की सात पारियों में 252 रन बनाए। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों में धमाकेदार शतक और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ एक परिपक्व अर्धशतक के साथ, 14 वर्षीय सूर्यवंशी की अगली बड़ी चुनौती जून-जुलाई में इंग्लैंड के अपने मल्टी-फॉर्मेट दौरे पर भारत अंडर 19 के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा। बिहार अंडर-19 और पुरुष सीनियर टीमों में सूर्यवंशी को कोचिंग देने वाले अशोक कुमार का मानना है कि सूर्यवंशी को दो साल में सीनियर पुरुष टी-20 टीम में शामिल किया जा सकता है, बशर्ते वह अपनी फिटनेस और फील्डिंग पर काम करे। "बचपन से ही टीम को अकेले दम पर जिताने का जज्बा गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों में शतक लगाने के दौरान भी देखने को मिला। राहुल द्रविड़ सर और विक्रम राठौर सर के साथ, इसने उसकी बल्लेबाजी को और निखारा है। उसने सफेद गेंद से जो अभ्यास किया, उससे वह तीन महीने में ही बेहतर होने लगा। उसने परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझना सीख लिया है।

## भारतीय सर्फिंग महासंघ ने इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के छठे संस्करण की घोषणा की

**मंगलुरु (आईएएनएस)**



भारतीय सर्फिंग महासंघ (एसएफआई) ने इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग (आईओएस) के छठे संस्करण की घोषणा की है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता, जो नेशनल सर्फिंग चैंपियनशिप सीरीज का दूसरा चरण है, 30 मई से 1 जून 2025 तक कर्नाटक के मंगलुरु स्थित ससिहिथ्लु बीच की खूबसूरत पृष्ठभूमि में आयोजित की जाएगी। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता की मेजबानी मंत्रा सर्फ क्लब करेगा और इसका आयोजन सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा। इंटरनेशनल सर्फिंग एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त इस प्रतियोगिता में भारत के शीर्ष सर्फर चार श्रेणियों में भाग लेंगेः पुरुष ओपन, महिला ओपन, ग्रोम्स (अंडर-16) लड़के और ग्रोम्स (अंडर-16) लडकियां। आईओएस से पहले अप्रैल में आयोजित इंटरनेशनल सर्फिंग फेस्टिवल केरल वरकला 2025 इस सीरीज का पहला चरण था।

## एंजेलो मैथ्यूज बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट से लेंगे संन्यास

**कोलंबो (आईएएनएस)।** श्रीलंका के आलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है लेकिन वह सीमित ओवर क्रिकेट के लिए उपलब्ध रहेंगे। मैथ्यूज ने 2009 में टेस्ट करियर की शुरुआत की थी और 119 टेस्ट मैच खेलने के बाद वह संन्यास लेंगे। एंजेलो मैथ्यूज जून में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर यह घोषणा करते हुए कहा कि वह सीमित ओवरों की क्रिकेट के लिए "जब और जैसे मेरे देश को जरूरत होगी" उपलब्ध रहेंगे। हालांकि, मैथ्यूज को लगभग एक साल से किसी भी सीमित ओवर मैच के लिए श्रीलंका टीम में शामिल नहीं किया गया है।

## हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 का पहला टूर्नामेंट 18 जून से चेन्नई में शुरू होगा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को पहली बार आयोजित होने वाले हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 (पुरुष और महिला) के लिए स्थान और तिथियों की घोषणा की। इस टूर्नामेंट का पहला संस्करण 18 से 27 जून तक चेन्नई में तमिलनाडु की हॉकी इकाई द्वारा आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन भारतीय हॉकी में एक नया अध्याय शुरू करेगा, जो अनुभवी खिलाड़ियों के लिए एक समर्पित मंच प्रदान करेगा। पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में प्रतियोगिताओं के साथ, हॉकी इंडिया मास्टर्स कप दीर्घायु, जुनून और खेल के प्रति स्थायी प्रेम का उत्सव बनने के लिए तैयार है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## शेयर बाजार हरे निशान में बंद सेंसेक्स 769 अंक उछला




**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 769.09 अंक या 0.95 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,721.08 और निफ्टी 243.45 अंक या 0.99 प्रतिशत बढ़कर 24,853.15 पर बंद हुआ। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 362.90 अंक या 0.64 प्रतिशत की तेजी के साथ 56,687.75 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 140.25 अंक या 0.80 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,643.35 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी, और इन्फ्रा इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। बाजार में तेजी की वजह मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था को माना जा रहा है, जिसके कारण निवेशकों का सेंटीमेंट सकारात्मक बना हुआ है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज, रिसर्च हेड, विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका और भारत में ट्रेड को लेकर बातचीत और मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था से निवेशकों का रुझान सकारात्मक है। सेंसेक्स पैक में इटरनल (जोमैटो), पावर ग्रिड, आईटीसी, नेस्ले, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, अदाणी पोर्ट्स, कोटक महिंद्रा, एलएंडटी, एचयूएच, बजाज फाइनेंस, टाइटन, एशियन पेंट्स और भारती एयरटेल गेनर्स थे। बीएसई बेंचमार्क में सनफार्मा ही लाल निशान में बंद हुआ। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक, रूपक दे ने कहा कि निफ्टी 21 दिनों के ईएमए से सपोर्ट लेने के बाद फिर से ऊपर निकल गया है और 24,700 से लेकर 25,000 के कंसोलिडेशन के जोन में है।

## पूर्वोत्तर के आर्थिक विकास के लिए अदाणी ग्रुप एक लाख करोड़ रुपए निवेश करेगा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



पूर्वोत्तर राज्यों के तेज आर्थिक विकास के लिए अगले एक दशक में अदाणी समूह असम और अन्य पूर्वोत्तर इलाकों में एक लाख करोड़ रुपए निवेश करेगा। यह ऐलान चेयरमैन गौतम अदाणी ने शुक्रवार को किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में 'राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट' को संबोधित करते हुए अरबपति कारोबारी ने कहा कि उनका फोकस ग्रीन एनर्जी, स्मार्ट मीटर, हाइड्रो-पंप स्टोरेज, पावर ट्रांसमिशन, सड़क और राजमार्ग, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स और ह्यूमन कैपिटल डेवलपमेंट है। यह निवेश फरवरी में 'एडवांटेज असम 2.0' इन्वेस्टर्स समिट में अदाणी समूह द्वारा तीन महीने पहले घोषित 50,000 करोड़ रुपए के निवेश से दोगुना है। गौतम अदाणी ने पीएम मोदी के लिए कहा, "आपके नेतृत्व से अभिभूत और प्रेरित होकर, मैं घोषणा करता हूं कि अदाणी समूह अगले 10 वर्षों में पूर्वोत्तर में अतिरिक्त 50,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगा। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर राज्यों में बड़ा बदलाव आया है। 2014 के बाद यहां 6.2 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ है और रोड नेटवर्क दोगुना होकर 16,000 किलोमीटर तक पहुंच गया है। वहीं, ऑपरेशनल एयरपोर्ट की संख्या 9 से बढ़कर 18 हो गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की 'एक्ट ईस्ट, एक्ट फास्ट, एक्ट फर्स्ट' नीति को इस रीजन के विकास के लिए टर्निंग प्वाइंट बताया।

### करण अदाणी बोले– पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी

अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें ऑलिव रिडली के संरक्षण प्रयासों का समर्थन करने पर गर्व है। ऑलिव रिडली एक प्रकार का समुद्री कछुआ है, जो दुनिया भर के उष्णकटिबंधीय और उपोष्ण कटिबंधीय जल (ट्रॉपिकल और सब-ट्रॉपिकल वॉटर) में पाया जाता है। यह कछुआ अपने विशिष्ट ऑलिव-हरे रंग की वजह से जाना जाता है। यह सात जीवित समुद्री कछुओं की प्रजातियों में से एक है, जिसे इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) रेड लिस्ट ने 'संवेदनशील या संकटग्रस्त' के रूप में वर्गीकृत किया है। उनके विशिष्ट ब्रीडिंग पैटर्न और मानवीय गतिविधियों से बढ़ते खतरे ने इस प्रजाति को संवेदनशील बना दिया है।

## भारतीय आकाश में बढ़ी हलचल 16.54 करोड़ यात्रियों ने भरी उड़ान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



वित्त वर्ष 2025 में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या का आंकड़ा 16.54 करोड़ तक पहुंच गया, जो कि सालाना आधार पर 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है। यह आंकड़ा कोविड-पूर्व स्तर (वित्त वर्ष 2020) के लगभग 14.15 करोड़ से 16.8 प्रतिशत अधिक है। रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में भारतीय वाहकों के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 3.38 करोड़ रही, जो कि सालाना आधार पर 14.1 प्रतिशत की वृद्धि है और कोविड-पूर्व स्तर के 2.27 करोड़ से 49 प्रतिशत अधिक है। घरेलू यात्रियों की संख्या अकेले अप्रैल 2025 में 1.45 करोड़ होने का अनुमान था, जो अप्रैल 2024 की तुलना में 10.2 प्रतिशत अधिक था। एयरलाइंस ने भी अप्रैल 2025 में अपनी कैपेसिटी डिप्लॉयमेंट में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 6.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

घरेलू विमानन उद्योग ने वित्त वर्ष 2025 में 86 प्रतिशत का बेहतर पैसेंजर लोड फैक्टर (पीएलएफ) दर्ज किया, जो एयरलाइनों में मजबूत मांग और कुशल संचालन को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2025 के दौरान 23 फरवरी को एक दिन में हवाई सफर करने वाले सबसे ज्यादा घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या दर्ज की गई। इस दिन देश भर में 5,35,343 यात्रियों ने उड़ान भरी, जो कि प्रयागराज में महाकुंभ कार्यक्रम से जुड़ी यात्रा थी। आईसीआरए ने भारतीय विमानन उद्योग के लिए 'स्थिर' दृष्टिकोण बनाए रखा है।

## एशिया-प्रशांत क्षेत्र के वित्तीय केंद्रों की तुलना में भारत के टेक हब 5-10 प्रतिशत कम फिट-आउट लागत वाले

**मुंबई (आईएएनएस)।** भारत के टेक हब एशिया-प्रशांत क्षेत्र के वित्तीय केंद्रों की तुलना में 5-10 प्रतिशत कम फिट-आउट लागत प्रदान करते हैं, जिसमें फिट-आउट लागत बेंगलुरु में राष्ट्रीय औसत से 5 प्रतिशत और हैदराबाद में राष्ट्रीय औसत से 8 प्रतिशत कम है। चेन्नई प्रमुख भारतीय शहरों में सबसे किफायती विकल्प के रूप में उभरा है, जिसकी लागत राष्ट्रीय औसत से लगभग 10 प्रतिशत कम है। जेएलएल की रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई ऑफिस फिट-आउट के लिए भारत का सबसे महंगा शहर है, जिसकी लागत राष्ट्रीय औसत से 7 प्रतिशत अधिक है, जो भारत के प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों में से एक के रूप में इसकी स्थिति को दर्शाता है। दिल्ली औसत से 4 प्रतिशत अधिक के साथ दूसरे स्थान पर है। जबकि, कोलकाता और पुणे नेशनल बेसलाइन की तुलना में मामूली रूप से अधिक लागत दर्ज करते हैं। रिपोर्ट में भारतीय शहरों को एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक लागत-प्रतिस्पर्धी

## केएफसी फूड चेन चलाने वाली देवयानी इंटरनेशनल का चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर 14.74 करोड़ रुपए हुआ

**मुंबई (आईएएनएस)** । केएफसी, पिज्जा हट और कोस्टा कॉफी जैसे लोकप्रिय क्विक सर्विस रेस्टोरेंट (क्यूएसआर) ब्रांड्स की संचालक देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड ने शुक्रवार को चौथी तिमाही के नतीजे घोषित किए। जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी को 14.74 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि में हुए 7.47 करोड़ रुपए से करीब दोगुना है। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, कंपनी की परिचालन से आय चौथी तिमाही में 1,212.59 करोड़ रुपए रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के आंकड़े 1,047.08 करोड़ रुपए से 15.81 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, पिछली तिमाही की तुलना में कुल आय में 6.32 प्रतिशत की गिरावट आई है। दिसंबर तिमाही में कंपनी की आय 1,294.4 करोड़ रुपए थी। देवयानी के कुल खर्च में भी तिमाही आधार पर 3.62 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है, जो चौथी तिमाही में 1,247.91 करोड़ रुपए पर रहा, जबकि तीसरी तिमाही में यह 1,294.8 करोड़ रुपए था।